4 रायपुर संभाग
भाजपा ने कुरूद नगर के 1100 से अधिक प्रधानमंत्री आवास के...

6 अभिमत
भारतीय जनमन का महापर्व

09 शिक्षा और स्वास्थ्य
दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में उपमुख्यमंत्री का ऐतिहासिक पहल

10 छत्तीसगढ़
सरकार मना चुकी अमृत काल फिर भी अंदरूनी क्षेत्रों में ....

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 15 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-145 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट जारी घना कोहरा ठिठुरन जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सुबह ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। घने कोहरा, शीतलहर और ठिठुरन से सभी राजधानीवासी परेशान हैं। सुबह दृश्यता कम होने के कारण उड़ानें और ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा एक और पश्चिमी विक्षोभ 15 या 16 जनवरी से सक्रिय होगा। जिसके कारण से उत्तर भारत और मध्य भारत में बारिश हो सकती है। वहीं, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में पाला भी पड़ सकता है। राजधानी में अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम नौ डिग्री सेल्सियस तक रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली में घने कोहरे और ठंडी हवाओं के चलते ट्रेन संचालन भी प्रभावित हुआ है, कई ट्रेनें देरी से चली। दिल्ली हवाई अड्डे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कम दृश्यता का उड़ान संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी संबंधित एयरलाइन से अद्यतन उड़ान जानकारी प्राप्त करें। घने कोहरे के कारण उत्तरी रेलवे के दिल्ली डिवीजन में कई ट्रेनों पर असर पड़ा है।

### आतिशी ने कालकाजी विधानसभा से नामांकन दाखिल किया



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की नेता एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। आतिशी ने नामांकन दाखिल करने के लिए सोमवार को लंबा रोड शो निकाला था, लेकिन देर होने की वजह से पर्चा नहीं भर पाई। उन्होंने कल रोड शो से पहले कालकाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की और गिरी नगर गुरुद्वारा में मत्था टेका था। उसके बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ करीब डेढ़ किमी का रोड शो किया था। गौरतलब है कि कालकाजी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी और कांग्रेस ने पार्टी की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा को मैदान में उतारा है।

### शेयर बाजार की गिरावट पर लगा ब्रेक




**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों और राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से पहले विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, पावर, कमोडिटीज, ऑटो, धातु और दूरसंचार समेत 17 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में पिछले लगातार चार दिन से जारी गिरावट पर ब्रेक लग गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 169.62 अंक की तेजी के साथ 76,499.63 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 90.10 अंक चढ़कर 23,176.05 अंक हो गया।

# महाकुंभ: मकर संक्रांति पर एक करोड़ 38 लाख ने किया अमृत स्नान



पायनियर संवाददाता ➤ महाकुंभनगर
www.dailypioneer.com

दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम में महाकुभ के मकर संक्रांति अमृत स्नान पर संगम के तट पर मानों आस्था का सैलाब उमड पड़ा है। 1.38 करोड़ श्रद्धालुओं ने कडाके की ठंड और शीतलहर के बीच आस्था की डुबकी लगाई। हाड कंपा देने वाली इंड में उजाले की पहली किरण निकलने से पहले ही करोडो श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 12 किलोमीटर लंबे घाट क्षेत्र में हर हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष के स्वर सुनाई पड़ते रहे। पूरा स्नान घाट कोहरे के चादर में छिपा था। मकर संक्रांति के अवसर पर आधी रात से श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगानी शुरू कर दिया था। महाकुभ के पहले अमृत स्नान शाही स्नान में आस्था का प्रचंड वेग दिखा। साधुओं के दर्शन के साथ पवित्र डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त किया। पवित्र स्नान का यह दृश्य भारतीय संस्कृति और परंपरा की गहराई को दर्शाता नजर आ रहा था। ब्रह्म मुहूर्त में ही श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा, श्यामल यमुना और अन्तः सलिला स्वरूप में प्रवाहित सरस्वती के त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर परिजनों के सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। मेले में कल्पवास करने और संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संगम की विस्तीर्ण रेती पर बसाया गया तंबुओं का अस्थाई शहर इन दिनों गहमागहमी से भर गया है। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से प्रभावित कई विदेशी श्रद्धालुओं ने भी इस दौरान 'पुण्य लाभ' के लिए संगम स्नान करते दिखायी दिये।

## सीएम साय के नेतृत्व में बढ़ते छत्तीसगढ़ को देखने के लिए महाकुम्भ में श्रद्धालुओं में उत्साह

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और यहां का गौरवशाली इतिहास हर किसी को प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और मोदी की गारंटी के साथ तेजी से आगे बढ़ रहे छत्तीसगढ़ को जानने के लिए देश में हर कोई बेताब रहता है। इसकी बड़ी झलक प्रयागराज महाकुम्भ के दौरान छत्तीसगढ़ पैवेलियन में देखने को मिल रही है। प्रयागराज के सेक्टर 6 महाकुम्भ में लक्ष्मीद्वार के पास भारत सरकार के कलाग्राम के सामने छत्तीसगढ़ पैवेलियन स्थित है। इसके प्रवेश द्वार को छत्तीसगढ़ की पहचान गौर मुकुट का रूप दिया गया है जो दूर से ही श्रद्धालुओं को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है। प्रवेश द्वार पर ही भारत के नियाग्रा कहे जाने वाले बस्तर



के चित्रकोट जलप्रपात की तस्वीर लगी है। पैवेलियन के भीतर प्रवेश करते ही छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित की गयी है और प्रवेश द्वार के दाहिनी तरफ राज्य की चार ईष्ट देवियां मां महामाया, मां चंद्रहासिनी, मां दंतेश्वरी और मां बम्लेश्वरी की फोटो और उनकी जानकारी दी गयी है। पैवेलियन के भीतर प्रवेश करते ही बांयी तरफ छत्तीसगढ़ के जीवंत ग्रामीण परिवेश को दिखाया गया है। यहां पर परंपरागत ग्रामीण जीवन के साथ ही आदिवासी कला, संस्कृति, आभूषण, वस्त्र समेत एक संपूर्ण गांव का चित्रण किया गया है। छत्तीसगढ़ के प्रदर्शनी में प्रवेश करने के पहले बस्तर के ढोकरा शिल्प और राजकीय पशु तथा पक्षी को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ शासन की फ्लैगशिप योजनाओं विशेषतर मोर आवास मोर अधिकार, 3100 रूपए प्रति क्विंटल धान खरीदी योजना की जानकारी दर्शायी गयी है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक विरासत के रूप में सिरपुर और जैतखाम की प्रतिकृति को निर्मित किया गया है। स्थानीय लोग और देश भर से आए श्रद्धालु छत्तीसगढ़ को ज्यादा से ज्यादा करीब से जान पाएं, इसके लिए वर्चुअल रियेलिटी हेडसेट और डोम के भीतर 180 डिग्री वीडियो के माध्यम से शासन की योजनाओं और छत्तीसगढ़ राज्य की जानकारी साझा की जा रही है। इन तकनीकों के जरिए छत्तीसगढ़ को जानने के लिए स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह है और लोग लंबी लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए नजर आ रहे हैं।

## हिन्द महासागर की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहे नौसेना : रक्षा सचिव

पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने हिन्द महासागर के भू-राजनीतिक परिदृश्य की बदलती चुनौतियों के समाधान के लिए उच्च स्तर की युद्ध तैयारी और परिचालन सतर्कता बनाए रखने की जरूरत पर बल दिया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सिंह ने तमिलनाडु के अरक्कोणम के पास स्थित नौसेना के प्रमुख एयर बेस आईएनएस राजाली का दौरा किया। उन्होंने बेस पर विभिन्न परिचालन सुविधाओं का निरीक्षण किया, जहां उन्हें व्यापक संचालन और उभरती सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने की इसकी क्षमता से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में आईएनएस राजाली के अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और समुद्री निगरानी और युद्ध की तत्परता में इसके रणनीतिक महत्व को प्रदर्शित किया गया।

## भाजपा ने आप के खिलाफ कार्रवाई को लेकर चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात की और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी पर धार्मिक उन्माद फैलाने, पूर्वांचल के गरीब तथा श्रमिक वर्ग के लोगों का वोट कटवाने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, नयी दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज, वरिष्ठ नेता ओम पाठक, संकेत गुप्ता और विक्रम मित्तल शामिल रहे।

## प्रोफेसर पर हमले के मुख्य आरोपी समेत तीन को भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



खूबचंद बघेल कॉलेज के प्रोफेसर विनोद शर्मा पर हमले की साजिश रचने वाले मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें प्रोबीर शर्मा और उसके सहयोगी धीरज वस्त्रकार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। फिलहाल, कोर्ट से आरोपियों को रिमांड नहीं मिली। तीनों आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेज दिया है। पुलिस आंध्र प्रदेश के काकीनाड़ा से दोनों आरोपियों के अलावा उन्हें पनाह देने वाले व्यक्ति टी. पवन कुमार को गिरफ्तार कर भिलाई लेकर पहुंची। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि प्रोफेसर के विनोद शर्मा पर जानलेवा हमला करने की साजिश करने वाले मुख्य आरोपी प्रोबिर शर्मा, शिवम मिश्रा और धीरज वस्त्रकार की पुलिस को लंबे समय से तलाश रही थी।

## भाजपा खुलेआम करती है आचार संहिता का उल्लंघन : आप

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता खुलेआम आचार संहिता का उल्लंघन करते हैं लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है जबकि मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ़ तुरंत प्राथमिकी दर्ज हो जाती है। केजरीवाल ने 'एक्स' पर कहा, इनके नेता खुलेआम पैसे बाँटते हैं, साड़ी, कंबल, सोने की चेन आदि बाँटते हैं, फ़र्ज़ी वोट बनवाते हैं, फिर भी एक प्राथमिकी तक दर्ज नहीं होती। लेकिन मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ़ तुरंत प्राथमिकी हो जाती है। उन्होंने कहा आम आदमी पार्टी पूरी व्यवस्था के खिलाफ़ लड़ रही है। इस सड़े गले सिस्टम को जनता के साथ मिलकर बदलना है, मिलकर साफ करना है। भाजपा और कांग्रेस दोनों उसी सड़े गले सिस्टम का हिस्सा हैं। आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा पुलिस इनकी, मनमानी इनकी, प्राथमिकी इनकी। इसलिए भाजपा के नेता द्वारा खुलेआम, कैश, कंबल, साड़ी बांटने पर, फर्जी वोट बनवाकर कानून की धज्जियां उड़ाने पर कोई प्राथमिकी नहीं, और मुख्यमंत्री के खिलाफ़ प्राथमिकी उन्होंने कहा हम भाजपा की ऐसी गीदड़ भभकियों से डरने वाले नहीं।

## डेटा एकत्र करते समय गरीबों और वंचितों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील रहे अधिकारी : मुर्मु

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) अधिकारियों से डेटा एकत्र करते समय आम लोगों खासकर गरीबों और वंचितों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील रहने का आग्रह किया है। वर्ष 2024 के आईएसएस के परिवीक्षार्थियों के एक समूह ने राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने परिवीक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सांख्यिकी उपकरण और मात्रात्मक तकनीक नीतिगत निर्णयों के लिए अनुभव के आधार पर प्रभावी प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारें स्वास्थ्य, शिक्षा, जनसंख्या आकार और रोजगार आदि क्षेत्र के आंकड़े एकत्र करने के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणालियों पर निर्भर हैं। ये आंकड़े नीति-निर्माण का आधार होते हैं। उन्होंने कहा कि सांख्यिकी विश्लेषण प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का एक उपकरण है। सांख्यिकी न केवल कुशल प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास का उपकरण भी है। मुर्मु ने कहा कि सरकार को नीतियां बनाने, उन्हें लागू करने और निगरानी करने के साथ-साथ नीति समीक्षा और प्रभाव का आकलन करने के लिए आंकड़ों की आवश्यकता होती है। नागरिकों को सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों के आकलन और उनके बारे में निष्पक्ष समझ बनाने के लिए डेटा की आवश्यकता होती है।

## चिटफंड पार्ट 2 : हजारों करोड़ की लूट सरकार मौन : डॉ. चरणदास महंत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका को गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा प्रदेश की हजारो गरीब महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगारो से करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी की राशि वापस करने एवं निवेश के नाम पर बैंको से दिलवाए गए ऋण को माफ करने के संबंध में पत्र लिखा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, भाजपा राज में यह चिटफंड पार्ट 2 है, भाजपा की पिछली सरकार में भी प्रदेश के आम गरीब जनों के करोड़ों रुपए चित फंड के नाम पर लूट गए थे जिसे कांग्रेस की सरकार ने कुछ हद तक गरीबो के रूपये लौटने का कार्य किया था। वर्ष 2023 में भाजपा की सरकार बनते ही फिर से चिटफंड कंपनियां सक्रिय हो गई है, गरीब, पढ़े लिखें युवा महिलाओ से मात्र 1 वर्ष में ही हजारों करोड़ों की धोखाधड़ी हो गयी है। लूटी गयी जनता परेशान है, भाजपा सरकार मौन है। नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ प्रदेश में गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगारों को निजी क्षेत्र के बैंको से लोन दिलाने और दिए गए ऋण की राशि को अपनी कम्पनियों में निवेश करवाने के नाम पर प्रदेश के कोरबा, जांजगीर, बालोद समेत छत्तीसगढ़ के 10-12 जिलो की लगभग 40 हजार महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगार युवकों से हजारों करोड़ रूपये से अधिक की ठगी कोरबा की फ्लोरामेक्स कम्पनी और बालोद की सप्तऋषि संस्थान सहित सैकड़ो गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा महिलाओं को भरोसा भी दिलाया गया था कि लोन की किश्त की राशि कम्पनी द्वारा भुगतान की जाएगी। ठगो द्वारा शुरूआती किश्त की राशि जमा की गई तथा ऋण धारक महिलाओं का सिविल स्कोर बेहतर दिखाकर सभी महिलाओं के नाम 11 निजी क्षेत्र के बैंकों से ज्यादा राशि का लोन लेकर कम्पनी मे इन्वेस्ट करवाया गया तथा कम्पनियों के कार्यालय बन्द कर कम्पनी संचालक फरार हो गए है। तथा बैंको से लिए गए ऋण जमा करने हेतु लोन धारक महिलाओं को लगातार नोटिस दिया जा रहा है।

## मोदी का अब भी इंतजार कर रहा है मणिपुर : खरगे

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि मणिपुर करीब डेढ़ साल से संकट में है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां जाकर लोगों सें नहीं मिले, हालांकि मणिपुर के लोग मोदी का इंतजार कर रहे हैं। खरगे ने मणिपुर से एक साल पहले आज ही के दिन शुरू हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि वहां के लोगों के जख्म पर मलहम लगाने की कोशिश करते हुए गांधी ने एक साल पहले मणिपुर से ही अपनी यात्रा की शुरुआत की थी, लेकिन वहां के लोग आज भी संकट में हैं और समाधान के लिए मोदी का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आज से ठीक एक साल पहले कांग्रेस ने मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरु की थी। कन्याकुमारी से कश्मीर तक हुई ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा का अनुसरण करते हुए भारत जोड़ो नया यात्रा की शुरुआत मणिपुर से हुई तथा 15 राज्यों से गुजरी थी और 6,600 किलोमीटर की दूरी को कवर किया था। इसका समापन 16 मार्च 2024 को मुंबई में हुआ।

## एक देश एक चुनाव हुआ तो एक पोस्टर, एक मंच, एक सभा और एक प्रचार से होगी बचत : शिवराज

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक देश एक चुनाव को देश की आर्थिक प्रगति और राजनीतिक स्थायित्व के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि ऐसा होने पर हर वर्ग का लाभ होगा तथा जन कल्याण एवं विकास के काम कई गुना अधिक हो सकेंगे। चौहान ने पांचजन्य के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम अष्टायाम में एक देश एक चुनाव विषय पर एक परिचर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव को लेकर विधेयक को लेकर मसौदा तैयार है और संयुक्त संसदीय समिति उस पर विचार कर रही है।

**भविष्य को रेखांकित करने वाला एक विज़न दस्तावेज़ जारी किया गया**

## मोदी ने 'मिशन मौसम' का शुभारंभ और मौसम विभाग विजन 2047 का दस्तावेज जारी किया

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर 'मिशन मौसम' का शुभारंभ और 'मौसम विभाग विजन-2047' दस्तावेज जारी किया। मोदी ने भारत मंडपम में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग के 150 वर्ष न केवल मौसम विभाग की यात्रा को, बल्कि भारत में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी की गौरवशाली यात्रा को भी दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि विभाग ने इन डेढ़ शताब्दियों में लाखों भारतीयों की सेवा की है और यह भारत की वैज्ञानिक प्रगति का प्रतीक बन गया है। विभाग की उपलब्धियों के बारे में एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में विभाग के भविष्य को रेखांकित करने वाला एक विज़न दस्तावेज़ जारी किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विभाग ने अपनी 150 साल की यात्रा के हिस्से के रूप में युवाओं को जोड़ने के लिए राष्ट्रीय मौसम विज्ञान ओलंपियाड का आयोजन किया था। उन्होंने कहा कि इसमें हजारों छात्रों ने भाग लिया, जिससे मौसम विज्ञान में उनकी रुचि और बढ़ेगी। मोदी ने कहा, आईएमडी की स्थापना 15 जनवरी 1875 को मकर संक्रांति के बहुत करीब की गई थी। हम सभी भारत की परंपरा में मकर संक्रांति के महत्व को जानते हैं। उन्होंने कहा कि किसी देश के वैज्ञानिक संस्थानों की प्रगति, विज्ञान के प्रति उसकी जागरूकता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक संस्थानों में शोध और नवाचार नए भारत के स्वभाव का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में विभाग के बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है, जिसमें डॉपलर मौसम रडार, स्वचालित मौसम केंद्र, रनवे मौसम निगरानी प्रणाली और जिलावार वर्षा निगरानी केंद्रों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिनमें से सभी को अपग्रेड किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत में मौसम विज्ञान को अंतरिक्ष और डिजिटल प्रौद्योगिकी से बहुत लाभ होता है। उन्होंने कहा कि भारत के पास अंटार्कटिका में मैत्री तथा भारती नामक दो मौसम संबंधी वेधशालाएं हैं और पिछले साल सुपरकंप्यूटर आर्क और अरुणिका पेश किए गए थे, जिससे विभाग की विश्वसनीयता बढ़ी है। उन्होंने 'मिशन मौसम' के शुभारम्भ की घोषणा की, जो टिकाऊ भविष्य और भावी तत्परता के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक है और जो यह सुनिश्चित करता है कि देश मौसम की सभी स्थिति के लिए तैयार है और जलवायु के संदर्भ में एक स्मार्ट राष्ट्र बन रहा है। उन्होंने बात पर जोर दिया कि विज्ञान की प्रासंगिकता न केवल नई ऊंचाइयों को छूने में है, बल्कि आम आदमी के जीवन को आसान बनाने में भी है। उन्होंने कहा कि विभाग ने सभी तक सटीक मौसम की जानकारी पहुंचाकर इस मानदंड को आगे बढ़ाया है।

## दिल्ली को पेरिस बनाने का केजरीवाल का दावा निकला खोखला : राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रिठाला क्षेत्र का दौरा किया और कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को पेरिस तथा लंदन बनाने का जो वादा किया था वह खोखला साबित हुआ है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पेज पर यह जानकारी देते हुए बताया नेता विपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के रिठाला क्षेत्र का दौरा किया। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को चमकाकर- पेरिस जैसा बनाने का वादा किया था, लेकिन उनके सारे दावे खोखले निकले। आज दिल्ली के लोग भरे हुए सीवर, बहती नालियां और बेहिसाब गंदगी में जीने को मजबूर हैं। गांधी ने कहा दिल्ली को केजरीवाल ने चमकाने का दावा किया था। पेरिस और लंदन बनाने की बात कही थी। इस दिल्ली को देखिए, समझिए और वोट की ताकत का इस्तेमाल कीजिए। कांग्रेस ने वादा करते हुए कहा दिल्ली वासियों को उनकी साफ-सुथरी और प्यारी दिल्ली लौटाएंगे। हमने किया था, फिर कर दिखाएंगे।

Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल
NABH
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब मात्र ₹ 100/-
के पंजीयन - शुल्क पर साल भर ओ.पी.डी
आयुष्मान कार्ड से ऑपरेशन एवं ICU में भर्ती
सारी जांच प्रचिलित दरो से आधी कीमत (50%) पर



नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन*
गर्भवती महिलाओं के लिए
नि:शुल्क डिलीवरी*
(नॉर्मल एवं सिजेरियन)
मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842
7389116903, 9926191294, 0771- 4241000/01/02

# शाह ने अहमदाबाद में उड़ाई पतंग मनाया मकर संक्रांति का पर्व



वार्ता ‹ अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को गुजरात के अहमदाबाद के मेमनगर इलाके में स्थित शांतिनिकेतन सोसाइटी में पतंग उड़ाकर आम लोगों के बीच मकर संक्रांति का पर्व मनाया और मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दी। शाह के आगमन पर सोसाइटी की महिलाओं और बच्चों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी उनके साथ मकर संक्रांति के इस हर्षोल्लासपूर्ण उत्सव में शामिल हुए तथा इस पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सोसाइटी के सदस्यों ने शांतिनिकेतन सोसायटी को सुंदर और रंग-बिरंगी पतंगों एवं रंगोली से सजाया था। इस मौके पर ढोल-नगाड़ों की थाप और सांस्कृतिक नृत्य के साथ महानुभावों का स्वागत-सत्कार किया गया। शाह और मुख्यमंत्री पटेल ने सोसाइटी के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों का अभिवादन स्वीकार किया। इसके साथ ही अमित शाह ने सोसाइटी की छत पर पतंग उड़ाने का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर अहमदाबाद की महापौर प्रतिभा जैन, उप महापौर जतिनभाई पटेल, मनपा स्थायी समिति के अध्यक्ष देवांगभाई दाणी, गुजरात प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बिपिनभाई पटेल, मनपा स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष हितेशभाई बारोट, शांतिनिकेतन सोसाइटी के चेयरमैन किरीटभाई पटेल, थलतेज वार्ड के पूर्व अध्यक्ष चंदूभाई पटेल, कई स्थानीय अग्रणी और पार्षदों सहित अहमदाबाद महानगर पालिका के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में एनसीसी साइकिल रैली 'भारत के वीरः एक शौर्य गाथा' को हरी झंडी दिखाई

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल एवं केन्द्रीय शासित क्षेत्र चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को चंडीगढ़ से 76वें गणतंत्र दिवस 2025 के लिये एनसीसी साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाई। एनसीसी निदेशालय पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ (पीएचएचपीएंडसी) द्वारा आयोजित इस रैली का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, साहस और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना है। राज्यपाल ने भाग लेने वाले कैडेटों से बातचीत की और उनकी भावना एवं प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने उन्हें अच्छे नागरिक बनने के लिये प्रेरित किया और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के महत्व पर जोर दिया। 'भारत के वीरः एक शौर्य गाथा' थीम पर आधारित यह रैली हुसैनी वाला से नयी दिल्ली तक कुल 700 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। रैली में एनसीसी कैडेटों सहित कुल 25 प्रतिभागी शामिल हैं। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक योद्धाओं, स्वतंत्रता सेनानियों और स्वतंत्रता के बाद की लड़ाइयों के वीरों को समर्पित है। भाग लेने वाले कैडेट राष्ट्रीय गौरव और एकता को उजागर करते हुये रास्ते में विभिन्न स्मारकों पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

# गुरु नानक देव विवि में नैतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिये सुरजीत पातर केंद्र स्थापित किया जायेगा : मान

एजेंसी ‹ अमृतसर
www.dailypioneer.com

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में नैतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के लिए अत्याधुनिक सुरजीत पातर केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। आज यहां प्रख्यात लेखक को श्रद्धांजलि देने के लिये आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केंद्र नवीनतम अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित होगा। उन्होंने इस नेक कार्य के लिये विश्वविद्यालय को पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने महान लेखक डॉ सुरजीत पातर की याद में एक पुरस्कार की स्थापना करने की भी घोषणा की, जो नवोदित लेखकों को प्रोत्साहित करने के लिये दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों में नियुक्तियां इन प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षा को बढ़ावा देने के एकमात्र उद्देश्य से की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि एकमात्र एजेंडा यह सुनिश्चित करना है कि इन प्रमुख संस्थानों में शिक्षा को बढ़ावा मिले, न कि गुटबाजी को। महान गुरुओं, संतों और शहीदों ने हमें अत्याचार, उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ लड़ना सिखाया है। डॉ. सुरजीत



पातर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती के इस महान सपूत का निधन पंजाबी साहित्य के लिए एक बहुत बड़ी और अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि डॉ. पातर पंजाबी साहित्य के महानतम लेखकों में से एक थे और दिवंगत लेखक के साथ उनका गहरा व्यक्तिगत संबंध था, जो उनकी बहुत सराहना करते थे। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाबी भाषा, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये डॉ. पातर के महान योगदान को याद किया, जिसे सभी द्वारा हमेशा स्वीकार किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. पातर सबसे प्रसिद्ध पंजाबी लेखकों में से एक थे, जिन्होंने हर पंजाबी के मन पर गहरा प्रभाव डाला था। उन्होंने कहा कि यह बहुत गर्व और संतुष्टि की बात है कि अगर अंग्रेजी भाषा में महान लेखक कीट्स थे तो पंजाबी भाषा में डॉ. पातर हैं। उन्होंने डॉ. पातर को एक 'महान लेखक' बताया, जिन्होंने अपनी कलम के माध्यम से समाज में सांप्रदायिक सद्भाव और भाईचारे के बंधन को मजबूत करने के लिये उत्कृष्ट योगदान दिया। दिवंगत लेखक की साहित्यिक सेवाओं को याद करते हुये मान ने कहा कि वह एक ऐसे प्रसिद्ध पंजाबी साहित्यकार थे, जो अपनी विपुल रचनाओं के माध्यम से उभरते लेखकों को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पंजाबी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिये ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वित्तीय संकट से बाहर निकालने के लिये पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला को 350 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि आवंटित की है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि शिक्षण स्टाफ युवाओं को शिक्षित करने और पंजाबी भाषा के प्रचार-प्रसार पर ध्यान केंद्रित कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर पंजाबी की मातृभाषा को बढ़ावा देने के लिये कर्तव्यबद्ध है और इसके लिये कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिये बहुत गर्व की बात है कि हम इस अद्भुत मातृभाषा के ध्वजवाहक हैं, जिसमें अनगिनत और समृद्ध साहित्य लिखा गया है। मान ने कहा कि पंजाब धन्य और पवित्र भूमि है, जहां सभी धर्मों, भाषाओं और समाज के सभी वर्गों के लोग शांति और सद्भावना के साथ रहते हैं।

# दिल्ली में भाजपा बनायेगी सरकार पूरे होंगे अधूरे काम : पुरी

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दावा किया है कि आगामी विधानसभा चुनावों के बाद दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और पार्टी सभी लंबित कार्यों को पूरा करेगी। पुरी ने राजौरी गार्डन में भाजपा उम्मीदवार मनजिंदर सिंह सिरसा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के दौरान यह दावा किया। पुरी ने कहा, एक समय दिल्ली में सिखों की जनसंख्या काफी थी, लेकिन अब वह आबादी कम हो गयी है। सिरसा राजौरी गार्डन से चुनाव लड़ रहे हैं और मुझे लगता है कि यह हमारे समुदाय के लिये अच्छा है... हम दिल्ली में सरकार बनायेंगे। केंद्र में



हमारी पहले से ही सरकार है। हम सभी लंबित कामों को पूरा करेंगे। पश्चिमी दिल्ली सीट से भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने इस मौके पर कहा, दिल्ली में विकास और प्रगति की नयी लहर लाने के लिये, आठ फरवरी को भाजपा का कमल जरूर खिलेगा। सिरसा ने कहा, आप सभी का स्नेह और सहयोग मेरी सबसे बड़ी ताक़त है। आइये, सुशासन और समृद्धि के इस अभियान में भाजपा का साथ दें। हम आपकी उम्मीदों पर खर्रा उतरने की कोशिश करेंगे।

## चंडीगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के चुनाव के लिये नामांकन बुधवार को

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चल रहे संगठनात्मक चुनावों के हिस्से के रूप में भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के पदों के लिये नामांकन प्रक्रिया बुधवार को आयोजित की जायेगी। भाजपा चंडीगढ़ के मुख्य प्रवक्ता डॉ धरिंदर तायल ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के विधायक और भाजपा के राष्ट्रीय सचिव डॉ नरिंदर सिंह रैना इन चुनावों के लिये चुनाव अधिकारी होंगे। डॉ. रैना पंजाब प्रदेश सह-प्रभारी की महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाते हैं, और एक सुचारू और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिये बहुमूल्य अनुभव लाते हैं। डॉ. तायल ने कहा, संगठन पर्व अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और पार्टी के भीतर लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने की भाजपा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# आनंद उत्सव में बिखरेंगी खुशियां, हर चेहरे पर होगी मुस्कान : यादव

पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मकर संक्रांति से 28 जनवरी तक प्रदेश के हर गांव और शहर में आनंद उत्सव मनाया जाएगा। डॉ. यादव ने सभी ओर खुशियां बिखरने और हर चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा की गई इस पहल में सभी प्रदेशवासियों से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि परंपराओं और संस्कृति का संरक्षण राज्य सरकार का प्रण है। लोक-संस्कृति में रची-बसी गतिविधियों का सामुदायिक स्तर पर संचालन जीवन में आनंद का संचार करता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण प्रदेश में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नागरिकों में सहभागिता और उत्साह को बढ़ाने के लिए हर गांव और शहर में समूह स्तर पर परंपरागत खेल और संस्कृति से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं सहभागिता है। डॉ. यादव ने कहा कि नागरिकों की मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक उन्नति और प्रसन्नता, प्रदेश के विकास और खुशहाली के लिए आवश्यक है। आधारभूत आवश्यकताओं तथा अधोसंरचना की उपलब्धता के साथ आनंद और प्रसन्नता का संचार जीवन को परिपूर्ण बनाने के लिए जरूरी है। सांस्कृतिक आयोजन तथा खेल,



व्यक्ति की मानसिक-शारीरिक और भावनात्मक सकुशलता बढ़ाने के मुख्य कारक हैं। आनंद उत्सव का आयोजन इन्हीं तथ्यों के आधार पर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत होने वाली गतिविधियां, भारतीय परम्परा में आनंद की अवधारणा पर केन्द्रित होंगी। डॉ. यादव ने आनंद उत्सव में प्रमुख रूप से स्थानीय तौर पर प्रचलित परंपरागत खेल-कूद जैसे कबड्डी, खो-खो, बोरा रेस, पिठ्ठु, सितोलिया, नीबू दौड़ आदि होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत लोक संगीत, नृत्य, गायन, भजन, कीर्तन, नाटक तथा स्थानीय स्तर पर तय अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। आनंद उत्सव का आयोजन इस तरह होगा, जिससे गतिविधियों में समाज के सभी वर्गों जैसे महिला-पुरुष, सभी आयु वर्ग के नागरिक, दिव्यांग आदि शामिल हो सकें। उत्सव में 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला/पुरुषों, दिव्यांगों और बुजुर्गों की विशेष सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए उनके अनुकूल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। राज्य आनंद संस्थान और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं, जन-प्रतिनिधि और राज्य आनंद संस्थान के स्वयं-सेवकों की सक्रिय सहभागिता से हो रहे आनंद उत्सव के आयोजन में ग्राम स्तर पर पंचायतें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# नारायणन ने इसरो के नए अध्यक्ष का पदभार संभाला



एजेंसी ‹ चेन्नई
www.dailypioneer.com

प्रतिष्ठित वैज्ञानिक (एपेक्स ग्रेड) डॉ. वी नारायणन ने मंगलवार को अंतरिक्ष विभाग के सचिव, अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इसरो ने 'एक्स' पर लिखा कि यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन है। इसरो में लगभग चार दशकों के अनुभव के साथ, डॉ. नारायणन का नेतृत्व भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों का मार्गदर्शन करने के लिए तैयार है। वे डॉ. सोमनाथ का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल सार्थक और सफल रहा। इससे पहले, अंतरिक्ष एजेंसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इससे पहले डॉ. नारायणन ने तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) के निदेशक के रूप में कार्य किया था, जो इसरो के प्रमुख केंद्रों में से एक है।

# गणतंत्र दिवस परेड में बिहार की झांकी का हुआ चयन : मंत्री

एजेंसी ‹ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार के सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने बताया कि नयी दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में स्वर्णिम भारत : विरासत एवं विकास की थीम पर बिहार की झांकी प्रदर्शन के लिये चयनित की गयी है। हजारी ने मंगलवार को यहां संवादाता सम्मेलन में बताया कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह 2025 के अवसर पर झांकी के लिए निर्धारित विषय वस्तु 'स्वर्णिम भारत विरासत एवं विकास की थीम पर रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित गणंतंत्र दिवस परेड के अवसर पर बिहार सरकार की झांकी को प्रदर्शन के लिये चयनित की गयी है। उन्होंने बताया कि बिहार की झांकी में बिहार की समृद्ध ज्ञान एवं शांति की परंपरा को प्रदर्शित किया गया है। मंत्री ने बताया कि प्राचीन काल से बिहार ज्ञान, मोक्ष एवं शांति की भूमि रही है। झांकी में शांति का संदेश देते भगवान बुद्ध को प्रदर्शित किया गया है। भगवान बुद्ध की यह अलौकिक मूर्ति राजगीर स्थित घोड़ा कटोरा जलाशय में अवस्थित है, जहां प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में सैलानी आते हैं। वर्ष 2018 में स्थापित एक ही पत्थर से बनी 70 फीट की भगवान बुद्ध की इस अलौकिक एवं भव्य मूर्ति के साथ घोड़ा कटोरा झील का विकास इको टूरिज्म के क्षेत्र में बिहार सरकार का अनूठा प्रयास है। हजारी ने बताया कि बिहार की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत अत्यन्त समृद्ध है। झांकी में प्राचीन नालन्दा महाविहार (विश्वविद्यालय) के भग्नावशेषों को भी दर्शाया गया है, जो इस बात के साक्षी हैं कि चीन, जापान एवं मध्य एशिया के सुदूरवर्ती देशों से छात्र यहां ज्ञान की प्राप्ति के लिए आते थे। नालन्दा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष प्राचीन भारत की ज्ञान परंपरा के प्रतीक हैं। इन भग्नावशेषों का संरक्षण एवं संवर्द्धन भारतीय सांस्कृति की धरोहर को संजोने के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। बिहार सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों से नालन्दा का प्राचीन गौरव पुर्नस्थापित हो रहा है। यह स्थल यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल है।

## नौशेरा में नियंत्रण रेखा पर बारुदी सुरंग विस्फोट, छह जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पास मंगलवार को दुर्घटनावश हुए बारुदी सुरंग विस्फोट में छह जवान घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नौशेरा के भवानी सेक्टर के मकरी इलाके में नियंत्रण रेखा के पास सुबह नियमित गश्त के दौरान सेना के जवान गलती से एक बारुदी सुरंग पर चढ़ गए, तभी विस्फोट हो गया। विस्फोट से सेना के छह जवान घायल हो गए।

## उप्र की मिल्कीपुर विस सीट से चंद्रभान पासवान भाजपा के उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उप चुनाव के लिए चंद्रभान पासवान को प्रत्याशी घोषित किया है। भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने आज यहां एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने मिल्कीपुर के लिए पासवान को प्रत्याशी बनाने की स्वीकृति दी है।

# स्टालिन ने यूजीसी नेट परीक्षा स्थगित करने का किया स्वागत

एजेंसी ‹ चेन्नई
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को राज्य में यूजीसी नेट परीक्षा स्थगित करने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया, जिसकी तारीखें पोंगल त्योहार के दिन पड़ रही थी। स्टालिन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैंने माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर यूजीसी नेट परीक्षाओं के समय का पुनर्निर्धारण का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, यह एक सही निर्णय है कि परीक्षाएं



अब स्थगित कर दी गई हैं। स्टालिन ने कहा कि केंद्र सरकार के लिए तमिल सांस्कृतिक उत्सव के दिनों में प्रमुख परीक्षाओं की घोषणा करना और केवल राज्य के हस्तक्षेप के बाद उन्हें पुनर्निर्धारित करना बार-बार की प्रवृति बन गयी है। उन्होंने कहा, आइए हम आशा करें कि आगे बढ़ते हुए, इस देश की प्रत्येक संस्था अपनी समृद्ध विविधता का सम्मान करेगी और निर्णय लेते समय अपने सभी लोगों की भावनाओं पर विचार करेगी।

## आजसू पार्टी ने 6 सदस्यीय समिति का किया गठन

**रांची।** झारखंड में पिछले 9 जनवरी को धनबाद जिला अंतर्गत मधुबन में घटित घटना की जानकारी के लिए आजसू पार्टी ने छः सदस्ययी समिति का गठन किया है। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने आज बताया कि इस समिति का गठन केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार किया गया है।

## सूर्य नमस्कार हमारी धरोहर का अभिन्न अंग है : केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री जाधव

# राष्ट्रीय योग संस्थान में 500 से अधिक लोगों ने किया सूर्य नमस्कार

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान में मकर संक्रांति के पावन अवसर और सूर्य के दक्षिणी गोलार्ध से उत्तरी गोलार्ध की ओर यात्रा के उपलक्ष्य में मंगलवार को सामूहिक सूर्य नमस्कार प्रदर्शन का आयोजन किया। संस्थान ने यहां बताया कि यह कार्यक्रम स्वास्थ्य और कल्याण का जीवंत उत्सव था, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने सूर्य नमस्कार के महत्व पर बल देते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार हमारी धरोहर का अभिन्न अंग है, और इसका अभ्यास हमारे जीवन में संतुलन, समरसता और बेहतर स्वास्थ्य ला सकता है। सूर्य नमस्कार करना सूर्य के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के समान है। एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि इस अभ्यास को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें और स्वस्थ जीवन जीयें। इस अवसर की शोभा बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव कविता गर्ग उपस्थित थीं। सूर्य नमस्कार के लाभों पर प्रकाश डालते हुए श्रीमती गर्ग ने कहा, सूर्य नमस्कार हमारे जीवन को नई ऊर्जा और स्फूर्ति से भर देता है। इस अभ्यास से हम अपने तन, मन और आत्मा से जुड़ते हैं, संतुलन, शांति और आंतरिक आनंद की अनुभूति करते हैं। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार के परिवर्तनकारी प्रभाव का अनुभव करें और इसकी खुशी को दूसरों के साथ साझा करना चाहिए। कार्यक्रम में इस कार्यक्रम में जयपुर के राष्ट्रीय योग संस्थान के प्रोफेसर संदीप लहंगे जैसे प्रतिष्ठित अतिथि भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम से पहले संस्थान के निदेशक डॉ. काशीनाथ समगंडी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन समारोह से हुई। सूर्य नमस्कार के स्वास्थ्य लाभों पर जोर देते हुए डॉ. समगंडी ने कहा कि सूर्य नमस्कार प्रकृति से जुड़ने और अपने तन और मन को एकात्म करने का एक अद्भुत तरीका है। यह हमारे भीतर ऊर्जा, आशा और समरसता की भावना को प्रज्ज्वलित करता है। यह अभ्यास हमारे संस्थान की परंपरा का अभिन्न हिस्सा बन गया है, जो लोगों में एकता, अनुशासन और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देता है। सूर्य नमस्कार एक आध्यात्मिक अभ्यास है, जिसमें आसन, प्राणायाम और ध्यान तकनीकें शामिल हैं। सूर्य नमस्कार का प्रत्येक चरण अलग-अलग मंत्रों से जुड़ा है और शरीर की ऊर्जा पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि नियमित सूर्य नमस्कार अभ्यास मानसिक और शारीरिक ऊर्जा तंत्र को संतुलित करता है। यह अनुक्रम मांसपेशियों और अंगों को सक्रिय करने के साथ-साथ एकाग्रता और मन की स्थिरता को बढ़ावा देता है। इस कार्यक्रम में संस्थान के अधिकारी, केद्रीय सशस्त्र बल और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के जवान और विद्यार्थी उपस्थित थे। विभिन्न क्षेत्रों से आए 500 से अधिक विद्यार्थी और योग प्रेमियों ने इस विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**दल्लीराजहरा।** पुलिस अधीक्षक एस.आर. भगत के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक दल्लीराजहरा डॉ चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना डौण्डी पुलिस द्वारा नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रार्थिया ने 07 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज करायी कि प्रार्थिया की सबसे छोटी बेटी जो कक्षा नवमीं पढाई कर रही है। जिसकी उम्र 14 वर्ष 05 माह 29 दिन की है, वह 07 जनवरी को रोज की तरह सुबह करीबन 10.00 बजे स्कूल गई थी, जो शाम 5.00 बजे तक वापस घर नही आई। जिसका आसपास, पड़ोसी एवं रिश्तेदारों में पता तलाश किये परअब तक कोई पता नहीं चला है। प्रार्थिया की बेटी जो नाबालिक है, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा इसकी बेटी को नाबालिक जानते हुए भी माता-पिता के विधिपुर्ण वैद्य संरक्षण की संरक्षता से बहला-फुसला कर भगा ले गया है रिपोर्ट पर अपराध क्र. 02/2025 धारा 137 (2) कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता के परिजन के द्वारा 09 जनवरी को शाम थाना डौंडी लाकर पेश करने पर बरामदगी किया गया है। पीड़िता कथन के अनुसार प्रकरण में धारा 87, 74 बीएनएस 8 पाक्सो एक्ट जोडी गई है। प्रकरण के आरोपी योगेश बढई उर्फ भोंदु पिता हिरेसिंग उम्र 21 वर्ष निवासी मरकाटोला थाना डौंडी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया जो अपराध घटित करना स्वीकार करने पर 11 जनवरी को गिरफ्तार किया गया।

# नए सरलीकृत मापदंडों के आधार पर नवीन आवास प्रदाय किए जाएंगे

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बस्तर प्रवास के दौरान कोण्डागांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले को कुल 02 अरब 88 करोड़ 18 लाख 37 हजार रूपए के कुल 168 विकास कार्यों की सौगात दी, जिनमें 02 अरब 08 करोड़ 26 लाख 46 हजार के 130 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 79 करोड़ 91 लाख रूपए के 38 कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं। मुख्यमंत्री साय ने विकास नगर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश के लिए 03 लाख 88 हजार नवीन आवास स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत आवास स्वीकृति हेतु निर्धारित नवीन मापदण्डों को और अधिक सरलीकृत किया गया है, जिसका लाभ प्रदेश के अधिकांश हितग्राहियों को मिलेगा। कार्यक्रम में मौजूद जिलावासियों को छेरछेरा पर्व एवं शाकम्भरी जयंती की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछले एक साल में 'मोदी की गारंटी' को पूर्ण करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए आवास प्लस-2024 अंतर्गत सर्वे का कार्य शुरू हो गया है, जिसमें छूटे हुए व्यक्ति उक्त सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसानों का धान खरीदा जा रहा है, जिसकी अंतर राशि उनके खातों में एकमुश्त हस्तांतरित की जाएगी। इसी तरह महतारी वंदन योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया। प्रदेश के साढ़े 12 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रूपए प्रति मानक बोरा दर से भुगतान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ से माओवाद के उन्मूलन का संकल्प लिया है, जिसका अनुसरण करते हुए सरकार दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। बस्तर के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में नये फोर्स कैम्प स्थापित किए गए हैं। इन इलाकों में निवासरत ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ने के लिए नियद नेल्लानार योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत इन क्षेत्रों में सतत् विकास कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना एवं पीएम जनमन योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे निश्चित तौर पर आदिवासी विकास की मुख्यधारा से जुड़ेंगे। इन इलाकों के बंद स्कूलों को खोलने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि रामलला दर्शन योजना के तहत अब तक प्रदेश के 20 हजार श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की यात्रा कराई गई है। इसके पहले, मुख्यमंत्री के समक्ष जिला प्रशासन कोण्डागांव और आईआईटी भिलाई के मध्य 'स्टडी, रिसर्च एंड इम्प्रूवमेंट ऑफ बेलमेटल आर्टिजन प्रोडक्शन प्रोसेस' पर एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस मौके पर बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। आरंभ में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले का प्रगति प्रतिवेदन का वाचन किया। इसके पहले मुख्यमंत्री ने कोण्डागांव के मुख्य मार्ग से जिला न्यायालय तक रोड शो किया।



## मुख्यमंत्री ने विभागीय प्रदर्शनी का किया अवलोकन, चेक, सामग्री व उपकरण बांटे

इसके पश्चात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्य कार्यक्रम स्थल में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत सामग्री, उपकरण एवं चेक वितरित किया। जिसके तहत राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत 05 लखपति दीदीयों को पुरस्कृत किया गया और हितग्राहियों को बैंक लिंकेज चेक प्रदान किया। हस्तशिल्प विभाग के स्टॉल में राष्ट्रीय बांस मिशन योजना अंतर्गत 04 शिल्पकार को बांस शिल्प औजार वितरण किया गया। कृषि विभाग के स्टॉल में अगनूराम, रामधार नेताम और नथली बाई को 45 लाख के ट्रैक्टर वितरण, 05 हितग्राहियों को पावर विंडर, 07 किसानों को विद्युत पंप, 05 को उड़ावनी पंखा और 02 हितग्राहियों को मिनी राइस मिल के लिए राशि दी गई। इसी तरह मछली पालन विभाग में 10 मत्स्य पालकों को आईस बॉक्स का वितरण और 03 मछुआ सहकारी समिति को नवीन सहकारी समिति पंजीयन प्रमाण पत्र का वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 25 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण, मुख्यमंत्री बाल उदय योजना अंतर्गत सात-सात हजार रूपए के मान से चेक वितरण किया गया। साथ ही 10 ग्रामीणों को वनाधिकार पत्रक वितरण किया गया और ग्राम पंचायत बड़े राजपुर को सामुदायिक वनाधिकार पत्रक प्रदाय किया गया।

# मुख्यमंत्री ने जिलेवासियों को दी 168 विकास कार्यों की सौगात




पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोंडागांव विकास नगर स्टेडियम में लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जिलेवासियों को लगभग कुल 2 अरब 88 करोड़ 18 लाख 37 हजार रूपए लागत के 168 विकास कार्यों की सौगात दी। जिसमें 2 अरब 8 करोड़ 26 लाख 46 हजार रुपए लागत के 130 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 79 करोड़ 91 लाख 91 हजार रूपए लागत के 38 कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर उद्योग मंत्री एवं प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बस्तर महेश कश्यप, कांकेर लोकसभा भोजराज नाग, बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, विधायक जगदलपुर किरण देव, केशकाल विधायक नीलकंठ टीकाम और क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जल जीवन मिशन फेस-2 अंतर्गत स्थापित सोलर ड्यूल पंप 212 ग्रामों में लागत राशि 35 करोड़ 18 लाख 31 हजार रुपए, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 (नया क्रमांक-30) के किलोमीटर 162.60 से किलोमीटर 167 (केशकाल घाट भाग) का उन्नयन कार्य लागत राशि 925.89 लाख रुपए, कोण्डागांव जिले के विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत सोनपुर से बन्नुपारा खजरावण्ड तक सड़क निर्माण पुल पुलिया निर्माण 1115.22 लाख रुपए और सड़क निर्माण कार्य कोडागांव कोरमेल रोड 34 किलोमीटर स्कूलपारा मटवाल से गुनियापारा कुधूर लागत राशि 612.75 लाख रूपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। वहीं भंवरडीह नदी पर सिरपुर स्टापडेम सह पुलिया निर्माण लागत राशि 1251.16 लाख रुपए, उरिदगांव जलाशय के शीर्ष कार्य तथा नहर सुधार एवं लाईनिंग कार्य लागत राशि 506.43 लाख रुपए, भाटपाल-भोंगापाल से बारदा रोड पर किमी 11/4 पालना नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य लागत राशि 403 लाख रुपए, कोपाबेड़ा जलाशय का सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्य लागत राशि 361.990 लाख रुपए, नगर पालिका परिषद कोण्डागांव, सुकुरपाल पंचायत भवन से भालुडोंगरी मार्ग तक पुल-पुलिया सहित डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य लंबाई 3 किलोमीटर लागत राशि 282.25 लाख रुपए लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

# राज्य स्तरीय कबड्डी और डांस गायन प्रतियोगिता 26 को

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

राज्यस्तरीय रिकॉर्डिंग डांस एवं गायन प्रतियोगिता ग्राम ईरागाँव दमकसा में 26 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। जिसमे एकल गायन प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार 21,000 रु.द्वितीय पुरस्कार 11,000 रु.तृतीय पुरस्कार 6,000 रु.डांस प्रतियोगिता सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10,000 रु.द्वितीय पुरस्कार 6,000 रु.तृतीय पुरस्कार 3,000 रु. युगल नृत्य प्रथम पुरस्कार 6,000 रु.द्वितीय पुरस्कार 3,000 रु.तृतीय पुरस्कार 2,000 रु.एकल नृत्य प्रथम पुरस्कार 4,000 रु.द्वितीय पुरस्कार 1,500 रु.तृतीय पुरस्कार 1,000 दिया जायेगा। आयोजन समिति के संरक्षण दुष्यंत वाडिवा ने बताया कि हमारे ग्राम ईरागांव दमकसा में आगामी समय पर कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जहां पर विजेता खिलाड़ियों को नगद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा साथ ही डांस प्रतियोगिता और गायन प्रतियोगिता भी आगामी समय पर आयोजित किया जाएगा जिसमें सभी विजेता कलाकारों को नगद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। कब्बड्डी प्रतियोगिता में महिला वर्ग और पुरुष वर्ग दोनों विजेता खिलाड़ियों को नगद राशि का पुरस्कार दिया जाएगा उसी प्रकार सेगायन और डांस प्रतियोगिता में भी सभी विधाओं के अनुसार नगद राशि का पुरस्कार दिया जाएगा। आगामी समय होने वाले कार्यक्रम को लेकर बहुत ही जबरदस्त व्यवस्था की तैयारी की जा रही है साथ ही बहार से आये सभी खिलाड़ियों सहित कलाकारों के लिए भोजन व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसकी तैयारी में अध्यक्ष भूपेन्द्र ध्रुव उपाध्यक्ष जीवन उइके सचिव लालचंद पटेल नरेंद्र पटेल सह सचिव शिवराज कोरचे पंकज नाग तथा मंच संचालन विजय जैन बालोद विशेष सलाहकार केशव दरों, मुकेश उइके, अशोक पटेल, रोहित पटेल लोमन दरों जुटे हुए हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में आ रही सकारात्मक प्रगति

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद नारायणपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) मोर जमीन मोर मकान अंतर्गत प्रगतिरत आवासों का नियमित रूप से स्थल निरीक्षण किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कोर्राम, उप अभियंता दीपक आचला, उप अभियंता बसंत कुंजाम के द्वारा नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्य में प्रगति हो रहा है। हितग्राहियों से सीधे संपर्क कर आगामी स्तर के कार्य को पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद नारायणपुर के सभी वार्डों में यह कार्य हो रहा है। हितग्राही आगामी स्तर का कार्य सफलतापूर्वक कर सके इसके लिए नियमित रूप से उनके प्रगति अनुसार भुगतान किया जा रहा है और जिसकी समीक्षा मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा प्रति सप्ताह की जाती है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए नगर पालिका परिषद पूर्णतः सक्रिय और संवेदनशील है।



## कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने दिए निर्देश

**कोंडागांव।** कलेक्टर कुणाल दुद्दावत ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि, वे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं और निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। बैठक में कलेक्टर ने खंड शिक्षा अधिकारियों को अपार आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाने, उल्लास कार्यक्रम के तहत पोर्टल पर एंट्री सुनिश्चित करने और विद्यालयों में शिक्षकों की समय पर नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारियों को एनीमिया मुक्त कोण्डागांव अभियान के तहत स्क्रीनिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही जननी सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को समय पर राशि का भुगतान सुनिश्चित करने को भी कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बच्चियों के खाते खोलने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# 1 लाख के ईनामी महिला नक्सली में किया सरेण्डर



**कोंडागांव।** बस्तर रेंज जगदलपुर पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक उत्तर बस्तर रेंज कांकेर के निर्देशन में लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जा रहे हैं और समय-समय पर सुरक्षा बलों द्वारा नक्सल प्रभावित ग्रामों में सिविक एक्शन कार्यक्रम चलाये जा कर शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रदाय सुविधाएँ व लाभ की जानकारी बैनर, पोस्ट, पाम्पलेट आदि के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप नक्सलियों द्वारा स्वयं आगे बढ़ कर शासन के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लेने हेतु पुलिस अधीक्षक के समक्ष समाज की मुख्यधारा में जुड़कर जीवन यापन करने हेतु आत्मसमर्पण कर रहे हैं। इसी तारतम्य में 14 जनवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोंडागांव, बस्तर व नारायणपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय एवं आमदई एलओएस पार्टी सदस्य एवं कृषि विभाग में सदस्य के रूप में कार्यरत् महिला नक्सली सदस्य ललिता उर्फ हाड़ो बघेल निवासी बेड़मा थाना पुंगारपाल जिला कोंडागांव के द्वारा आत्मसमर्पण किया गया।

# कोसरिया पटेल मरार समाज ने मनाई मां शाकंभरी जयंती

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



नरायणपुर ग्राम पंचायत बसंत नगर में ने धूमधाम से मां शाकंभरी की जयंती मनाई। इस अवसर पर शोभायात्रा निकालकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख संवृद्धि की कामना की। मां शाकंभरी की जयंती पर बसंत नगर स्थित कोसरिया मरार समाज भवन में विशेष पूजा अर्चना आयोजित की गई। जिसकेमाध्यम से माता शाकंभरी की पूजा की गई। पूजा अर्चना के पश्चात आए सभी लोगों को प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल से राठौर,दीपेश चोपड़ा,अरविंद जैन,हरेश चक्रधारी, सचिन दुबे,जगन्नाथ साहू, भीष्म पटेल,सरपंच दयावती दुग्गा,वरुण खापर्डे ,अजय साहू,राजीव श्रीवास,राकेश दरो,नरेंद्र शर्मा, देवेंद्र टेकाम, कुमुदनी खरे,भेनू दुग्गा समेत बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर निखिल सिंह राठौर ने संबोधित करते हुए कहा कि शाकंभरी देवी पटेल समाज के इष्टदेवियों में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। जब पृथ्वी पर कई वर्षों तक वर्षा नही हुई तो लोगों को कष्ट होते देख ऋषि मुनियों ने मां से प्रार्थना की। तब माता ने शाकांभरी के रूप में अवतार लिया और संसार का भरण-पोषण किया। इस तरह माता शाकांभरी ने सृष्टि को नष्ट होने से बचाया।

## पटेल मरार समाज द्वारा मनाई गई शाकम्भरी माता की जयंती




पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल स्थित लक्ष्मणपुर कैम्प में को शाकम्भरी माता जयंती पर्व का आयोजन पटेल (मरार) सामाजिक बंधुओ द्वारा आयोजित किया गया।बता दें कार्यक्रम से पूर्व लक्ष्मणपुर कैम्प शिवजी मंदिर प्रांगण से मुख्य बस स्टैंड तक कलश यात्रा निकाला गया एवम वापस मंदिर प्रांगण लाया गया। जहां पूजा अर्चना आरती कर सांस्कृतिक कार्यक्रम गोष्ठी छात्र छात्राओं एवं युवा वर्ग द्वारा अपने भावी योजना एवं प्रगति पर प्रकाश डाला गया।इस मौके पर हीरा राम पटेल,एम् एल पटेल,राजेश्वर पटेल,रामाधीन पटेल,मनोज पटेल,जीवन नागे,अशोक पटेल,विक्रम पटेल,हेमू लाल पटेल,प्रमेन्द्र पटेल अंजन नागे,नरेन्द नागे परन पटेल तथा समाज के गण मान्य लोग उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर आचार्य पालक बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



सरस्वती शिशु मंदिर भानुप्रतापपुर में प्राचार्य थानू राम सिन्हा विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी के सचिव सोमदेव नायक की उपस्थिति में आचार्य पालक बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बैठक का शुभारंभ व्यवस्थापक सोमदेव नायक के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्वलन कर वंदना के साथ हुआ। बैठक का मुख्य उद्देश्य अर्धवार्षिक परीक्षा के मूल्यांकन पश्चात अभिभावकों के मध्य भैया बहनों के परिणाम को प्रदर्शित कर उनका समीक्षा करना। विद्यालय में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं समस्याओं पर परिचर्चा करना। बैठक की शुरुआत अभिभावकों के स्वागत के साथ किया गया। व्यवस्थापक ने भैया बहनों के गुणवत्ता विकास एवं समस्याओं को खुले मन से रखने के लिए अभिभावकों को आमंत्रित किया। अभिभावक राजेश साहू ने कहा कि अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम संतोषजनक है वार्षिक में उत्कृष्ट परिणाम के लिए पाठ्यक्रम के साथ-साथ टाइम मैनेजमेंट जरूरी है। पालक डुमन लाल सिन्हा ने कहा कि सभी आचार्यों को वर्तमान समय के अनुकूल शत् प्रतिशत परिणाम के लिए तकनीकी ज्ञान व तरकीबों के साथ अपने शैक्षिक कौशल में बदलाव लाकर बेहतर परिणाम दिया जा सकता है। आए हुए अभिभावकों ने संस्कार के साथ शिक्षा को लेकर खुशी जताया कि हमने ऐसी संस्कार पूर्ण विद्यालय में अपने बच्चों का दाखिला कराया।

## शोभायात्रा निकाल गांव का भ्रमण कर पूजा-आरती किया गया

# कोसरिया पटेल मरार समाज द्वारा मनाई गई शांकभरी जयंती, विधायक हुई शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



समीपस्थ ग्राम संबलपुर के गोडरीपारा में शांकभरी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाकंभरी जयंती पर समाज द्वारा गांव में शोभायात्रा निकाल गांव का भ्रमण कर आरती पूजा का आयोजन किया। क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी इस कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर ईश्वर सिंह पटेल अध्यक्ष कोसरिया मरार समाज सम्बलपुर गोडरीपारा,अनिता रावटे सरपंच सम्बलपुर,गौरव चोपड़ा उपसरपंच सम्बलपुर,मनीष निशांत ठाकुर सदस्य जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर,विजय पटेल अध्यक्ष कोसरिया मरार समाज हिंगनपुर, कृष्णा टेकाम अध्यक्ष सर्व समाज, अमृत संचेती पूर्व उपाध्यक्ष मार्केटिंग सोसायटी, सेवक राम ठाकुर ग्राम पटेल सम्बलपुर, प्रभाकर सोनी, केशव यादव, परदेशी यादव, दुर्जन निषाद, राकेश तिवारी, गणेश यदु, तुलसीराम पटेल, बंशीलाल पटेल, युवराज पटेल सहित समाजिक बंधु व ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस मौके पर विधायक ने सर्व प्रथम सभी को अन्नदान का महापर्व छेरछेरा की बधाई दी। साथ ही माता शाकांभरी जयंती की भी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि बड़े ही गौरव का पल है कि हम सभी इस पूर्णिमा तिथि को शाकांभरी जयंती समारोह पूरे धुमधाम से मना रहे हैं। हमारे पुर्वजों के अनुसार माता शाकांभरी साग सब्जियों और वनस्पतियों की देवी कहा गया है।मां शाकांभरी माता पार्वती की ही स्वरूप हैं। एक पौराणिक कथा के अनुसार जब पृथ्वी पर कई वर्षो तक वर्षा नही हुई तो लोगों को कष्ट होते देख ऋषि मुनियों ने मां से प्रार्थना की। तब माता ने शाकांभरी के रूप में अवतार लिया। और संसार का भरण-पोषण किया। इस तरह माता शाकांभरी ने सृष्टि को नष्ट होने से बचाया। इसलिए शाकांभरी जयंती के दिन फल फूल और हरी सब्जियों को दान करने का सबसे ज्यादा महत्व है। माता शाकांभरी हमारे मरार पटेल समाज का अराध्य देवी है।इस लिहाज से आप सभी उसके वंशज हैं। और तभी तो जिस प्रकार से माता जी ने संसार का भरण-पोषण किया ठीक उसी प्रकार से हमारा मरार पटेल समाज भी अपनी कड़ी मेहनत से साग सब्जी उगाकर हम सबका भरण पोषण कर रहे हैं। वास्तव में इस तरह के आयोजन से हम सभी को एक मंच पर बैठने और समाज की रीति नीति को करीब से जानने और समझने का अवसर मिलता है। साथ ही हमारे आने वाला पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति से परिचित करा सकते हैं। किसी भी समाज के विकास में शिक्षा का एक अहम योगदान होता है। इसलिए आप सभी से निवेदन है कि आप बच्चों के शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। ताकि उनका भविष्य सुखद व सुंदर हो सके। चुंकि हमारा यह समाज का मुख्य व्यवसाय सब्जी की खेती है। जिसका सीधा संबंध हमारे स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के सर्गीपालपारा कृष्ण जगदीश सेवा संस्थान के तत्वावधान में राजकुमार सोनी स्पोर्ट्स अकादमी में बैडमिंटन टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट ने क्षेत्रभर से 75 से अधिक प्रतिभागियों को आकर्षित किया। इस आयोजन में 7 से 45 वर्ष की उम्र के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुल 75 लड़कों और 6 लड़कियों ने पंजीकरण कराया, जो जिले में बैडमिंटन के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। टूर्नामेंट के दौरान कुल 70 मैच खेले गए, जिसमें ओपन श्रेणी में सबसे अधिक मैच हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लता उसेंडी, जो छत्तीसगढ़ सरकार में विधायक और राज्य भाजपा की उपाध्यक्ष हैं, ने शिरकत की। उन्होंने कृष्ण जगदीश सेवा संस्थान और राजकुमार सोनी स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि, इस तरह की पहल स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अकादमी की अत्याधुनिक सुविधाएं, प्रशिक्षित कोचिंग और प्रायोजन के अवसर कोंडागांव जिले में खेलों के स्तर को ऊंचा उठाने में अहम योगदान दे रहे हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों और प्रायोजकों ने खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने और युवा खिलाड़ियों को उनके सपनों को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रशंसा प्राप्त की।

# भाजपा ने कुरूद नगर के 1100 से अधिक प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद/धमतरी
www.dailypioneer.com

कुरूद नगर में भाजपा शहर इकाई के नेताओं ने पुरे 15 वार्डों में कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चन्द्राकर द्वारा पिछले 10 वर्षों मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी आवास योजना को स्वीकृत कराकर नगर के 1100 से अधिक ज़रूरतमंदों को पक्के मकान देकर उनके परिजनों के सपना को साकार किये है। भाजपा के नेताओं ने पुरे 15 वार्डों में जितने भी प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थी हैं उन्हें उनके वार्डों में कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री मोदी के इस विशेष योजना के लिए लाभार्थियों को सम्मानित कर प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं क्षेत्रीय विधायक अजय चन्द्राकर का धन्यवाद ज्ञापित किये है। इस अवसर पर नगर पंचायत कुरूद के पूर्व अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने कहा नगर में लगभग 3300 मकान हैं उसमें से 1100 लोगों को विधायक चन्द्राकर के द्वारा स्वीकृत कराकर पिछले 10 वर्षो मे आवास योजना से जोड़ा गया है। उन्हें उनके आशियाना दिलाने के लिए भाजपा शहर के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भरपूर प्रयास कर ज़रूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास दिलाये है। कुरूद के लोग अपने आशियाने पाकर भाजपा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रहे है। प्रधानमंत्री




मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, ग़रीबों और मानवता के सेवा के लिए मिसाल हैं। केन्द्र और राज्य सरकार के महतारी वंदन, श्रीराम लला अयोध्या दर्शन, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना से लेकर शासन के समस्त महत्वपूर्ण योजनाओं को नगर के आमजनों को दिलाने का प्रयास करते रहेंगे। नगर में कांग्रेस शासित बॉडी होने के कारण शासन के बहुत से योजनाओं को आमजनों तक पहुँचाने पीछे हो गये है, उसे पुनः भाजपा के सत्ता नगर पंचायत में लाकर ठीक करेंगे। भाजपा नेता एवं नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष भानु चन्द्राकर ने कहा नगर में कांग्रेस के तपन सरकार आने के बाद राज्य में तत्कालीन कांग्रेस शासन होने के अहंकार में नगर अध्यक्ष ने कुरूद नगर मे छै माह के अंदर नशा को समाप्त करने की बात कही थी। उसके विपरीत नगर में कांग्रेस शासन आने के बाद राज्य में कांग्रेस सरकार के नेताओं के दम पर अपने पावर का दुरूपयोग करते हुए अपने सारे सिस्टम लगाकर नगर के आमजनों और युवाओं को नशा में झोंक दिये और उड़ता पंजाब के तर्ज़ पर उड़ता कुरूद की ओर आगे ले गये। कुरूद में शासन नाम का चीज नहीं है। आमजनों को छोटे छोटे काम के लिये आश्वासन के नाम पर नगर अध्यक्ष द्वारा बोल बच्चन करते रहते है। मूलभूत सुविधाओं से कुरूद के आमजन को दूर किया जा रहा है। शासन के योजनाओं और नगर विकास कार्यों से उन्हें कोई लेना देना नहीं है। चारों तरफ़ नगर मे अव्यवस्था और गंदगी है। नगर के क़ीमती धरोहरों को नुक़सान पहुँचाया गया। कुरूद में ज़मीन बेचने के नाम पर गौठान के बाउंड्री और वृंदावन तालाब पार के घाट को भी नहीं छोड़ा गया। भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड कांग्रेस ने यहाँ तोड़ दिये। इस बेशर्म और निकम्मी अध्यक्ष और उनके लोगों को हटाकर नगर में विष्णु के सुशासन से कुरूद के खोये हुए प्रतिष्ठा को वापस लाकर पुनः अमन, चैन से व्यवस्थित कुरूद, सुंदर कुरूद हमारे विधायक अजय चन्द्राकर के मार्गदर्शन में भाजपा नेताओं सहित समस्त नगर वासियों के साथ मिलकर करना है। भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहु ने प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा इस योजना से शहर मे सर्वाधिक मकान बनने से मोदी के सपनों को साकार करने में विधायक अजय चन्द्राकर सहित नगर पंचायत के भाजपा नेताओं का भरपूर योगदान है। 1100 से अधिक आवास बनाकर नया कीर्तिमान स्थापित किये। भविष्य में ज़रूरतमंदों को नगर में भाजपा के सरकार लाकर शासन के समस्त योजनाओं से जोड़ने का प्रयास करते रहेंगे। कुरूद में बोल बच्चन झूठे और निकम्मे लोगों को हटाकर केंद्र और राज्य के भाजपा सरकार मे विष्णु के सुशासन से नगर मे पुनः भाजपा शासन लाकर नगर के लोगों को सरकार के योजनाओं से जोड़ेंगे।

## कलेक्टर ने नए मेला स्थल का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बैठक के पश्चात अधिकारियों सहित नए मेला स्थल पहुंचकर विभिन्न आयोजनों के लिए जगह निर्धारित करने स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न जगहों में पहुंचकर मंच व्यवस्था, वीआईपी पार्किंग, सामान्य पार्किंग मीना बाजार, फूड जोन एवं आवागमन के लिए रास्तों के विकल्प सहित हेलीपैड के संबंध में स्थल का जायजा लेकर अधिकारियों को ले आउट बनाने में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि नए मेला स्थल के लगभग 52 एकड़ क्षेत्रफल का समुचित उपयोग कर सभी गतिविधियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्थल में जगह की कमी नहीं है, इसलिए सभी आयोजन के लिए जगह निर्धारित कर भव्य रूप से मेला आयोजन की तैयारी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर अग्रवाल ने लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संत समागम एवं गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल में आने के लिए नदी किनारे सड़क के विकल्प पर चर्चा करते हुए सड़क के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे लोगों को आवाजाही में आसानी होगी। इसी प्रकार चौबेबांधा मार्ग में भी आवश्यक मरम्मत आदि के कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लेआउट प्लान इस प्रकार से बनाया जाए जिससे आमजनों को मेला स्थल में आने के लिए किसी भी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े।

## निकाय के बाद जिला, जनपद व पंचायतों के ओबीसी आरक्षण में कटौती

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण प्रावधानों में किये गये दुर्भावना पूर्वक संसोधन के चलते अधिकांश जिला एवं जनपद पंचायतों में ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है। प्रदेश के 33 जिला पंचायत अध्यक्ष पदों के आरक्षण में एक भी जिला पंचायत अध्यक्ष पद ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित नहीं किया गया है। 8 जिला पंचायत अध्यक्ष के पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किए गए हैं, जबकि 8 पद अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए सुरक्षित रखे गए हैं। इसके अलावा, 2 जिला पंचायत अध्यक्षों के पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होंगे और 2 पद अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए तय किए गए हैं। 6 जिला पंचायतों में अध्यक्ष का पद अनारक्षित, जबकि 7 जिला पंचायतों में अनारक्षित महिलाओं के लिए रखा गया है। चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के 16 जिला पंचायत और 85 जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीटे अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीवारों के लिए आरक्षित थी, अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है, जिसके कारण ओबीसी वर्ग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। निकाय आरक्षण में ओबीसी वर्ग को ठगने के बाद सरकार ने जिला, जनपद व पंचायतों के आरक्षण में भी ओबीसी वर्ग को हाशिए पर रख दिया है। चंद्राकर ने कहा कि मैदानी क्षेत्रों में अनेक पंचायते ऐसी है, जहां पर 90 से 99 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है लेकिन वहां पर भी ओबीसी के लिए सरपंच का पद आरक्षित नहीं है। पंचों का आरक्षण भी जनसंख्या के अनुपात में काफी कम है। पूर्व में ओबीसी के लिए आरक्षित ये सभी सीटें सामान्य घोषित हो चुकी है। साय सरकार द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में दुर्भावना पूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद ओबीसी के लिए आरक्षित था, अब वे सामान्य सीटें घोषित हो चुकी हैं।



**भंवरपुर।** गणतंत्र यात्रा का सरायपाली विधानसभा के ग्राम पंचायत जमनीडीह, जमदरहा मे पुरे गाँव का भ्रमण कर ध्वजारोहण किया गया। इस यात्रा मे श्रवण पटेल, पूरन पटेल सत्या भोई, प्रेम पटेल, विक्की बैष्णव,ठंडा राम पटेल,प्रीतम चतुवर्दी कांग्रेस के कार्यकर्त्ता व ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय रहा।

## पोषक विद्यालय संपर्क अभियान आयोजित



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के द्वारा सचिव, छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के आदेशानुसार तथा डॉ विनोद कुमार पाठक के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालयों में स्वीकृत सीट संख्या के विरुद्ध शत प्रतिशत नामांकन आगामी वर्षों मे दर्ज करने हेतु पोषक विद्यालय संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु महाविद्यालय के अंतर्गत आने वाले फीडर विद्यालयों का चिन्हांकन कर उच्चतर माध्यमिक के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना है जिससे की महाविद्यालय का सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि हो सके। इसी तारतम्य मे बी सी एस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत सर्वोदय इंग्लिश मीडियम स्कूल धमतरी, अंजुमन हायर सेकेंडरी स्कूल धमतरी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्री धमतरी में संपर्क किया जिसमे विद्यालय के प्राचार्यों के सहयोग से विद्यार्थियों के साथ समन्वय किया गया और उन्हे महाविद्यालय की अधोसंरचना, प्रवेश प्रक्रिया, नवीन शिक्षा नीति 2020, एनएसएस, एनसीसी, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, युवा उत्सव, उन्नत भारत अभियान, विधि विभाग लिगल एण्ड क्लिनिक एक्ट, कैरियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल, मनोविज्ञान विभाग, प्रयोगशाला, आई टी विभाग डिजिटल क्लास रूम, क्रीडा विभाग एवं खेल मैदान, क्रिकेट स्टेडियम, ग्रंथालय डिजिटल लाइब्रेरी, शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृति एवं अन्य योजना, सांस्कृतिक गतिविधियां, प्रावीण्य सूची में विद्यार्थियों का स्थान, महाविद्यालय के शोधार्थी, बालिका छात्रावास, शुद्ध पेयजल, शांतिपूर्ण वातावरण, आगामी वर्षों मे होने वाले कार्य नवीन बालिका छात्रावास, लैंग्वेज लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, अतिरिक्त कक्ष, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, आटोनामस महाविद्यालय से अवगत करवाया गया।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा विशेष शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ कसडोल
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत कसडोल में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कार्यरत सफाई दीदियों के लिए उपमुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा विशेष शिविर का आयोजन माणिकंचन केंद्र (सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट) सेंटर में किया गया जहां उनके स्वास्थ्य जांच के साथ साथ खून की जांच एवं टिटनेस का टीका लगाया गया एवं दवाइयां भी दी गई। वर्तमान में नगर पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 25 सफाई दीदी कार्यरत है। इस शिविर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष वारे, पीआईयू शुभम पांडे, एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर सनत मिश्रा उपस्थित थे। नगर पंचायत में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित मोबाइल यूनिट द्वारा प्रति माह 24 शिविर आयोजित की जाती है। जहां इस योजना से कसडोल निवासी लाभान्वित हो रहे है वहीं दूसरी ओर प्रति माह मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सफाई दीदियों की स्वास्थ्य की जांच की जाती है साथ ही साथ प्रति 03 माह में टिटनेस का टीकाकरण भी किया जाता।

## बीजेएस महिला शाखा द्वारा मनाया गया युवा दिवस और मकर संक्राति पर्व





पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जैन संघटना द्वारा युवा दिवस और मकर संक्राति का आयोजन धमतरी के सराय स्कूल में किया गया। इस आयोजन में बीजेएस द्वारा 5 प्रतिभावान समाजजनों का सम्मान किया गया जिममें डॉ. हर्ष गोलछा, मोहित पारख, सीए राहुल पारख व आशीष मिन्नी, आशीष बंगानी शामिल है। इसके पश्चात बच्चों को स्वेटर एवं लडडू का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि बीजेएस परिवार की सभी महिलाओं का पूर्ण योगदान उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में रहा जिसमें राज्य शाखा से सूर्या लुकंड़ तथा जिला शाखा से वंदना चौरडिया अध्यक्ष, नीतिन संगीता गोलछा, इंदिरा लुकंड़, सुषमा चोपड़ा उपाध्यक्ष, सरला पारख, चंचल लुकंड़, ज्योति लुनिया, गौरी लोढ़ा, संगीता संचेती, विजयलक्ष्मी वैद, अंजु लोढ़ा, रूपाली मिन्नी, प्रियंका बंगानी, पूजा भंसाली, अनिता गोलछा, मंजु लुकंड़, ममता पारख, शकुन पारख, मधु दुग्गड़, किरण लुनिया एवं बीजेएस के सभी सदस्यों व सराय स्कूल स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## स्वामी विवेकानंद युवाओं का प्रेरणास्रोत – डॉ. एकता लंगेह



पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

महाप्रभु वल्लाभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एकता लंगेह शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदन से किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि डॉ. एकता लंगेह ने छत्तीसगढ़ी भाषा में सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में जकड़ा जा रहा है। साथ ही साथ मोबाइल की चपेट में आ आ रहा है। उन्होंने युवकों को नशे और इंटरनेट से दूरी बनाने के लिए कहा। स्वामी जी के चरित्र, विचार धारा को ग्रहण कर उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप पवन पटेल एवं रमेश साहू, प्राचार्य, तारिणी चंद्राकर व शिक्षकगण, धात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कंडेल स्कूल के भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने किया शिक्षक सम्मान समारोह

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



शाउमावि कंडेल के सत्र 2000 से 2012 तक के पूर्व विद्यार्थियों द्वारा लंबे समय अंतराल के बाद करीब बीस-बाईस वर्षों पश्चात 12 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के शुभ अवसर राष्ट्रीय युवा दिवस पर भूतपूर्व सभी शिक्षकों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रवेश द्वार से सभी शिक्षकों का पुष्पवर्षा एवं स्वागत गीत के साथ किया गया। तत्पश्चात समस्त अतिथि शिक्षकों द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया गया। समस्त शिक्षकों को पुष्पमाल एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं श्रीफल, पेन, डायरी व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। साथ ही समस्त गुरुजनों का अनुभव व आशीर्वचन के रूप में उदबोधन हुआ। लंबे समय अंतराल बाद इतनी संख्या में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति स्मरणीय व उत्साहित करने वाली रही। छात्र छात्राएं अपने गुरुजन और सहपाठियों से मिलकर भावुक हो रहे थे और सबकी उत्साह खुशी देखते ही बन रही थी। गुरु-शिष्य की यह परंपरा ऐतिहासिक व स्मरणीय रही जो महाकुम्भ प्रतीत हो रही थी। साथ ही सभी के लिये स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था रखी गई थी जिसमें पारिवारिक समारोह का दृश्य देखते बन रहा था। सभी शिक्षकों ने अपना आशीर्वचन के साथ साथ अपने अनुभव साझा किये। इस महान दिवस पर यह शिक्षक सम्मिलित रहे, वरिष्ठ शिक्षक एस आर साहू, प्राचार्य जे आर साहू, के आर सार्वा, एस के सूर्यवंशी, वरिष्ठ शिक्षक कमलवंशी सर, शांतिलाल साहू, एस डी साहू, कुंदन नेताम, पंचराम बंजारे, एस के यादव, नरेश निषाद, होमेश्वरी साहू, कुसुम साहू, अनिता चंद्राकर, नंदिनी चंद्राकर, ज्योति साहू, शशिप्रभा चंद्राकर, नीतुरानी गुप्ता, वंदना तिग्गा, टी पी पांडेय, जे के साहू, टी डी साहू, बलेन्द्र साहू, डी एन साहू, पी एन साहू, ओ पी चंदे, एम एल साहू, एस के साहू, आर के साहू, जे के सार्वा, आर के चंद्रा। मंच का संचालन डोलेश्वरी साहू व भीमराम साहू ने किया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन बलजीत साहू एवं आभार नेमीन साहू ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नागेंद्र साहू, टिकेश्वर साहू, रवि साहू, थमेश्वर साहू, तामेश्वर सिन्हा, कमल साहू, मनीषा खापर्डे, डोमार साहू, रश्मि, हेमलता, सफ़रा सहित सभी भूतपूर्व विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# खेल हमारे जीवन के लिए आवश्यक : चातुरी नंद

### स्व. बीएस भाटिया स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता का विधायक चातुरी नंद ने किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com




क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने छत्तीसगढ़ चौहान सेना द्वारा आयोजित स्व बी एस भाटिया स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक चातुरी नंद, नपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश पटेल, वरिष्ठ खिलाड़ी आर एस साहू, छग चौहान सेना के कार्यकारी अध्यक्ष उदय लाल चौहान, पार्षद सुरेश भोई, बिट्टू सलूजा, विधायक प्रतिनिधि अरमान हुसैन, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पंकज बीसी, मोहसिन मेमन, आरिफ अली पिंकी समेत अन्य अतिथियों ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात राज्यगीत और राष्ट्रगान हुआ। विधायक नंद समेत अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनका हौसला अफजाई किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि स्व बी एस भाटिया जी ने सरायपाली अंचल में खेलों को बढ़ावा देने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके योगदान को अमर बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ चौहान सेना द्वारा अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता द्वितीय वर्ष कराया जा रहा है। विधायक नंद ने कहा कि खेलों से हमारे जीवन में अनुशासन आता है और हम जीवन में सफल होने में मदद मिलती है। प्रतियोगिता का पहला मैच ब्लू डायमंड सलोनी (सारंगढ़) वर्सेस पदमपुर (उड़ीसा) के बीच रोमांचक मैच हुआ। इस रोमांचक मैच में उड़ीसा की टीम को ब्लू डायमंड सारंगढ़ ने धूल चटाते हुए बड़ी जीत दर्ज की। इसी तरह फुलझर इलेवन सराईपाली वर्सेस बीजेपुर में बीजेपुर ने जीत दर्ज की और यंग बॉयज़ रायगढ़ वर्सेस नुआपरा में नुआपरा ने जीत का परचम लहराया। जीवोदया एफसी अभनपुर रायपुर वर्सेस शर्धापाली में शर्धापाली की टीम ने रायपुर के खिलाड़ियों को पटखनी दी। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल कल बीजेपुर उड़ीसा वर्सेस शर्धापाली उड़ीसा, नुआपरा डिस्ट्रिक्ट उड़ीसा वर्सेस ब्लू डायमंड एफसी सलोनी सारंगढ़ के बीच खेला जाएगा। साथ ही महिला टीम भी टूर्नामेंट में भाग ली है जिसका रोमांचक मैच कल डीएलएफ रायपुर वर्सेस जेएलएफ अकैडमी रायपुर के बीच होगा। विदित हो कि स्व बी एस भाटिया स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपए नगद और कप, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 15 हजार रूपये नगद और कप प्रदान किया जाएगा। साथ ही अन्य पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के घुरउ चौहान, कैलाश तांडी, सतीश चौहान, हेमचंद हंसा, विजय चौहान, नरेश कुमार साहू, निर्मल प्रधान, सौरभ सतपथी, सिट्टू सलूजा, बबलू सरदार, विभिषण चौहान, दुष्यंत साहू, जयंत यादव, प्रियांशु चौहान समेत खेलप्रेमियों का विशेष योगदान रहा।

## भाजपा ने कुरूद नगर के 1100 से अधिक प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को वार्डों में जाकर किया सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद
www.dailypioneer.com

कुरूद नगर में भाजपा शहर इकाई के नेताओं ने पुरे 15 वार्डों में कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चन्द्राकर द्वारा पिछले 10 वर्षों मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी आवास योजना को स्वीकृत कराकर आज नगर के 1100 से अधिक ज़रूरतमंदों को पक्की मकान देकर उनके परिजनों के सपना को साकार किये है। भाजपा के नेताओं ने पुरे 15 वार्डों में जितने भी प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थी हैं उन्हें उनके वार्डों में कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री मोदी के इस विशेष योजना के लिए लाभार्थियों को सम्मानित कर प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं क्षेत्रीय विधायक अजय चन्द्राकर का धन्यवाद ज्ञापित किये है । इस अवसर पर नगर पंचायत कुरूद के पूर्व अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने कहा नगर में लगभग 3300 मकान हैं उसमें से 1100 लोगों को विधायक चन्द्राकर के द्वारा स्वीकृत कराकर पिछले 10 वर्षों मे आवास योजना से जोड़ा गया है, उन्हें उनके आशियाना दिलाने के लिए भाजपा शहर के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भरपूर प्रयास कर ज़रूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास दिलाये है, कुरूद के लोग अपने आशियाने पाकर भाजपा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रहे है, हमारे प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ग़रीबों और मानवता के सेवा के लिए मिशाल हैं, केन्द्र और राज्य सरकार के महतारी वंदन, श्रीराम लला अयोध्या दर्शन, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना से लेकर शासन के समस्त महत्वपूर्ण योजनाओं को नगर के आमजनों को दिलाने का प्रयास करते रहेंगे।

# लगातार एक वर्ष से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर करें कार्रवाई : कलेक्टर

## कलेक्टर ने दी गैर जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी,समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



इन दिनों कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल लापरवाह और गैरजिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों के लिए सख्त नज़र आ रहे हैं। कुछ दिनों पहले कलेक्टर ने जिला सयुंक्त कार्यालय के विभिन्न कक्ष व कार्यालयों का निरीक्षण कर समय पर नही पहुचने वाले अधिकारी कर्मचारियों को नोटिस देने की कार्यवाही कर 9 बिंदुओं में दिशा निर्देश जारी किए थे, और अब कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी विभागों में बिना किसी वाजिब कारण के अनाधिकृत रूप से 1 वर्ष से अधिक समय तक अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले के सभी कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विभागवार लंबे समय तक अनुपस्थित लापरवाह अधिकारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ऐसे गैर जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. सजंय कन्नौजे, अपर कलेक्टर डीआर ठाकुर एवं अजय किशोर लकरा सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**कलेक्टर ने की व्हाट्सएप्प चैटबॉट के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा**

बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से जिले के आश्रम एवं छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों जाति प्रमाण पत्र बनाने की कार्य की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को आश्रम-छात्रावासों में निवासरत सभी बच्चों का अनिवार्य रूप से जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विभिन्न विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को इन प्रकरणों का विशेष प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने विभागों की बैंक खातों की जाँच करने तथा अनिवार्य रूप से निष्क्रिय खातों की जानकारी भी देने के निर्देश दिए। बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला प्रशासन द्वारा आम जनता के सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई व्हाट्सएप्प चैटबॉट के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के विस्तृत समीक्षा भी की। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को तीन दिन के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की।

# खेल से शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है: विजय बघेल

## ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा का आगाज

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com





दुर्ग विकासखंड अंतर्गत होने वाली विकासखंड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आरम्भ दिनांक 14 जनवरी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर विकासखंड दुर्ग के खेलग्राम कहें जाने वाले ग्राम खम्हरिया की पावन धरा में भव्य रूप में हुआ। उद्घाटन समारोह लोकसभा दुर्ग सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य, सभापति जिला पंचायत योगिता चंद्राकर की अध्यक्षता, जनपद सदस्य बुधवन्तिन मधुकर, ग्राम खम्हरिया के सरपंच सुखीराम यादव, ग्राम धनोरा सरपंच मनीष साहू एवं पाऊवारा सरपंच वामन साहू के विशेष आतिथ्य एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी तनवीर अकील, सहायक क्रीड़ा अधिकारी नवीन मेश्राम पूर्व विकासखंड शिक्षाधिकारी वासुदेव चौधरी अक्षय पात्र से कुलदीप एवं आशीष की उपस्थिति में 11 बजे से प्रारम्भ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि विजय बघेल एवं सभी अतिथियों द्वारा भारतीय परम्परा का निर्वहन करते हुए मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग एवं गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।सर्वप्रथम इस कार्यक्रम के आयोजक विकासखंड शिक्षाधिकारी गोविन्द साव ने कार्यक्रम का सारगर्भित प्रतिवेदन वाचन करते हुए मंचस्थ अतिथियों का परिचय कराते हुए इस ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्देश्य जिससे विद्यालयीन बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्लॉक के शिक्षकों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक एवं बच्चे हर वर्ष इस कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार करते हैं एवं स्वयं संकुल एवं जोन स्तर पर पूरे उत्साह के साथ इस खेल पर्व को सम्पादित करते हैं और उनके उत्साह को देखते हुए इसे एक महोत्सव के रूप में ब्लॉक स्तर पर आयोजित कर बच्चों हुनर को निखारने हेतु यह प्रयास किया जाता है एवं इस तरह के आयोजन से शिक्षकों को अपने व्यस्ततम कार्यों से परे परस्पर मिलने एवं सहभागिता का अवसर प्राप्त होता है। खेलग्राम खम्हरिया के सरपंच सुखीराम यादव ने कहा की हमारे गॉव में इस तरह का यह पहला आयोजन है जो विकासखंड स्तर पर किया जा रहा है इससे विगत 2 दिनों से हमारे गॉव में त्यौहार जैसा माहौल है और गॉव के बच्चे, युवा सभी इस प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु प्रयासरत हैं, उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन से स्वमेव ही खेल के प्रति रुझान बढ़ता है। जिला पंचायत सभापति योगिता चंद्राकर ने कहा कि बहुत हर्ष का विषय है कि विकासखंड स्तर पर इस प्रकार का वातावरण निर्मित हो रहा है जिससे बच्चों के सर्वागीण विकास का रास्ता प्रशस्त होता है ऐसे आयोजनों से आपसी प्रेम एवं सौहार्दता का विकास होता है उन्होंने इस आयोजन हेतु पूरी टीम की सराहना की।

# शिशु संरक्षण माह की तैयारी में जोर-शोर से, 92,236 बच्चों को विटामिन ए और 97,662 बच्चों को आयरन सिरप पिलाने का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 21 जनवरी से 21 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। यह अभियान प्रत्येक मंगलवार और निर्धारित स्थलों पर सत्र आयोजित कर चलाया जाएगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मती अनुपमा तिवारी ने बताया कि यह अभियान 5 वर्ष से कम आयु के शिशुओं में कुपोषण जनित बीमारियों में कमी लाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। शिशु संरक्षण माह के दौरान 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण और 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन सिरप दिया जाएगा। साथ ही, हिमोग्लोबिन जांच, बच्चों का टीकाकरण, वजन मापने और गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्र में उपचार भी दिया जाएगा। विटामिन ए सिरप को वर्ष में दो बार 6 माह के अंतराल में पिलाया जाता है। एक वर्ष से कम आयु के बच्चों को 1 एम.एल. और एक वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को 2 एम.एल. विटामिन ए सिरप सत्र स्थल पर पिलाया जाएगा। आयरन सिरप के सेवन की निगरानी मितानिनों द्वारा की जाएगी, और यह सिरप बच्चों के पालकों को दिया जाएगा, जिन्हें सप्ताह में दो बार 1-1 एम.एल. बच्चों को पिलाना होगा। एक आयरन सिरप का उपयोग 6 माह तक किया जाना चाहिए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर इस अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कार्य योजना के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि कोई भी शिशु इस अभियान से वंचित न रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एल. राज ने पालकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को 21 जनवरी से 21 फरवरी के बीच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों या आंगनवाड़ी केंद्रों में जाकर विटामिन ए और आयरन सिरप की दवाएं अवश्य पिलाएं। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए 14 जनवरी 2025 को कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर महोदय ने समस्त संबंधित विभागों को सहयोग और समन्वय से अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

# छत्तीसगढ़ी भाषा आएगी प्रशासनिक कार्यों में छत्तीसगढ़ी भाषा की झलक दिखनी चाहिए : डॉ अभिलाषा बेहार

## राजभाषा आयोग की कार्यशाला में छत्तीसगढ़ी भाषा के संरक्षण और प्रचार-प्रसार पर जोर

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रशासनिक कार्य व्यवहार में छत्तीसगढ़ी भाखा का उपयोग विषय पर कलेक्ट्रोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार, वक्ता सुशील शर्मा और ऋतुराज साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिले के सभी विभाग प्रमुखों और अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रशासनिक कामकाज में छत्तीसगढ़ी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देना और इसे शासन-प्रशासन में अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना था। राजभाषा आयोग ने इस पहल के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा को शासन का हिस्सा बनाने और इसे आम जनता के साथ संवाद का माध्यम बनाने की दिशा में कदम उठाए हैं। राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार ने छत्तीसगढ़ी भाषा के गौरवशाली इतिहास और उसके प्रशासनिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी भाषा का पहला व्याकरण सन 1880 में तैयार किया गया और 1900 में इसे पुस्तक रूप में प्रकाशित किया गया। राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा केवल एक संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर है।

# ब्लाक स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला के सयुक्त तत्वधान में ब्लाक स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन बोड़ला महाविद्यालय में किया गया। खेलकुद प्रतियोगिता के अतर्गत 100 मीटर, 400 मीटर, रस्सा-कस्सी, तावा फेक, गोला फेक एंव कबड्डी का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी सौरभ निषाद ने सभी को कार्यक्रम के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि यह आयोजन ब्लाक स्तर के बाद जिले एंव राज्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा जिसमें विजेता प्रतिभागी भाग लेगें। सहायक प्रध्यापक सनत देवागन ने सभी को खेलकुद के महत्व बताते हुए सभी को ऐसे आयोजनो में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राकेश गौतम, योगेश ध्रुर्वे, टीमकचंद नौरग, पुखराज भारद्वाज, अन्नपुर्ण शर्मा, कमल मिश्रा, शकर साहू, जयंक खुराना, प्रिया राठौर, पुनीराम यादव उपस्थित थे।

# बी एस भाटिया स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता बनी सुलौनी की टीम



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर के हाई स्कूल मैदान में छत्तीसगढ़ चौहान सेना द्वारा आयोजित स्व बी एस भाटिया स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्लू डायमंड सुलौनी (सारंगढ़) की टीम ने खिताब पर कब्जा किया। रोमांचक मैच में ब्लू डायमंड की टीम ने ट्राई ब्रेकर से शरधापाली उड़ीसा को करारी शिकस्त दिया। इसी तरह महिला टीम में जे आर दानी की टीम ने विजय हासिल की। वहीं डी एफसी रायपुर उपविजेता रही। क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने विजेता ब्लू डायमंड की टीम को 21 हजार रुपए नगद राशि और ट्राफी तथा उप विजेता शरधापाली उड़ीसा को 15 हजार रूपये नगद राशि व ट्रॉफी प्रदान किया। इसी तरह महिला वर्ग में विजेता टीम जे आर दानी को 15 हजार रुपए नगद राशि व ट्रॉफी तथा उपविजेता डी एफसी रायपुर को 7 हजार रूपये नगद राशि व ट्रॉफी विधायक नंद ने प्रदान किया। पुरुष वर्ग में मेन ऑफद सीरीज सरधापाली टीम से राहुल , मेन ऑफद मैच ब्लू डायमंड टीम के पंकज, बेस्ट गोल कीपर ब्लू डायमंड टीम के पिंटू, बेस्ट डिफेंडर युवराज, बेस्ट फॉरवर्ड सरधापाली टीम के रोशन को पुरस्कृत किया गया। इसी तरह महिला वर्ग में मेन ऑफ द सीरीज यशिका देवांगन व तोशील यादव, बेस्ट गोल कीपर विद्या पाटनवार, बेस्ट डिफेंडर कुंती को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि चौहान सेना द्वारा आयोजित स्वर्गीय बी एस भाटिया स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता अब सरायपाली की एक नई पहचान बन रही है। इस प्रतियोगिता में ना केवल छत्तीसगढ़ बल्कि अन्य प्रदेश के खिलाड़ी भी भाग लेकर कार्यक्रम को सफ्ल बना रहे है।

# कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com



वी क्लब द्वारा 14 जनवरी 2025 को भगत सिंह चौक पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. यह एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसका उद्देश्य सर्दी से प्रभावित सफाई कर्मचारियों और जरूरतमंदों की मदद करना था। ठंड के मौसम में रात को सड़कों पर सफाई करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, और उन्हें कंबल वितरित किए गए। इसके अलावा, एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला, जो सर्दी से ठिठुर रही थी, को भी कंबल दिया गया। यह नेक कार्य वी क्लब के सदस्य द्वारा किए गए सामूहिक प्रयास का परिणाम था।इस मौके पर श्वेता पोद्दार अध्यक्ष, वी क्लब ने कहा कि हमारे क्लब का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा भाव फैलाना और जरूरतमंदों की मदद करना है। आज हम यहाँ एकजुट हुए हैं ताकि हम उन सफाई कर्मचारियों और जरूरतमंदों का सम्मान कर सकें, जो हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं, लेकिन अक्सर अनदेखे रहते हैं। ठंड में काम करना एक मुश्किल काम है, और इन लोगों की मेहनत को सलाम करते हुए हमने यह प्रयास किया। हमें उम्मीद है कि इस कंबल वितरण से इन कर्मचारियों को कुछ राहत मिलेगी। प्रतिभा अग्रवाल सचिव, वी क्लब ने कहा कि हम सभी ने मिलकर यह महसूस किया कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है कि हम अपनी छोटी-छोटी कोशिशों से समाज में बदलाव लाने की दिशा में कदम उठाएं। यह कार्यक्रम सिर्फ कंबल वितरण तक सीमित नहीं था, बल्कि हम चाहते थे कि इन कर्मचारियों और विक्षिप्त महिला को यह महसूस हो कि वे हमारे समाज का हिस्सा हैं और हमें उनकी चिंता है।

# राडा का 8 वां ऑटो एक्सपो आज से 15 फरवरी तक, चारों सेग्मेंट के व्हीकल्स व स्पेयर पार्ट्स के 200 स्टॉल रहेंगे शामिल, रोड टैक्स पर मिलेगी 50 फीसदी की छूट, हर दिन होंगी न्यू लांचिंग

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) द्वारा इस वर्ष 15 जनवरी से 15 फरवरी तक साइंस कालेज मैदान में ऑटो एक्सपो 2025 का आयोजन किया गया है। राडा का यह 8 वां ऑटो एक्सपो है। किसी रीजनल एसोसिएशन के द्वारा आयोजित किये जाने वाला यह एक्सपो अब पूरे भारत का सबसे बड़ा ऑटो एक्सपो बन चुका है। बड़ी बात ये है कि एक माह की अवधि के लिए यह इवेंट होना भी अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। छत्तीसगढ़ सरकार ने एक्सपो अवधि के दौरान सभी प्रकार के वाहनों पर आजीवन रोड टैक्स पर 50 प्रतिशत की छूट पहले से दे रखी है और इस बार भी यह यथावत है। सरकार के इस सहयोग से ऑटोमोबाइल डीलरों में काफी उत्साह है। एक्सपो का उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित कर रहे हैं। पिछले एक्सपो में 10 हजार व्हीकल्स बिके थे इस बार 20 हजार व्हीकल्स बिक्री की उम्मीद है। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने पत्रकारवार्ता में बताया कि सबसे पहले तो हम छत्तीसगढ़ सरकार का धन्यवाद करते हैं कि उन्होने ऑटो एक्सपो के दौरान पूरे एक माह सभी प्रकार के वाहनों पर आजीवन रोड टैक्स पर 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की है। राडा ने पूरे प्रदेश के आटोमोबाइल्स डीलर को एक्सपो में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है और वे शामिल हो भी रहे हैं जिससे इस छूट का लाभ प्रदेश भर के कस्टमर को मिलेगा। अब यदि इस छूट से फायदे की बात करें तो व्हीकल की कीमत पर फोर व्हीलर में लगभग 5 फीसदी, टू व्हीलर में 4 फीसदी और कमर्शियल में 5 फीसदी तक लाभ कस्टमर को मिलता है। जो एक बड़ी बचत होती है। इससे डीलर्स को जहां व्हीकल की अच्छी बिक्री मिल जाती है, सरकार को राजस्व और कस्टमर को बचत। पिछ्ले आटो एक्सपो में 10 हजार व्हीकल्स बिके थे तब सरकार को रोड टैक्स के माध्यम से 300 फीसदी का फायदा हुआ था वहीं जीएसटी में 500 फीसदी का ग्रोथ मिला था। इस साल उम्मीद हैं कि 20 हजार व्हीकल्स की बिक्री होगी तब सरकार को भी अधिक फायदा होगा और जीएसटी भी अधिक मिलेगा। डीलर्स व कस्टमर दोनों के लिए लाभकारी होगा। उन्होने बताया कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न श्रेणियों के 200 से अधिक स्टॉल एक्सपो में लगाए जाएंगे। लगभग सभी कंपनियों के डीलर्स टू व्हीलर, कार, कमर्शियल व्हीकल, ट्रैक्टर्स सेग्मेंट लेकर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा ऑटोमोबाइल इक्विमेंट्स, यूज्ड कारों की बिक्री व प्रदर्शन भी उपलब्ध होंगे। टायर ट्यूब बैटरी लुब्रिकेंट्स पार्टस कंपनियां भी शामिल रहेंगी। फाइनेंस के लिए बैंकिंग स्टाल भी रहेंगे। डीलर्स एक्सपो फेयर के रूप में अपनी ओर से छूट ऑफर या उपहार भी दे सकते हैं। एक्सपो में परिवहन विभाग अपने स्टाल के माध्यम से लाइसेंस बनाने की सुविधा प्रदान करने के साथ रोड सेफ्टी के लिए जानकारियां भी प्रदान करेंगी। कई बड़े ब्रांड्स अपनी न्यू टेक्नोलॉजी वाले व्हीकल्स का शोकेस भी करेंगे। एक्सपो में पहुंचने वालो को हर दिन नयापन लगेगा जब न्यू लांचिंग, फैशन शो,फेमस बैंड, डांस ग्रुप, बबल आर्टिस्ट और सेलिब्रिटी फरफार्म करेंगे।

# खाटू श्याम मंदिर में धार्मिक आयोजन हुआ

**मनेन्द्रगढ।** मकर संक्रांति के अवसर पर मनेंद्रगढ़ स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में धार्मिक आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न क्षेत्रीय और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, कैलाश अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रतिमा पटवा, राहुल सिंह, मनोज अग्रवाल, बंटी गोयल और गौतम दुग्गड सहित कई प्रतिष्ठित लोग मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की।

CIN – U40108CT2003SGC015820 GSTIN – 22AADCC5773E1ZX
CSPTCL
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांस. कं. लिमि.**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
**कार्या. कार्यपालन अभियंता, मी.रि.परी. संभाग भिलाई**
विद्युत कंपनीज परिसर, भिलाई, जिला–दुर्ग, छत्तीसगढ़ पिन नं.–490021
वेबसाईट :- , ई–मेल –eemrt-bhilai@cspc.co.in टेलीफैक्स :- 0788 – 2281219
क. 10–71/Pur/897 भिलाई, दिनांक 14.01.2025

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

*** SUV (earlier Jeep) श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु ***

कार्यपालन अभियंता (एम0आर0टी0) संभाग, भिलाई के कार्यालयीन कार्यों के लिए वाहन चालक सहित 1 नग **SUV (earlier Jeep)** श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (**तीन वर्ष**) हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क. | विवरण | संख्या | निविदा का मूल्य | बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यपालन अभियंता (एम0आर0टी0) संभाग, भिलाई के कार्यालयीन कार्यों के लिए वाहन चालक सहित 1 नग SUV (earlier Jeep) श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (**तीन वर्ष**) हेतु. | 1 नग | रू. 1695/– + 18 प्रतिशत जीएसटी = रू 2000/– (वापसी योग्य नहीं) | रू. 20118 /– वापसी योग्य |
| अ | निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | | दिनांक 04.02.2025,समय 15:00 बजे तक | |
| ब | निविदा जमा करने की तिथि व समय | | दिनांक 05.02.2025,समय 15:00 बजे तक | |
| स | निविदा खोलने की तिथि व समय | | दिनांक 05.02.2025,समय 16:00 बजे | |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति समयावधि विस्तार संबंधित जानकारी व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट **http://www.cspc.co.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
मीटर रिले परीक्षण संभाग
छ0स्टे0पा0ट्रां0स0कं0लिमि0,भिलाई
Samvad-42765/2

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला-नारायणपुर (छ.ग.)**

**// अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना //**

निविदा क्रमांक/M-01/पुअ/ना.पुर/एसी-1/2024-25/नारायणपुर, दिनांक 01/01/2025

पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें प्रपत्र-अ में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा 01.01.2015 (भवन) एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर लोक निर्माण विभाग के एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदार (''डी'' श्रेणी एवं अधिक) पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर में निविदाओं उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। उक्त तिथि को अपरिहार्य परिस्थिति में निविदा संबंधी कार्यवाही अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

(1) निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 20.01.2025 के 05:00 बजे तक
(2) निविदा प्राप्ति/जमा की अंतिम तिथि :- 21.01.2025 के 04:00 बजे तक
(3) निविदा खोले जाने की तिथि :- 21.01.2025 के संध्या 5:00 बजे
(4) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750/- (चालान के माध्यम से पुलिस 0055, 800 अन्य प्राप्तियां)
(5) कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह (वर्षा ऋतु सहित)
(6) ठेके की आमंत्रण क्रमांक :- ''डी'' एवं उच्च श्रेणी लोनिवि के श्रेणी के पात्रतानुसार (प्रथम बार)
(7) प्रभावी दर अनुसूची :-लो.नि.वि. द्वारा दिनांक 01 जनवरी 2015 को जारी एस.ओ.आर. में प्रचलित

| क्रं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | नवीन सुरक्षा कैम्प कच्चापाल में नाईट लैण्डिग हेलीपैड निर्माण कार्य भाग-01 | 20.60 (लाख) | 41,200/- |
| 2. | नवीन सुरक्षा कैम्प कच्चापाल में नाईट लैण्डिग हेलीपैड निर्माण कार्य भाग-02 | 16.90 (लाख) | 33,800/- |
| 3. | थाना बेनूर में थाना प्रभारी कक्ष निर्माण कार्य | 09.00 (लाख) | 33,800/- |

**नोट :-** निविदा संबंधी अन्य जानकारी के लिए पुलिस अधीक्षक, कार्यालय नारायणपुर में सम्पर्क कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक,
नारायणपुर
G-242505317/2

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022
IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट IV (नियम 8(1)**
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)**, का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता और गारंटर 1. पुष्पराज सिंह सोलंकी, 2. अरन सिंह ठाकुर, 3. चांदनी ठाकुर को मांग नोटिस दिनांक** 17.06.2024 **को जारी किया गया था, जिसमें सूचना में उल्लेखित बकाया राशि रू. 12,16,274.59 (रु. बारह लाख सोलह हजार दो सौ चौहत्तर और पैसे उनसठ मात्र) दिनांक 17.06.2024 तक** उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।

उधारकर्ता उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा(4) के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इसमें नीचे वर्णित सम्पत्ति का **कब्जा दिनांक 10.01.2025** को ले लिया है।

उधारकर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्रभार वास्ते बकाया राशि रू. 12,16,274.59 (रु. बारह लाख सोलह हजार दो सौ चौहत्तर और पैसे उनसठ मात्र) और भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित के अधीन होगा।**

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि आवासीय प्लॉट ख नं. 364/5, 364/21, क्षेत्रफल 1125 वर्ग फीट, शुभ गृह निर्माण सहकारी समिति, पी एच नं. 104, आर.एन.एम. रायपुर, वार्ड नं. 68, माधव राव सप्रे वार्ड, मौजा- रायपुरा, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 में स्थित और इसकी चौहद्दीः पूरब में - खुला प्लॉट, पश्चिम में - सड़क, उत्तर में - खुली भूमि, दक्षिण में - प्लॉट नं. 3

दिनांकः 10.01.2025
स्थानः छत्तीसगढ़
ऋण खाता नं. 14052682

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

## संपादकीय

### नशे की विभीषिका अमित शाह का बयान

**अमित शाह** का यह बयान देश में नशे की विभीषिका प्रकट करता है कि सात प्रतिशत भारतीय नशे का प्रयोग करते हैं। भारत वर्तमान समय में नशे के बढ़ते प्रयोग का शिकार बन रहा है जो लगभग सभी सामाजिक व आर्थिक स्तरों पर व्याप्त है। जनसंख्या के सात प्रतिशत के नशे में लिप्त होने से स्पष्ट है कि यह मुद्दा नीति निर्माताओं, कानून लागू करने वाली एजेंसियों तथा वास्तव में पूरे समाज के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण बन गया है। अमित शाह ने हाल ही में इस समस्या की गंभीरता रेखांकित करते हुए इसे ऐसा 'कैंसर' कहा है जो राष्ट्र की भावी पीढ़ियों को नष्ट कर सकता है। 'नशे के व्यापार और राष्ट्रीय सुरक्षा' सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सरकार के तेज प्रयासों को भी रेखांकित करते हुए कहा कि नशे की विभीषिका रोकने के सारे प्रयास किए जा रहे हैं। अकेले 2024 में ही 16,914 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए गए जो रिकार्ड तोड़ने वाला आंकड़ा है। शाह ने बताया कि पिछले दो दशकों में 2004 से 2014 तक 3.63 लाख किलो नशीले पदार्थ जब्त किए गए, जबकि इसमें 2014 से 2024 तक सात गुना वृद्धि हुई और यह 24 लाख किलो तक पहुंच गया। इसके बावजूद नशे की विभीषिका बढ़ी है तथा स्कूल जाने वाले बच्चे तक नशे के आदी हो रहे हैं। देश भर में कम से कम 50 अवैध नशीले पदार्थ बनाने वाली प्रयोगशालायें पकड़े जाने से मुद्दे की गंभीरता पता चलती है। परंपरागत नशों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के साथ ही संश्लेषित नशों के उत्पादन और उपभोग की चिन्ताजनक प्रवृत्ति सामने आई है जिस पर तत्काल लगाम लगाने की आवश्यकता उजागर होती है।



भारत की भौगोलिक स्थिति नशे के व्यापार के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हो जाती है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान और ईरान के 'गोल्डेन क्रीसेंट' तथा म्यांमार, लाओस व थाईलैंड के 'गोल्डेन ट्रायंगिल' के निकट स्थित होने के कारण भारत नशे के पारगमन तथा ठिकाने का काम करता है। बेरोजगारी, गरीबी तथा साथियों का दबाव जैसे सामाजिक आयाम भी इस मुद्दे को खासकर युवाओं में गंभीर बनाते हैं और वे नशखोरी तथा अपराध के दुष्चक्र में फंस जाते हैं। 2019 से मोदी सरकार ने नशे के संकट से निपटने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई है। प्रवर्तन प्रयासों में तेजी से नशे की रिकार्डतोड़ जब्ती हुई है, जिससे बेहतर समन्वय तथा नशे के व्यापारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई स्पष्ट होती है। लेकिन इसके बावजूद नशे की विभीषिका बढ़ी है। इसे देखते हुए भारत को कानून लागू करने वाले ढांचे को मजबूत करने के साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि एजेंसियों की पहुंच उत्कृष्ट प्रशिक्षण, तकनीक तथा संसाधनों तक सुनिश्चित की जाए ताकि वे नशे के नेटवर्कों को नष्ट कर सकें। 'आधारभूत रसायनों' का कठोर नियमन किया जाना चाहिए ताकि संश्लेषित नशों के उत्पादन में उनका प्रयोग न हो सके। नशाखोरी से संघर्ष कर रहे लोगों के लिए पुनर्वास सुविधाओं का विकास किया जाना चाहिए ताकि उनको समग्र रूप से सहायता दी जा सके। इसके साथ ही नशे से बचने की संस्कृति मजबूत करने के लिए राष्ट्रव्यापी सार्वजनिक जागरूकता अभियान भी अवश्य चलाए जाने चाहिए। नशे के खिलाफ संघर्ष में क्षेत्रीय और वैश्विक सहयोग भी जरूरी है। पड़ोसी देशों को एकसाथ मिल कर सीमापार से नशे के व्यापार को समाप्त करने, खुफिया सूचनाओं का साझा करने तथा प्रवर्तन कार्रवाइयों में समन्वय स्थापित करने में तेजी लानी चाहिए। घरेलू स्तर पर सरकारों, अलाभकारी संगठनों तथा स्थानीय समुदायों के बीच समन्वय को बढ़ावा देना दीर्घकालीन प्रभावी उपायों के लिए जरूरी है। भारत में नशे की विभीषिका न केवल कानून लागू करने वाली एजेंसियों के समक्ष चुनौती है, बल्कि यह सामाजिक संकट भी है जिसके खिलाफ सामूहिक कार्रवाई होनी चाहिए। संकट के बहुत गंभीर होने से पहले सरकार को अपने प्रयास तेज करने चाहिए।

# भारतीय जनमन का महापर्व

जब हम विशेषत: कुंभ पर्व पर विचार करते हैं, तो यही पाते हैं कि यहां के पर्व, देश के सांस्कृतिक जीवन की प्रतिध्वनि के रूप में सम्पन्न होते रहे हैं। ये पर्व युगों से, भावों-विचारों के ताने-बानों से राष्ट्रीय जीवन का चरित्र बुनते रहे हैं।



**निरंकार सिंह**
(लेखक, हिन्दी विश्वकोष के पूर्व सह संपादक हैं)

भारतीय जन मन की धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक है कुंभ मेला। यह देश के उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक के भारतवासियों को जोड़ता है। दुनिया में इतना बड़ा मानव समागम और कहीं नहीं होता है। बिना किसी जातिगत भेदभाव के अनेकता में एकता का भी यह सबसे बड़ा उदाहरण है। जब हम भारतीय पर्वों पर, विशेषत: कुंभ पर्व पर विचार करते हैं, तो यही पाते हैं कि यहां के पर्व, देश के सांस्कृतिक जीवन की प्रतिध्वनि के रूप में सम्पन्न होते रहे हैं। ये पर्व युगों से, भावों-विचारों के ताने-बानों से राष्ट्रीय जीवन का चरित्र बुनते रहे हैं। इनमें यहां के जीवन का, सृजन का, बीजमंत्र निहित है। इन पर्वो-मेलों-समायोजनों ने हमारी राष्ट्रीयता को आज तक जीवन्त, सुरक्षित और अखण्ड बनाये रखा है। भारत की भारतीयता बहुत कुछ इनमें ही कहीं निहित रहकर, प्राणवान् बनी रहती है।

भारत में ही नहीं, विश्वभर में उत्सव-आयोजन का मूलाधार जन की उत्सवप्रियता ही कही जाती है। 'ऊत्सवप्रियाहि मानव' यह लोकोक्ति बहुत प्राचीन है। यह उत्सव-प्रियता ही धीरे-धीरे सांस्कृतिक चेतना से परिपुष्ट होकर, हमारे देश में पर्व-चेतना के रूप में विकसित हुई है। कोई भी राष्ट्र, जनमानस में प्रतिष्ठित पर्व-चेतना की अवहेलना क्यों नहीं कर सकता। इस अवहेलना से जन-आस्था, जन-विश्वास की अवहेलना होती है। इसी अर्थ में कुंभ पर्व एक राष्ट्रीय पर्व है। अमृत-सिद्धांत का प्रतिपादक कुंभपर्व, विश्वमानव के सन्दर्भ में भी, राष्ट्रीय चिन्तन के वसुधैवकुटुम्बकम् पक्ष को अग्रसर करता है और 'आत्मवत् सर्वभूतेषु' की साम्यमूलक भावना तक पहुंचाता है। कुंभ के अवसर पर जो भी अमृत-स्नान करता है, अमृतपान करता है वह आत्मभाव से परिपुष्ट होता है। इस चिन्तन का ही परिणाम यह हुआ है कि इस देश में जो भी विदेशी संस्कृतियां आई, वे इस देश की अन्तर्धारा में समायोजित होकर, तदाकार होती हुई, राष्ट्रीय स्वरूप में एकाकार होती रही है। इसीलिए तो इस देश की भूमि सबके लिए 'एक सहारा' कही गई है। भारत की पर्व-चेतना की मूल भावना हमें यहां सम्पन्न होने वाले तीज-त्यौहारों, मेलों-उत्सवों अथवा समागम-भण्डारों में भी देखने को मिलती है। यहां की संगत और पंगत-परम्परा इसी पर्व-चेतना-भाव का परिणाम है इसीलिए ये बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाये जाते रहे हैं। इस दिशा में हमारे यहाँ सम्पन्न होने वाले कुंभ पर्व, हजारों वर्षो से राष्ट्रीय एकता को सूत्रबद्ध एवं सांस्कृतिक जागरण से भरते रहे हैं। यह पर्व-चैतन्य, प्रकाश-स्तम्भ के रूप में जनमानस को भारतीय चिन्तन की धुरी से जोड़े रहे हैं। इसी का परिणाम हुआ है कि यहाँ का सामान्य जन, लोकाचरण विधि को निभाते हुए, जीवन की इयत्ता को, जीवन की अस्मिता को, तत्ता की सार्थकता प्रदान करता रहा है। यही कारण है कि राजनीतिक परतन्त्रता के काल में भी यहाँ का जनमानस उत्साहित, उल्लसित, सरस और क्रियावान बना रहा था। गंगा, शिप्रा और गोदावरी सरिताओं के तटों पर सम्पन्न होने वाले इन कुंभ पर्वो ने भौगौलिक-ऐतिहासिक एवं सामाजिक एकता बनाये रखकर, राष्ट्रीय जीवन सन्दर्भ में एक अहम् भूमिका निभाई है। ये पर्वोत्सव इस देश में कब से किस सम्राट के राज्यकाल से मनाये जाते आ रहे हैं, यह बताना कठिन है। सरिताओं के तटों पर होने वाले समागमों-ऊत्सवों से ही ये पर्व विकसित हुए होंगे और प्रकृति प्रेमी, मानव-मन वहाँ पहुँच कर खुलेपन में जीवन-लाभ पाने में सुख का अनुभव करता रहा होगा, ऐसा विश्वास है।

कुंभोत्सव की मूल चेतना का प्रारम्भ पौराणिक आख्यान समुद्र मन्थन एवं उससे प्राप्त 14 रत्नों में से एक 'अमृत' से हुआ, माना गया है। कहा जाता है कि समुद्र-मन्थन से प्राप्त अमृत एक कुंभ में रखा गया था, जिसे दैत्य उठाकर भाग गये थे। अन्त में विष्णु ने मोहिनी रूप धारण करके उन्हें वशीभूत किया था और उस अमृत कुंभ को छीन लिया था। तब उस अमृत कुंभ को गरूड़ पुन: पृथ्वी पर लौटाकर ले आया था। लौटते समय यह अमृत कुंभ जहाँ-जहाँ रखा गया, वहाँ-वहाँ अमृत बिन्दु छलके होंगे। ऐसी मान्यता है कि अमृत-बिन्दुओं के प्रभाव वाले वे-ये स्थल, पुण्य-स्थल हो गये। वे स्थल हैं- प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक। उस अमृत की अमर स्मृति में ही महाकुंभ पर्व अथवा कुंभोत्सव मनाने की परम्परा चली आ रही है। अत: कुंभ पर्व का वर्तमान मेला रूप, एक दिन की परिणति न होकर हजारों वर्षो की विकसित परम्परा का प्रतिरूप है। इसमें वैयक्तिक एवं सामाजिक कल्याण का सात्विक भाव अभिलषित बना रहा है।



जब कभी महाकुंभ पड़ता है तो जन-भावना हृदय में उद्बुद्ध हो उठती है। तब मन में संकल्प एवं पगों में गति थिरकने लगती है और तब जन-भावना पवित्र महाकुंभ स्थलों की ओर उमड़ पड़ती है। उस समय ऐसा लगता है कि उक्त केन्द्रों की ओर अपार जन-समुदाय किसी सुनियोजित योजना के अन्तर्गत उमड़ पड़ा हो। समागम में दिखाई देता है कि अनेक आयु वर्ग के अनेक जाति वर्ग के विभिन्न प्रदेशों की सीमाओं को लांघते हुए अनेक भाषा-बोली बोलने वाले, गरीब-अमीर के कदम उमड़ पड़े हों पवित्र नदियों की ओर। उनके अदम्य साहस, अजस्त्र वेग एवं अटूट संकल्प निष्ठा को माप माना कठिन है। ये चरण आज ही नहीं, युगों-युगों से विजय भाव एवं सार्थक विश्वास लेकर भारत भूमि के कण-कण को, रागात्मक सम्बन्धों के ताने-बाने से बुनते रहे हैं। कुंभ स्थलों पर बसे ऐसे विशाल-अपार जन-समाज को देखकर लगता है कि इन सार्थक विश्वास वाले आस्थाशील मानवों ने अपने नये भाव विधान का एक नया नगर ही बसा लिया हो। महाकुंभ के अवसरों पर निर्जन प्रदेश जनाकुल बन जाता है।

वहां दिखाई देती है-सैकड़ों झोपड़ियां, लाखों ध्वजा-पताकाएं, नाना संगठनों के वेशधारी साधु सन्तों की टोलियां, नाना योगियों की अनेक प्रकार की रंगीन पताकाएं। लगता है परिवेश, भावावेष से भर उठा हो। कुंभ-भूमि को छूते हुए अपनी चेतना में ऊर्ध्वमुखी महाराग से ओतप्रोत, गतिशील चरण, कर्मशील हाथ, दिव्यदर्शन पाने के लिए उतावली आँखें, परम को समर्पित होने वाला हृदय अपने होने की, अपनी भौतिक सार्थकता का अनुभव करने की अनुगूँज से सघन होने लगता है। घर-परिवार सहित वे वहाँ होने में ही अपने जीवन की सार्थकता का अनुभव करते हैं और जब वे अपने-अपने घरों के लिए लौटते हैं तो एक विशेष अनुभूति लेकर, एक नया संकल्पी विश्वास लेकर लौटते हैं।

कुंभ पर्व के पूरे पखवाड़े में और विशेषत: पर्व के दिन साधु-सन्तों के द्वारा अनेकानेक आयोजन कुंभस्थल पर होते हैं। अखाड़ों में बंटे ये साधु-सन्त-महन्त-नागे अपने-अपने अनुयायिओं को अपनी विधि के अनुसार उपदेश देते हैं और चर्चा करने का आदेश देते हैं। उनकी सवारियाँ निकलती हैं, हाथी सजाकर घुमाये जाते हैं। शिष्यों के दल उनकी सेवा में नियोजित, चॅवर ढुलाकर अपने जीवन को सार्थक बनाते हुए देखे जाते हैं। सन्त महन्तों के उदासीन जीवन में भी जो ठाठ-बाट दिखाई देता है, वस्त्रों से भी जो राजसी छवि उभरती है, उसका क्या कहना। नागा साधुओं की दिगम्बरी छवि में मनुष्य जीवन का जो आदिम रूप दिखाई देता है, उनकी खुराक में मादक द्रव्य सेवन का जो विधान रहता है, उसके साथ चिमटा, फरसा, भाला और त्रिशूल का जो सहचरत्व है, उससे जन समुदाय आतंकित न होकर उनकी इस सहज प्रकृति को, आयोजनों में प्राथमिकता देने के लिए स्वीकार कर लेता है।

इन सभी साधु-सन्तों के अखाड़ों की साधना-तपस्या को आम आदमी सिर नीचा करके सहज ही मान लेता है। यही नहीं उनकी चरण धूलि को मस्तक पर लगाने के लिए उपस्थित जन-समाज मानों उतावला दिखाई देता है। यह लोक रूढ़ि कैसे बनी, इसकी मूल प्रेरणा क्या रही है? इस सम्बन्ध में शास्त्रीय साहित्यिक और वाचिक परम्पराओं पर भी विचार करना अपेक्षित है। लगता है कि तत्वदर्शी चिन्तकों, समाज सुधारक, विचारकों एवं संस्कृतिचेता मनीषियों ने कुंभ पर्व के चेतना प्रसारण में अपने अन्तस् का पूरा सहयोग दिया है।

नदियों के प्रवाह एवं सागर में जाकर मिलने के रूपक में जीवन-प्रवाह का, हरि रूप सागर में समागम का भाव विचार, सहज ही श्रोता समाज ग्रहण करता आ रहा है। इन उपदेश वचनों में ही लोक का विश्वास पुन: पुन: प्रकट होता हुआ प्रतिष्ठित एवं विश्वसनीय बना रहा है। इस कुंभ यात्रा में उन्हें धारा की तरह निरन्तर प्रवाहित हो रही अपनी शाश्वत जीवन धारा का प्रतिभास भी मिलता रहा है। यह विचार भी मजबूत होता रहा है कि सरिता की तरह निरन्तर आगे बढ़ते रहना, सागर रूप परमता में समर्पित होते रहना ही जीवन का लक्ष्य है। साथ ही, पर्व जनीन इस समवेत विश्वास में जाति वर्ण, प्रदेश भाषा और ऊँच-नीच की अर्गलाओं को युग-युगों से धाराशायी करते हुए भारतीय भावात्मक एकता का अटूट परिचय दिया है। ऐसा आस्थाशील व्यक्ति वह चाहे अपने ग्राम-नगर में हो अथवा कुंभ पर्वोत्सवों में, साधु-सन्त के मुख से प्रकट साधन रूप सुमिरन, भजन और ध्यान का प्रतिपादन अवश्य सुनता रहा है। सहज श्रद्धा को संजोए हुए आस्थाशील लोक, पवित्र उपदेशों से जीवन के लिए निष्ठा को आचरण में उतारने के लिए संकल्प करता रहता है। इस प्रकार जन-मानस युगों से श्रद्धा निष्ठा को संजोते हुए पाथेय बनाता रहा है। वह अनायास ही श्रद्धावान नहीं हुआ है। वह जानता है कि श्रद्धा भाव, बड़े (-परम) के प्रति जुड़ने की विचार शक्ति देता है। ऐसी निष्ठा में ही सन्त भाव का उदय होता है, जो विषम परिस्थिति में भी नहीं छूटता।

प्रयागराज महाकुंभ 2025 में रिकार्ड 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। वर्ष 2019 के कुंभ में 25 करोड़ श्रद्धालु आये थे। वर्ष 2019 की अपेक्षा 2025 में होने वाले महाकुंभ का विस्तार किया गया है। इस बार महाकुंभ 4000 हेक्टेयर के विशाल क्षेत्र में आयोजित होगा। महाकुंभ में आये अखाड़ों के 'शाही स्नान' शब्द को बदलते हुए देश की प्राचीन संस्कृति के अनुरूप इस परम्परा को 'कुंभ अमृत स्नान' का नाम दिया है। उपचार की क्षमता वाला एक 'भीष्म क्यूब' भी तैनात होगा। पहली बार गूगल नेविगेशन सिस्टम का प्रयोग होगा। इस पहल से श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र में घाटों, अखाडों और शिविरों तक पहुँचने में आसानी होगी। पहली बार देश के शीर्ष 100 हस्तशिल्प कला का संगम दिखेगा।

# वंचना की श्रृंखलाएं



**अजीत कुमार विश्नोई**
(लेखक आध्यात्मिक उपदेशक हैं)

**वंचितता की** भावना जीवन पर हावी रहती है, इस कथन से किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए और यह कुछ अपवादों को छोड़कर हम सभी पर लागू होता है। आपने सही अनुमान लगाया होगा। ये भाग्यशाली आत्माएँ भगवान के भक्त हैं। मैंने जो कहा है, उसे मैं पुष्ट करता हूँ। क्या आप इस बात से सहमत हैं कि हमारी कई अधूरी इच्छाएँ हैं; हम सभी की होती हैं? इनमें से कुछ गहरी इच्छाएँ हैं; जो हमारे पूरे जीवन में अधूरी रहती हैं। पहली इच्छा है कि हमारे पास बहुत सारा पैसा हो। बहुत सारा पैसा क्या होता है? हाँ, यह हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग होता है, लेकिन क्या हम इसकी मात्रा नहीं बदलते? मैंने अपने पूरे जीवन में यही किया है। बचपन में मैंने जो उम्मीद की थी, वह कई गुना बढ़ गई है, लेकिन मुझे अभी भी लगता है कि इससे ज़्यादा ही मुझे खुश कर सकता है। वैसे, मैं उन भाग्यशाली आत्माओं में से एक हूँ, जिनकी ज़रूरतें हमेशा पूरी होती रही हैं, कुछ छोटी अवधियों को छोड़कर। इसका एक चरम उदाहरण है साइकिल होना और स्कूटर की चाहत। एक बार जब वह मिल जाए, तो कार होना अच्छा रहेगा। यह तब तक चलता रहता है जब तक कोई निजी जेट की इच्छा नहीं कर लेता।

फिर, यौन भावनाएँ आती हैं। बचपन से ही, ये भावनाएँ हमारे विचारों से कभी दूर नहीं होती हैं। और ये भावनाएँ विज्ञापनों के ज़रिए और इंटरनेट पर जाने जैसी चीज़ों से और भी बढ़ जाती हैं। बच्चे भी ऐसा करते हैं और दोस्तों के साथ हँसते हैं। कोई सवाल कर सकता है कि यह भावना इतनी व्यापक क्यों है। क्योंकि सृष्टि केवल प्रजनन द्वारा ही कायम रह सकती है। यहाँ तक कि भगवान कृष्ण ने भी इस क्रियाकलाप की अनुमति दी है, जब उन्होंने भगवद्-गीता में कहा, मैं धार्मिक सिद्धांतों के अनुसार प्राणियों में वासना हूँ, (7.11) लेकिन जो काम मनुष्य नहीं कर सकता, वह तो पशु भी नहीं कर सकते, यानी सेक्स को एक प्रबल इच्छा बनाना। यहाँ तक कि विवाह भी इसे संतुष्ट नहीं कर सकता, हालाँकि बचपन में ऐसा लगता है कि यह संतुष्ट कर देगा। क्योंकि यौन क्रियाओं का एक उद्देश्य होता है, और इसे एक तीव्र इच्छा नहीं बनाया जा सकता।



**बहुत से लोग भगवान की शरण में जाते हैं और कभी भी दूसरे विचार नहीं करते। क्या यह इस बात का पर्याप्त प्रमाण नहीं है कि उन्हें अवश्य ही पुरस्कार मिल रहा है।**

हम मनुष्यों का तीसरा शत्रु भयभीत विचार हैं। अंतर्निहित कारण हमारा छोटा होना है, समग्र संदर्भ में बहुत छोटा होना। हम भी अधिकतर अज्ञानी हैं, यानी यह नहीं जानते कि हमारे लिए क्या अच्छा है। हमारी बुद्धि अधिकतर दोषपूर्ण है। आध्यात्मिक बुद्धि है, जो भगवद गीता के बारे में है। क्या हम इसे पढ़ने से नहीं कतराते? क्योंकि यह उजागर करेगा कि हम कितना कम जानते हैं। सुरक्षा की यह भावना केवल भगवान से ही आ सकती है, क्योंकि केवल वही इसे सुनिश्चित कर सकते हैं। दुर्भाग्य से, हममें से अधिकांश लोग भगवान की शरण लेने से बचते हैं, भले ही हम उनके बारे में जानते हों। हममें से ज़्यादातर लोगों पर अभाव की भावना हावी रहती है, जिससे हममें से कई लोग अधूरी इच्छाओं के अंतहीन चक्र में फंस जाते हैं।

हम ऐसा क्यों नहीं करते? हम चाहे जो भी कहें, हमें वास्तव में भगवान पर बहुत अधिक विश्वास नहीं है। हममें से अधिकांश लोग महसूस करते हैं कि भगवान हमसे श्रेष्ठ हैं, लेकिन वे ऐसे नहीं हैं जिनकी हमें शरण लेनी चाहिए, हालाँकि भगवान ही सब कुछ हैं। (7.19) फिर, आध्यात्मिक अभ्यासों को बिल्कुल उबाऊ माना जाता है। क्या हमें लगता है कि उन्हें टेलीविजन देखने जैसा आनंददायक होना चाहिए? वे तप (तपस्या) हैं, जैसा कि उन्हें होना चाहिए। लालच, वासना और ईर्ष्या जैसी हमारी गहरी जड़ें हमें भगवान की शरण में जाने नहीं देतीं। यह भावना कि हम अपने दम पर काम चला सकते हैं, हमें पराजित करती है, भले ही हम जो कुछ भी हासिल करना चाहते हैं, उसमें हम बार-बार असफल होते रहते हैं। लेकिन सभी लोग मूर्ख नहीं होते। बहुत से लोग भगवान की शरण में जाते हैं और कभी भी दूसरे विचार नहीं करते। क्या यह इस बात का पर्याप्त प्रमाण नहीं है कि उन्हें अवश्य ही पुरस्कार मिल रहा है। हाँ, भगवान उनका मार्गदर्शन और सहायता करना शुरू कर देते हैं। व्यक्ति को पता चल जाता है कि शांति जैसी वास्तविक वांछनीय चीज़ क्या है, असीमित इन्द्रिय भोग नहीं। भगवान इतने दयालु हैं कि वे हमें वह देते हैं जिसकी हमें वास्तव में आवश्यकता है और जो रक्षा करने योग्य है उसकी रक्षा करते हैं। (9.22) हमारे पिछले अधर्मी कर्मों के कारण उत्पन्न दुखों से हमें केवल भगवान ही मुक्त कर सकते हैं। (18.58) सूची लंबी है, लेकिन इनका अनुभव तभी होगा जब कोई शुरुआत करेगा।

## आप की बात

### परिवर्तित हो रहा कश्मीर

**जिस** बुरे दौर में आंतक के काले नकाब के कारण कश्मीर की प्रचीनतम सभ्यता धूमिल हो रही थी। अब नया कश्मीर में सकारात्मक ऊर्जा के साथ अपना नाम देश दुनिया में रोशन कर रहा है। इसी के चलते और खूबसूरत हो गया है। नये भारत का नया कश्मीर के रास्ते भी इस धरती को स्वर्ग बना रहा चारों ओर विकास हो रहा है। वहीं सोनमर्ग टनल कश्मीर के लोगों के लिए विकास की इबादत है। विकसित भारत में पर्यटन क्षेत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का सपना अब साकार हो रहा है। जम्मू कश्मीर में सिर्फ विकास विकास हो रहा है। इससे जम्मू कश्मीर के पर्यटन व युवाओं के रोजगार की नई मंज़िल मिल रही है। दैनिक आजिविका के लिए इस तरह राह आवाम के साथ मिलकर चलने से ही खुली हैं। यहां जीवन सुलभ होता जा रहा है। सोनमर्ग टनल श्री नगर लेह मार्ग खुलते हुए रास्तों में यह 12 किलोमीटर लम्बी टनल कश्मीर में फिर भारत गौरव तिरंगा शान से लहराया रहा है। हिमस्खलन भूस्खलन की बाधाओं से बचाने के लिए यह बहुत उपयोगी है इससे यात्रा सुगम होगी। श्री नगर व सोनमर्ग की यह टनल आजिविका के साधन के रास्तों को खोला जाना यहां के स्थानीय लोगों के लिए खुशनुमा होगा। यात्रा में पर्यटकों की परेशानी दूर होगी। कठिन डगर में मोती तलाशते हुए भारत की शान को बढ़ते हुए नजर आ रहे हैं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

**-हरिहर सिंह चौहान**, इन्दौर

### क्रिकेट में नया सितारा

**भारतीय क्रिकेट** के आकाश में नया सितारा बनकर उभरी हैं आयरा जाधव। मात्र 14 वर्ष की आयु में उन्होंने अंडर-19 वनडे ट्रॉफी में 346 रनों की ऐतिहासिक पारी खेलकर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करवा लिया। तिहरा शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त कर, आयरा ने देश का मान बढ़ाया है। मुंबई की इस युवा ओपनर ने 157 गेंदों पर 42 चौके और 16 छक्के जड़ते हुए अपनी टीम को 544 रनों की अभूतपूर्व जीत दिलाई। आयरा की यह विस्फोटक पारी उनके खेल के प्रति अदम्य समर्पण और अटूट मेहनत का परिणाम है। जहां WPL-2025 की नीलामी में उन्हें अनदेखा किया गया, वहीं अब उन्होंने अपने प्रदर्शन से आलोचकों को मुँहतोड़ जवाब दिया है। उनकी यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा है कि सही दिशा, दृढ़ता और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। आयरा जाधव न केवल भारतीय महिला क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य की प्रतीक हैं, बल्कि उन्होंने यह साबित किया है कि प्रतिभा को यदि अवसर मिले, तो वे अद्भुत चमत्कार कर सकते हैं। हमें आयरा जैसे उदीयमान खिलाड़ियों का समर्थन और प्रोत्साहन करना चाहिए, ताकि भारत का क्रिकेट विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों को छू सके। आयरा निश्चित रूप से देश के युवाओं के लिए एक आदर्श बन चुकी हैं और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

**-प्रो. आरके जैन अरिजीत**, बड़वानी

### अपराधों पर लगे नकेल

**देश में** बड़े अपराध करके बाहर भागने वाली नामी हस्तियों का कड़े कानून के बावजूद प्रत्यारोपण नहीं हो पाया है। ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मंशा उचित जान पड़ती है कि अपराधियों को पकड़ने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाए। इससे अपराधों पर भी नियंत्रण हो सकेगा। भारतपोल पोर्टल इस दिशा में एक कारगर कदम है जिससे जांच एजेंसियां इंटरपोल से सीधे जुड़कर जांच प्रक्रिया को तेज कर सकेंगी। इस पोर्टल से विश्व के 195 देशों के बीच डाटा और दस्तावेज़ों के आदान-प्रदान के साथ भारतपोल के कई प्रारूप जांच एजेंसियों के लिए तकनीकी मददगार साबित होंगे। इससे रेड कॉर्नर नोटिस और अन्य कानूनी नोटिसों का आदान प्रदान सरल होने के साथ ही इंटरपोल के डाटाबेस से अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सकेगी। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा प्रस्तावित आपराधिक कानूनों में आरोपियों की अनुपस्थिति में ट्रायल और सीमापार आतंकवाद, मानव व मादक पदार्थ तस्करी पर कड़े प्रावधान जुड़ने से काफी हद तक इन पर नियंत्रण में मदद मिलेगी। इससे वैश्विक स्तर पर हमारी न्याय-व्यवस्था की विश्वसनीयता और उसकी पकड़ जाहिर होगी। अपराध किसी भी समाज के लिए कलंक की तरह होते हैं। इन पर हर हाल में नियंत्रण होना चाहिए।

**-अमृतलाल मारू रवि**, इंदौर

### नक्सलियों का सफाया हो

**विगत** समय से नक्सलियों के लिए सेना के जवानों, जाबाज जवानों की शहादत का मुंह तोड़ जवाब दिया जा रहा है। नए वर्ष में नक्सलियों के खात्मे का संकल्प लेकर हमारे जाबाज नक्सलियों को मौत के घाट उतारने में पीछे नहीं है। इस साल देखा जाए तो बीजापुर में 6 जनवरी को 5 नक्सलियों को मौत के घाट उतारा, सुकमा में 9 जनवरी को 3 नक्सली ढेर किए गए। गरियाबंद में 3 जनवरी को एक नक्सली को और बीजापुर में 12 जनवरी को 5 नक्सलियों को मौत के मुंह में धकेला। इसमें कोई दो मत नहीं नक्सलियों के नापाक इरादों का सेना के जवानों द्वारा मुहतोड़ जवाब ज़रुरी है। अब तो नक्सलियों के खात्मे का आभियान थमना ही नहीं चाहिए। जो नक्सली आत्म समर्पण करना चाहते हो तो उन्हें भी जीवन की मुख्य धारा में जोड़ने की कारगर रणनीति तैयार करनी होगी। नक्सलियों की हिंसक गतिविधि से विकास के पथ नगण्य नज़र आते है। कुछ भी हो अब समय आ गया नक्सलियों को मौत से रूबरू कराने का। और इतना गतिमान आभियान हों की दूर दूर तक नक्सली और नक्सलियों के नापाक इरादे नज़र नहीं आए।

**-योगेश जोशी**, बड़वाह।

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# प्रकृति की गोद मे बसे ओनाकोना पर्यटन स्थल में जब जिला पंचायत सीईओ ने थामा मांजा और बालोद कलेक्टर ने खुले आसमान में जमकर उड़ाई पतंग, नज़ारा देख गदगद हुए लोग

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com






जिले में मकर संक्रांति के अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा जिले के आखिरी छोर वनांचल क्षेत्र में बसे ग्राम ओनाकोना पर्यटन स्थल में 3 दिवसीय पतंग महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। पतंग महोत्सव के पहले दिन स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई की गई, दूसरे दिन पर्यटकों के लिए नाईट कैंपेन और बोनफायर का आयोजन किया। वही तीसरे दिन पतंग बाजी का भी भव्य आयोजन किया गया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिला पंचायत सीईओ डॉ. सजंय कन्नौजे सहित जिले प्रशासन के तमाम अधिकारी कर्मचारी ने पतंगबाजी का आनंद लिया। इस दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने आसमान में जमकर पतंग उड़ाई। कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने साथ बॉलीबाल और क्रिकेट भी खेला। वही पतंग महोत्सव के 3 दिवसीय आयोजन में रस्साखींच, बॉलीबाल मैच, नौका प्रतियोगिता, पेंटिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कुर्सी दौड़ एवं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित गए। जिसमें वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों ने जोरों शोरो से सहभागिता निभाई। खासकर महिलाओं ने इस महोत्सव ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरण किया गया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बताया कि पर्यटन स्थल ओनाकोना को विकसित करने और छत्तीसगढ़ में इसकी पहचान बनाने के उद्देश्य से यह महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमे बड़ी संख्या में लोगों की उपस्तिथि रही। दूर दराज से पर्यटक यहां आ रहे है। जिला पंचायत सीईओ डॉ. सजंय कन्नौजे ने बताया कि ओनकोना पर्यटन स्थल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और स्थानीय पर्यटन समिति के द्वारा पतंग महोत्सव और विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ताकि क्षेत्र के लोगों को रोजगार भी मिल सके, और ओनाकोना पर्यटन स्थल का विकास हो सकें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।

### महोत्सव में ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

गौरतलब हो कि जिले के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा और विकसित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने प्रकृति की गोद में बसे वनांचल क्षेत्र ओनाकोना पर्यटन स्थल में 3 दिवसीय पतंग महोत्सव का आयोजन किया। जहां आसपास क्षेत्र के ग्रामीण इस महोत्सव का हिस्सा बने, वही दूरदराज से आए सैलानियों की काफी भीड़ रही। तीन तक चले इस पतंग महोत्सव ने क्षेत्र के ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

# समाजसेविका कल्पना योगेश तिवारी को मिला प्राइड ऑफ सेंट्रल इंडिया पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



दिल्ली हयात होटल में आयोजित प्राइड ऑफ सेंट्रल इंडिया पुरस्कार समारोह में प्रसिद्ध समाजसेविका कल्पना योगेश तिवारी को प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार मध्य भारत के उल्लेखनीय व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया जाता है। कल्पना योगेश तिवारी ने समाजसेवा क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अथक प्रयास किए हैं। उनके कार्य से प्रेरणा लेकर कई लोग आगे बढ़ रहे हैं। कल्पना योगेश तिवारी को मिला यह पुरस्कार उनके कठोर परिश्रम, समर्पण और प्रतिभा का प्रमाण है। समाजसेविका कल्पना योगेश तिवारी को यह अवार्ड केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान के हाथों दिया गया। नई दिल्ली के फाइव स्टार होटल हयात में 8 जनवरी 2025 को इस अवार्ड सेरेमनी का भव्य आयोजन रखा गया था। कल्पना योगेश तिवारी, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में खारुन नदी के तट पर स्थित ग्राम गोमची में असहाय वृद्धजनों के लिये सर्वसुविधा युक्त निर्मित 200 बिस्तरों वाले मां आनंद वृद्धाश्रम की ट्रस्टी हैं। 35 एकड़ भूमि पर बने इस विशालकाय मां आनंद वृद्धाश्रम में पूजा करने के लिए मन्दिर, खाने के लिए बड़ा कैंटिन एवं दस बिस्तरों का एक अस्पताल भी है। देश के अलग अलग जगहों से आए हुए वृद्धजन यहां अभी रह रहे हैं, जिनकी सेवा का दायित्व कल्पना योगेश तिवारी ही देखती हैं।

# अकोला स्कूल में मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व

## प्रधान पाठिका हिम कल्याणी ने बताई बच्चों को मकर संक्रांति पर्व का महत्व



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखण्ड साजा में शाला की प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा ने बच्चों को मकर संक्रांति के बारे में बहुत सुंदर जानकारी बताई। शाला की प्रधान पाठिका ने बताया कि मकर संक्रांति हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। मकर संक्रांति सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है। इस दिन से दिन बड़ा और रात छोटे होने लगती है। यह पर्व हर वर्ष 14 या 15 जनवरी को मनाया जाता है। मकर संक्रांति को फसल के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। अलग अलग राज्यों में इसे अलग अलग नामों मनाया जाता है। जैसे तमिलनाडु में पोंगल, पंजाब में लोहड़ी, उत्तर प्रदेश में खिचड़ी आदि। शाला की प्रधान पाठिका ने मकर संक्रांति त्यौहार से जुड़ी एक कथा भी बच्चों को बताई कि जब पृथ्वी पर असुरों का आतंक काफी बढ़ गया था तब मकर संक्रांति के दिन ही भगवान विष्णु ने असुरों का संहार किया और सभी को उनके आतंक से मुक्ति दिलाई थी। कहते हैं भगवान विष्णु ने असुरों के सिरों को काटकर मंदरा पर्वत पर दबा दिया था। मकर संक्रांति का यह पावन पर्व भगवान सूर्य देव को समर्पित है और लोग स्वास्थ्य, धन और समृद्धि के लिए उनका आशीर्वाद लेने हेतु प्रार्थना करते हैं। इस दिन गंगा स्नान, तिल का दान और पतंग उड़ाने की परम्परा है। यह त्यौहार खुशहाली, समृद्धि, और भाईचारे का प्रतीक है, इस अवसर पर बच्चें माँ सरस्वती की पूजा अर्चना किए, शिक्षिका हेमलता ठाकुर, शिक्षक हिरेश टंडन चार्ट पेपर से बच्चों को पतंग बनाना सिखाये। बच्चे बहुत सुंदर बाल गीत की प्रस्तुति दिए, तिल के लडडू सभी बच्चों में बांटे गये और हर्षोउल्लास के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाये।

# भगवान राम राष्ट्र के नायक, जीवन के आदि से अंत तक राम ही राम : प्रज्ञा निर्वाणी



## गाँवों में तो सबके भाँचा राम

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत करंजिया नवागाँव में ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने नवधा रामायण आयोजन में पहुँच कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के अनुरोध पर भजन सुनाया, उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नवधा रामायण हमारी ग्रामीण पारंपरिक विरासत है। दीपावली के बाद से गावों में बढ़ चढ़ कर आयोजन और भोज के कार्यक्रम होते हैं, भगवान राम की कथाओं का श्रवण पान करने गाँव में तीव्र उत्साह और उमंग रहता है, राम हमारे राष्ट्र नायक हैं और लोक जीवन में इस कदर शामिल हैं की जब हम धान की तौलाई करते हैं तो तौल के दौरान एक की जगह राम कहते हैं फिर दो और तीन कह आगे बढ़ते हैं। बोल चाल की भाषा में बताते हैं कि ये मेरी राम कहानी है ,छत्तीसगढ़ की बेटी माता कौशल्या के लाल राम को हम सब भांजा मान अपने भांजे भांजियों के चरण छूकर आशीर्वाद लेते हैं। राम हमारे जीवन का आदि भी हैं और अंत भी, नवधा पाठ करता बीरमपुर निवासी पंडित लाला प्रसाद मिश्रा ने ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी को सुंदर भजन के लिए प्रशंसा करते हुए आशीर्वाद दिया। इस दौरान खोमेश साहू, जीवन यदु, मौली वर्मा, गुलाल साहू, थानू राम साहू, चेला राम साहू, राम नाथ साहू, रोहित साहू, अंजू साहू, पार्वती साहू, कल्याणी साहू, रुखमणी साहू, खेमीं साहू, सीता साहू, लता साहू, चित्ररेखा साहू ने शाल श्रीफल भेंट कर ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी का अभिनंदन किया।

# जंजगिरी में 16 को गुहा जयंती और 26 को मंडई

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

कुम्हारी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जंजगिरी वासियों के लिए जनवरी माह अत्यंत विशेष और आनंददायक होने वाला है। इस महीने में कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 16 जनवरी को गुहा जयंती के अवसर पर दिन में श्री राम मानस मंडली जंजगिरी, जय गंगा मैय्या मानस मंडली नेवनारा और जय बजरंग दान पंडवानी अकलोरडीह द्वारा भजन-कीर्तन किया जाएगा। शाम को छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक संस्था मयारू भोला ओटेबंद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। सातोपाली गुहा निषाद समाज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहेंगे। 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंडई का आयोजन किया जाएगा। शाम को छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लहर गंगा, धनेली, धमतरी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, वर्तमान में चल रहे श्रीमद भागवत महापुराण का आयोजन भी, जिसमें कथा वाचन आचार्य राजेन्द्र दास वैष्णव कर रहे हैं इस आयोजन का समापन आज होगा।

# राशन गड़बड़ी को लेकर राशन दुकान का संचालन निरस्त करने एसडीएम से शिकायत




पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत ग्राम परसदा के ग्रामीणों द्वारा वार्ड क्रमांक 12 स्थित उचित मूल्य की दुकान में गरीबों को मिलने वालें राशन की गड़बड़ी करने के आरोप में दुकान के संचालक व सचिव के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए दुकान का संचालन निरस्त करने एवं आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर एसडीएम भिलाई 3 एवं प्रशासक कुम्हारी नगर पालिका महेश राजपूत को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मामलें की त्वरित कार्यवाही करने की बात भी कही गई है। ग्रामवासियों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि कुम्हारी पालिका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसदा में सरकारी राशन दुकान का संचालन जय माँ सरस्वती स्व. सहायता समूह द्वारा दुकान क्रमांक 4310060010 नम्बर से विगत मार्च 2022 से संचालित किया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि दुकान लीला देवी साहू तथा सरस्वती के संचालन में मिलीभगतकर बड़ी मात्रा में सरकारी राशन की गड़बड़ी को अंजाम दिया जा रहा है संचालक के द्वारा मृत व्यक्ति के नाम पर फर्जी अंगूठा लगाकर चावल निकालना एवं उसे अधिक मूल्य पर बेचनें जैसे गंभीर आरोप लगाए गए है जिनके पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध होने की बात भी कही गई है। वहीं राशन दुकान संचालन एवं गड़बड़ी से ग्रामीण आक्रोशित है। और मामलें कि जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद सती यादव, डिकेन्द्र साहू, शेखर साहू, भेखराम साहू, रजनी साहू, रोहणी यादव, तुलसी यादव, यशोदा साहू, रेशमी साहू, प्रमिला साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

*शिकायत पत्र के आधार पर राशन दुकान की जांच कराई जाएगी। गड़बड़ी पाए जाने पर दुकान निरस्त कर संबंधितों पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।*

*महेश सिंह राजपूत*
*एसडीएम भिलाई तीन/प्रशासक कुम्हारी पालिका*

# तृप्ति चन्द्राकर कुर्मी समाज के दुर्ग जिलासचिव का सम्हालेंगी पदभार

## कुर्मी समाज की दुर्ग जिला कार्यकारिणी घोषित

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज जिला दुर्ग के अध्यक्ष सुनील चंद्राकर ने अपनी कार्य समिति घोषित की है। उपाध्यक्ष पद का दायित्व विजय चंद्राकर, रोशन वर्मा, भारतेंदु गौतम, सुशील वर्मा को दिया गया है। महासचिव पद पर कमलेश वर्मा, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश देशमुख, संगठन सचिव कृत राम मढ़रिया, याद राम चंद्रा, सचिव तृप्ति (पूजा) चंद्राकर, रीना देशमुख, देवदत्त कौशिक, कीर्ति नायक नियुक्त किए गए हैं। संरक्षक विजय बघेल सांसद दुर्ग, लता ऋषि चंद्राकर, मन्नू लाल परगनिहा, अश्वनी चंद्राकर, डॉ राजेंद्र हरमुख, गणेश राम देशमुख हैं। सलाहकार प्रदीप चंद्राकर, ईश्वरी वर्मा, युगल किशोर आडिल, सुशील वर्मा हैं। सलाहकार पवन दिल्लीवार, कोमल धुरंधर, पवन चंद्राकर, गिरधर चंद्रा, प्रहलाद वर्मा, अजय वर्मा, खिलावन चंद्राकर, संजय चंद्राकर, टी सी परगनिहा, चेतन चंद्राकर, दीनानाथ चंद्राकर, मदनलाल देशमुख, पवन महतेल, केशव बंटी हरमुख, सियाराम चन्द्राकर, कौशल देशमुख, नेवारण परगनिहा, अशोक भारदीय इत्यादि हैं। विशिष्ट आमंत्रित सदस्यों में मोरध्वज चंद्राकर, दिनेश वर्मा, गोपाल कृष्ण वर्मा, पुष्पक राज देशमुख, डाकेश्वर परगनिहा, अजय चंद्राकर, सरस्वती वर्मा सहित जिले में निवासरत प्रांतीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी गण शामिल हैं। स्थायी आमंत्रित सदस्य दिलीप देशमुख, गजेन्द्र चन्द्राकर, भूषण लाल हरमुख, भरत चन्द्राकर, भूपेंद्र कांकड़े, मुकेश देशमुख, जीवन लाल चन्द्राकर, चंद्रिका देशमुख, धनेश्वर वर्मा, भूषण चंद्राकर, महेंद्र दिल्लीवार, पुरेन्द्र चन्द्राकर, भेलसिंह चन्द्राकर, कार्यकारिणी सदस्यों में उत्तम कश्यप, शिशुपाल चन्द्राकर, अर्जुन देशमुख, गोवेन्द्र देशमुख, शंकर वर्मा, शरद वर्मा, तारेंद्र बंछोर, अजीत चन्द्राकर, पंकज चंद्राकर, लवकुश चंद्राकर, अविक चंद्राकर, जयप्रकाश चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, कुलेश्वर दिल्लीवार, रमेश देशमुख, विजय कुमार देशमुख, कमलेश वर्मा पाहरा, सेवक वर्मा, नीलकमल बघेल, गोविंदा बघेल, राधेश्याम चंद्राकर, घुरउ चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, पुरेंद्र चंद्राकर, मिलेश्वर प्रसाद देशमुख, बरसाती चंद्रा, कुमारी ज्योति डोटे, ओम प्रकाश वर्मा ढौर, प्रेम नायक, ओम प्रकाश वर्मा दुर्ग, द्रोण चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, भगवान सिंह चंद्राकर, मनीष चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, राजेश कौशिक, अतुल चंद्राकर, प्रीतम देशमुख आदि को शामिल किया गया है। महिलाध्यक्ष अनामिका सिंगसार्वा एवं युवाध्यक्ष हेमन्त देशमुख नियुक्त किए गए हैं।

# भाजपा के सभी मंडलों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति की गई

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




हाल ही में संगठन चुनाव के तहत भाजपा के सभी मंडलों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही भाजपा आने वाले चुनाव की तैयारी को लेकर कमर कस कर जुट चुकी है और सदस्यता अभियान भी निरंतर जारी है ताकि वोट बैंक को बढ़ाया जा सके। इस क्रम में लोहारा की राजनीति में एक बड़ा फेरबदल देखने को मिल रहा है। जहां लोहारा में ब्लॉक कांग्रेस की महिला अध्यक्ष रही व वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद ममता शर्मा ने भाजपा का दामन थाम लिया है। राकेश यादव और लोहारा के युवराज लाल निवेंद्र सिंह टेकाम के नेतृत्व में महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रही वार्ड नंबर 4 की पार्षद ममता शर्मा ने स्वयं के साथ 60 लोगों को भी भाजपा से जोड़ दिया और एक जनाधार तैयार कर दिया। छाया विधायक राकेश यादव और लाल निवेंद्र सिंह टेकाम के प्रयासों से यह संभव हुआ। एक कार्यक्रम के दौरान सांसद भोजराज नाग सहित अन्य भाजपा नेताओं की मौजूदगी में पार्षद वार्ड नंबर 4 की पार्षद ममता शर्मा ने भाजपा में प्रवेश किया। इसका सभी ने उत्साह पूर्वक स्वागत सम्मान किया और उनके निर्णय को सही कहा। भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर पार्षद ममता शर्मा ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आने की बात कही है। कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग तथा भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक शुक्ला, बालोद मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, निर्वतमान जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, लीला लाले शर्मा के समक्ष महिला ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व वॉर्ड नंबर 04 लोहारा की पार्षद ममता शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है। इस दौरान भाजपा प्रवेश करने वालों सहित प्रमुख भाजपाइयों में शारदा यादव, ललिता यादव, ओम बाई निषाद, पुष्पा यादव, बसंती सिन्हा, कविता निषाद, सरला राजपूत, अनीता भंडारी, बसंती बाई केवट, पूजा शर्मा, आशा, जगनी बाई, लता देवांगन, सुगंधी तारे, वंदना सिन्हा, भारती सिन्हा, मधु देहरी, पुष्पलता देवांगन, जसराज शर्मा, निखिल शर्मा, ढाल साहू, देव देवांगन सुमेंद्र देशमुख, उमेश मंडावी, हिरेंद्र गायकवाड़, प्रीतम साहू,जनक निषाद, प्रकाश साहू तथा बड़ी संख्या में सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री सस्वर मानस गान प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक दीपेश साहू नगर के कबीर कुटी एवं ग्राम लोलेसरा में गुरुपद सत्संग सेवा समिति द्वारा आयोजित त्रि-दिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि हम सभी के आराध्य भगवान श्री राम जी ने जो अपने जीवन काल में एक आदर्श स्थापित किया। उनके आदर्श हम सभी के लिए प्रेरणास्पद है। भगवान श्री राम ने न केवल अपने पिता का वचन निभाया, बल्कि मर्यादा का एक उच्चतम शिखर स्थापित किया जो मानव जीवन के लिए आज भी सदा अनुकरणी है। आज भी लोग अपने घरों में बच्चों को भगवान राम की मर्यादा का पाठ पढ़ाते हैं भारतवर्ष की पावन भूमि में भगवान राम लोगों के रोम-रोम में बसे हुए हैं, और ऐसे पावन मानस गान के माध्यम से उनका स्मरण करना न केवल लोगों को आपस में जोड़ने का काम करता है, बल्कि समाज में सद् चरित्र के निर्माण के लिए भी मार्ग प्रशस्त करता है।इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, पंचु साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा, युगल देवांगन, योगेश वर्मा, गोलू कोशले, गौरव साहू, राकेश मोहन शर्मा, लक्की साहू, तुलसी रजक, रवि वर्मा, धनेश वर्मा, ग्राम पंचायत सरपंच, आयोजक समिति के समस्त सदस्य गण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खेलकूद एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

# परिक्षेत्रीय साहू समाज 256 कॉलोनी का मिलन समारोह संपन्न

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




परिक्षेत्रीय साहू समाज 256 कॉलोनी का मिलन समारोह 12 जनवरी को बड़े धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवराज साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा थे, अध्यक्षता खूब लाल साहू अध्यक्ष परीक्षेत्रीय साहू समाज 256 कॉलोनी, अतिथि तोरण लाल साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद, दामिनी साहू संयोजक महिला प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ, जनक निषाद वार्ड क्रमांक 5 पार्षद एवं श्रुति यादव वार्ड पार्षद क्रमांक 9 थे। कार्यक्रम के प्रथम पाली में समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणी माता कर्मा की पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, जहां परिक्षेत्र के सभी लोगों के लिए खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चे, महिलाएं एवं पुरुषों ने इस खेल में अपनी भागीदारी निभाई। साथ ही सामाजिक बच्चों के प्रतिभा निखारने के लिए रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। दोपहर में भोजन के उपरांत अतिथि स्वागत, अतिथि उद्बोधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ महिला में प्रथम मनीषा साहू, द्वितीय किरण साहू तृतीय शोभा साहू। बालक वर्ग में प्रथम सत्यम साहू द्वितीय मयंक साहू तीसरा विनय साहू बालिका वर्ग में प्रथम सेजल साहू तथा द्वितीय सोनाली साहू महिला वर्ग सुई धागा में पूनम साहू प्रथम, चंद्रकला साहू द्वितीय, संगीता साहू तृतीया बालिका वर्ग में भूमिका साहू प्रथम, सोनम साहू द्वितीय सोनाली साहू तृतीय बालक वर्ग में द्रोनेस साहू प्रथम मयंक साहू द्वितीय भावेश साहू तृतीय, कुर्सी दौड़ पुरुष में संतोष साहू प्रथम राजकुमार साहू द्वितीय शत्रुघ्न साहू तृतीय गोली चम्मच महिला प्रथम राउंड में हेमलता साहू प्रथम पूजा साहू द्वितीय रेणुका साहू तृतीय गोली चम्मच दूसरा राउंड में सरिता साहू प्रथम पूर्णिमा साहू द्वितीय सरस्वती साहू तृतीया गोली चम्मच बालिका वर्ग में सजल साहू प्रथम सोनम साहू द्वितीय सोनाली साहू तृतीया गोली चम्मच बालक वर्ग में मयंक साहू प्रथम दिव्यांश साहू द्वितीय लावण्या साहू तृतीया स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में खिचड़ी बनाती हुई मां कर्मा के प्रतिकृति को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिसे चांदनी साहू एवं स्वाति साहू ने बनाया था। अयोध्या के राम मंदिर का प्रारूप बनने के लिए निकिता साहू को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ तो तिरंगे झंडे के लिए प्रीति साहू को तृतीय पुरस्कार दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपासना एवं दीक्षा की जोड़ी की छत्तीसगढ़ी गीत मोगारा, मगरा गा राजा ने समा बांधा तो वही दशा साहू एवं उपवासना साहू कामना साहू के रीमिक्स गीत रानी का फुलवा ने भी वाह वाही लूटी तो बच्चों के ग्रुप डांस राउत नाचा ने दर्शकों को भी झूमने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में परिक्षेत्र के वरिष्ठ जनो का भी सम्मान किया गया। जिममें हैं राम सिंह साहू, डॉक्टर जीएस सोनबोइर, चुनू राम साहू, कृष्णा साहू, दुजराम साहू और बलदेव साहू। स्वागत भाषण में परिक्षेत्रीय अध्यक्ष खूबलाल साहू ने कहा कि आप का आगमन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे परिक्षेत्र के सभी सदस्य प्रति माह एक निश्चित राशि जमा करते हैं जो प्रतिवर्ष पारिवारिक मिलन समारोह के आयोजन में काम आता है। परिक्षेत्र के सभी सदस्यों ने इस आयोजन के लिए कड़ी मेहनत की है जिसका परिणाम आपके सामने है। अतिथि उद्बोधन में दामिनी साहू संयोजक महिला प्रकोष्ठ ने समाज में महिलाओं को सम्मान देने के लिए नियमों के बदलाव पर प्रकाश डाली।

# नगर सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी का नया कदम

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नेतराम चन्द्राकर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी कुम्हारी.

नगरीय प्रशासन मंत्री व उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक नई पहल की घोषणा की गई है। इस पहल का नेतृत्व नगर प्रशासक अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने किया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और हरियालीयुक्त बनाना है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने बताया, हमारा प्रयास है कि सफाई व्यवस्था को आधुनिक तकनीकों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से बेहतर बनाया जाए। नागरिकों की सहभागिता से ही एक स्वच्छ और सुंदर शहर का सपना साकार हो सकता है। पहल की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि नियमित सफाई निरीक्षण अभियान हेतु सीएमओ इंजीनियर, पीआईयू, आवास प्रेरक एवं नपा दल की विशेष टीम का गठन किया गया है। कचरा प्रबंधन को व्यवस्थित करने के लिए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण हर घर से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग संग्रहित किया जाएगा। शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से स्कूलों, कॉलेजों और स्थानीय समुदायों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि लोग सफाई के महत्व को समझें और इसका पालन करें। नागरिकों की सुविधा के लिए डिजिटल शिकायत प्रणाली से एक मोबाइल एप और हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। अब नागरिक सफाई संबंधी शिकायतें सीधे दर्ज करवा सकेंगे।

# स्कूल में धूमधाम से मनाया गया फसलों का त्योहार मकर संक्रांति, लोहड़ी एवं पोंगल

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com






खुशियां आपके आंगन में आएं, जीवन में नई उम्मीदें सजाए मकर संक्रांति का यह पावन पर्व आपको ढेर सारी खुशियां दिलाए की भावना से सराबोर होकर शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया फसलों का त्योहार मकर संक्रांति, लोहड़ी एवं पोंगल। विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन विशेष प्रातः सभा के द्वारा किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में हिन्दी की वरिष्ठ शिक्षिका नीरू कुमारी सिंह ने मकर संक्रांति पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को बताया कि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर यह पर्व मनाया जाता है उन्होंने यह भी बताया कि ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार इस दिन को दान धर्म और पुण्य के लिए बहुत शुभ माना जाता है इस दिन दान करने से सूर्य देव की कृपा और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। इस दिन तिल, गुड़ चावल और द्रव्य दान किया जाता है। इस दिन खिचड़ी दान और खिचड़ी का विशेष महत्त्व है। नीरू कुमारी के उद्बोधन के पश्चात कक्षा नर्सरी के शिक्षिका अमनप्रीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लोहड़ी से जुड़ी जानकारियां प्रेषित की कौर ने बताया की लोहड़ी से जुड़ी अनेक मान्यताएं हैं जिनमें से एक है दुल्ला भट्टी की कहानी है जिन्होंने लड़कियों की खरीद- बिक्री के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, एक अन्य मान्यता के अनुसार माता सती के बलिदान को याद रखने की उपलक्ष्य में हम यह त्यौहार मनाते हैं। मकर संक्रांति के समान ही लोहड़ी में भी हम भगवान सूर्य की उपासना करते हैं और उन्हें अच्छी फसल के लिए धन्यवाद देते हैं उन्हें इस दक्षिण भारत में लोकप्रिय त्योहार पोंगल के रूप में जाना जाता है अंत में उन्होंने बताया कि हमें आपसी प्रेम,एकता और सद्भावना के साथ यह त्योहार मनाना चाहिए। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने सुमधुर पंजाबी गीत पर प्रस्तुति दी तत्पश्चात कक्षा छठवीं की छात्राओं ने आकर्षक नृत्य ने प्रस्तुत किया इसी क्रम में कक्षा नवमी की छात्राओं ने शानदार नृत्य प्रस्तुत करते हुए वातावरण को संगीतमय कर दिया। संस्था के प्राचार्य डॉ बसंत कुमार तिवारी ने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन ने कहा कि इन त्योहारों से हमें प्रकृति का सम्मान करना, मेहनत की कदर करना और अपनी संस्कृति से जुड़े रहना सीखना चाहिए साथ ही हमें यह निश्चित करना चाहिए कि हमारे जीवन में उत्सवों का उद्देश्य केवल आनंद ही नहीं बल्कि दूसरों की मदद करना और खुशियां बांटना भी हो हम सभी को इन त्योहारों पर संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी मेहनत और ईमानदारी से अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे और समाज को बेहतर बनाने में योगदान देंगे, प्राचार्य महोदय की उद्बोधन के पश्चात कक्षा नवमी की छात्रा मनजोत कौर सलूजा ने भी विद्यार्थियों को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की। इन सभी कार्यक्रमों के तदुपरांत कक्षा तीसरी से पांचवी तक के छात्र-छात्राओं के मध्य'पतंग बनाओ प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया प्रतियोगिता के पश्चात विद्यालय परिवार एवं सभी छात्र-छात्राओं ने लोहड़ी की पवित्र अग्नि जलाई एवं चारों तरफ नाचते गाते हुए आग में रेवड़ी, मूंगफली, खील और मक्के की आहुति देते हुए भारतवर्ष के सुख समृद्धि हेतु मंगल कामना की विद्यालय की निदेशिका पूनम सिंह ने भी संस्था के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को लोहड़ी पोंगल मकर संक्रांति की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह त्यौहार हमें मेहनत समर्पण और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का संदेश देता है लोहड़ी की अग्नि केवल परंपरा ही नहीं अपितु हमारे जीवन में प्रकाश और ऊर्जा का प्रतीक है जैसे किसान पूरे साल मेहनत करते हैं वैसे ही हमें भी मेहनत और अनुशासन के साथ अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।

# भारतीय दर्शन एवं संस्कृति को विवेकानंद ने दी वैश्विक पहचान: सृष्टि

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




स्वामी विवेकानंद जयंती पर पतंजलि योग समिति द्वारा- स्वामी विवेकानंद एवं भारतीय दर्शन- विषय पर विचार संगोष्ठी का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर योग प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में वरिष्ठ व्याख्याता नीलम दुबे, एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के परिपेक्ष में सेंट पैट्रिक्स हायर सेकंडरी विद्यालय से कक्षा दसवीं के छात्र सृष्टि अग्रवाल को विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। वरिष्ठ व्याख्याता नीलम ने सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर विवेकानंद के वेदांत दर्शन की जानकारी दी। आमंत्रित वक्ताओं का पतंजलि योग समितिकी ओरसे स्वागत पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी सतीश उपाध्याय ने किया ।देव भाषा संस्कृत में, स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व कृतित्व पर बोलते हुए नीलम दुबे ने कहा कि- स्वामी विवेकानंद कहते थे कि मानव पूजा और सेवा ही एकमात्र ऐसी प्रार्थना है जिसमें उपासक उपासना ,और उपास्य बराबर होते हैं। स्वामी विवेकानंद के राष्ट्रीय आंदोलन शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में किए गए आध्यात्मिक पक्ष की जानकारी देते हुए, ओजस्वी वक्ता कु सृष्टि अग्रवाल ने कहा कि-स्वामी विवेकानंद ने भारतीय दर्शन और संस्कृति को वैश्विक पहचान दी। वे कहा करते थे कि- जमीन अच्छी है खाद अच्छा है परंतु पानी अगर खारा है तो फूल खिलते नहीं है -भाव अच्छे हैं, कर्म अच्छे हैं मगर वाणी में खराब है तो संबंध कभी टिकते नहीं है। कार्यक्रम के संयोजक सतीश उपाध्याय ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन के भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने आध्यात्मिक विचारों एवं राष्ट्र धर्म को सर्वोपरी बताते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम में सेवा भारती के व्यवस्थापक एवं समाज सेवक सुभाष अग्रवाल, समाज सेविका रूपा पोद्दार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आर डी दीवान, जगदंबा अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, कविता मंगतानी, रामसेवक विश्वकर्मा, बबली, छत्तीसगढ़ योगासन फेडरेशन से विवेक कुमार तिवारी रोशन जहां सेवा भारती की छात्राएं प्रिया, चांदनी सुनीता, अंजली, गीता दिव्या, सुमन, ओमिका, अंकित ,सुचिना मिंज, मनीषा , सीमा सिंह आदि उपस्थित थी। स्वामी विवेकानंद पर श्रेष्ठ वक्तव्य के लिए सृष्टि अग्रवाल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# जिले में मकर संक्रांति का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में मकर संक्रांति का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिलेभर के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मकर संक्रांति के दिन लोग अपने घरों के आंगन में तिल और गुड़ के पकवान बनाकर एक-दूसरे को बांटते हैं और एक दूसरे के साथ खुशियाँ मनाते हैं। इस सम्बन्ध में राम मंदिर के महंत पं. ओम नारायण द्विवेदी ने बताया कि मकर संक्रांति के पर्व का विशेष महत्व होता है, क्योंकि इसे सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने का प्रतीक माना जाता है, जिससे दिन बड़े होने लगते हैं और ऋतु परिवर्तन का संकेत मिलता है। इस दिन खासकर तिल, गुड़, और उड़द की दाल का सेवन किया जाता है। मनेन्द्रगढ़ के विभिन्न मंदिरों सिद्ध बाबा धाम, सिरौली हनुमान मंदिर, कैलाश मंदिर जनकपुर, माँ चांग देवी मंदिर भगवानपुर, टिपकापानी, हसदेव गंगा तट समेत सभी मंदिरों में पूजा अर्चना का आयोजन किया गया और लोग दान पुण्य करते हुए गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करते हैं। इसके अलावा, मकर संक्रांति के दौरान पतंगबाजी की परंपरा भी पूरे जोश के साथ देखने को मिली, जहाँ लोग आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाते हुए उत्सव का आनंद लेते हैं। साथ ही, इस दिन जिले के विभिन्न स्थानों पर ग्रामीण मेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें लोकगीत, नृत्य और पारंपरिक खेलों का आयोजन हुआ, जिससे पर्व की खुशी और भी बढ़ गई। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर एक भव्य पूजा अर्चना का आयोजन सिद्ध बाबा के मंदिर में किया गया। इस पूजा में पूर्व विधायक गुलाब कमरों, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार केसरवानी, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हफिज मेमन, लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष वेंकटेश सिंह, सिद्ध बाबा सेवा समिति के विकास वास्तव, डीपीएस की डायरेक्टर पूनम सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरभ मिश्रा और भाई स्नेहिल शुक्ला ने सहभागिता की।

# राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत चांपा नगर के वार्डों में स्व. सहायता समूहों किया जा रहा गठन

पायनियर संवाददाता ‹ चांपा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद चांपा के प्रयासों से शहरी गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) के अंतर्गत, नगर पालिका द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में महिला स्व-सहायता समूहों का गठन कर उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण की ओर अग्रसर किया जा रहा है। दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत तहत चांपा में वार्ड क्रमांक 1 से 27 तक नगर पालिका परिषद दीनदयाल अंत्योदय विभाग से के चांपा नगर पालिका को 20 समूह गठन का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन इसके अपनी मेहनत परिचय देते हुए सामुदायिक संगठक राजकुमारी सिंह ने नगर पालिका क्षेत्र में 51 महिला स्व-सहायता समूहों का गठन कर अपनी क्षमता और प्रतिबद्धता को साबित किया। इन समूहों को आवर्ती निधि, बैंक लिंकेज और समूह ऋण के माध्यम से आर्थिक लाभ प्रदान किया जा रहा है, जिससे महिलाओं को अपने व्यापार और आजीविका के साधनों को विकसित करने में मदद मिल रही है। चांपा नगर पालिका परिषद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेशनल स्पार्क अवार्ड 2023-2024 में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही, राष्ट्रीय स्तर पर भी चांपा को प्रथम स्थान के लिए सम्मानित किया गया। इन उपलब्धियों ने न केवल नगर पालिका की कार्यक्षमता को प्रमाणित किया बल्कि पूरे राज्य में एक प्रेरणा का स्रोत भी बना।

**महिला स्व. सहायता समूहों नेतृत्व और विशेष योगदान**-इस उल्लेखनीय सफलता में राजकुमारी सिंह और सुनीता प्रधान का विशेष योगदान है। इन दोनों ने अपने नेतृत्व और समर्पण से महिला स्व-सहायता समूहों को सही दिशा प्रदान की। उनका काम महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है। उनके प्रयासों से महिलाएं आत्मनिर्भर होकर परिवार और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# स्व. सुरेश हलवाई को क्षेत्र सहित प्रदेश की दिग्गज हस्तियों ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से कैटरिंग के क्षेत्र में बेताज बादशाह के रूप में कैटरिंग के काम को स्थापित कर एक नई पहचान देने वाले सुरेश हलवाई के निधन के पश्चात 14 जनवरी को उनके दशकर्म एवं चंदनपान का कार्यक्रम उनके गृह निवास शक्ति में आयोजित किया गया था, जिसे श्रद्धांजलि देने के लिए नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार श्यामसुंदर अग्रवाल, छत्तीसगढ़ जनरलिस्ट वेलफेयर यूनियन के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष संस्तबरेज पप्पू खान, जिला महासचिव मोहन अग्रवाल,जिला कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल, जिला कार्यक्रम संयोजक कमल अग्रवाल, सहित अनेकों लोग पहुंचे तथा सुरेश स्वर्गीय सुरेश हलवाई के आयोजित दशकर्म कार्यक्रम में जहां शक्ति सहित अन्य जिलों एवं छत्तीसगढ़ से बाहर भी अन्य राज्यों से सैकड़ो की संख्या में लोग पहुंचे तथा सभी ने नम आंखों से उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सुरेश कैटर्स परिवार द्वारा सभी आगंतुकों का इस संवेदना व्यक्त करने के लिए आभार व्यक्त किया गया तो वहीं उनके दशकर्म कार्यक्रम में सभी आगंतुकों को शांति भोज भी कराया गया एवं कार्यक्रम स्थल पर जहां स्वर्गीय सुरेश हलवाई को श्रद्धांजलि देने भजनों एवं गीतों के माध्यम से आगंतुक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।

# छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के नए प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए रायपुर के नितेश अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश में अग्रवाल समाज के युवाओं का सशक्त, सक्रिय संगठन छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में रायपुर के नितेश अग्रवाल को बनाया गया है, उपरोक्त घोषणा 11 जनवरी को रामस्वरूप दास निरंजन लाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल रायपुर एवं हरिवल्लभ अग्रवाल की उपस्थिति में की गई तथा नितेश अग्रवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर जहां मंच सदस्यों ने भी उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी हैं तो वहीं वर्तमान में नितेश अग्रवाल छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश महामंत्री के रूप में सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन कर रहे थे। तथा उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से जहां मंच के विभिन्न जिलों के सदस्यों ने बधाई दी है, तो वहीं नितेश अग्रवाल ने कहा है कि आने वाले समय में शीघ्र ही मंच की प्रदेश कार्यकारिणी का नवीन गठन किया जाएगा साथ ही मंच की महिला इकाई की भी जिला तथा स्थानीय स्तर पर कार्यकारिणी का गठन होगा एवं मंच द्वारा वार्षिक रूप से स्थाई कार्यक्रमों का निर्धारण किया जाएगा एवं अगले वर्ष 14 वें एजुकेटेड परिचय सम्मेलन का भी आयोजन वृहद रूप से किया जाएगा, ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच विगत लगभग 30 वर्षों से निरंतर छत्तीसगढ़ प्रदेश में सक्रिय रूप से काम कर रही है तथा इस संस्था द्वारा विगत 13 वर्षों से निरंतर अग्रवाल समाज के विवाह योग्य एजुकेटेड युवक यूवतियों का वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, तो वहीं सक्रिय रूप से वर्ष भर यह संस्था सेवा तथा रचनात्मक कार्यों में अग्रणी योगदान देती है।

# नवागढ़ पुलिस को जुआ खेलने वाले 04 जुआड़ियों को पकड़ने में मिली सफलता

- आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 14080/ रूपये एवं 52 पत्ती तास को किया बरामद

पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जांजगीर पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नवागढ़ थाना प्रभारी निरी. भास्कर शर्मा के नेतृत्व में थाना नवागढ़ क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग/ रात्रि गश्त की जा रही हैं। इसी क्रम में थाना नवागढ़ क्षेत्र में 04 लोगों को जुआ खेलते हुए पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध छ ग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा (2) के तहत कार्यवाही किया गया। पकड़े गए जुआरियों मे 01. विजय कुमार कश्यप उम्र 38 साल निवासी नवागढ़ 02. संजय श्रीवास उम्र 27 साल निवासी कोरबा थाना सिटीकोतवाली कोरबा 03. मो. आदिल उम्र 26 साल निवासी शारदा बिहार अटल आवास कोरबा 04. भानु साहू उम्र 30 साल निवासी भैंसमुडी थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा उपरोक्त जुआ रेड के कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, उप निरी. रमेश एक्का, आर संजय टंडन, कुलदीप खुटे, श्याम कुमार शांते, अमन राजपूत, भुनेश्वर पटेल एवं थाना नवागढ़ स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।

# मनेंद्रगढ़ में आयोजित पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना का कैंप

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लोगों को इसका लाभ प्रदान किया गया। इस कैंप का उद्देश्य आम नागरिकों को योजनाओं से जोड़कर उनकी स्थिति को बेहतर बनाना था।

**पीएम स्वनिधि योजना**- इस योजना के तहत 72 लाभार्थियों को सम्मानित किया गया जिनमें से 25 लोग पीएम स्वनिधि योजना के तहत 8 महिला समूहों से जुड़कर व्यक्तिगत लोन प्राप्त करने में सफल रहे। इसके तहत महिलाओं को अपने छोटे व्यवसायों के लिए 10,000 रुपयों तक का लोन दिया गया जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**-इस योजना के अंतर्गत 30 हितग्राहियों को पीएम आवास योजना के तहत HP फॉर्म भरने के बाद आवासीय सहायता मिल सकेगी। इन लाभार्थियों को अब अपने घर बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त होगी।

**मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना**-इस योजना के तहत 60 मरीजों को फ्री में इलाज दिया गया और सभी 60 मरीजों को मुफ्त दवाइयां प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त 15 लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण भी किए गए। इस योजना का उद्देश्य झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले गरीब लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। कैंप में कुल लगभग 120 लोग शामिल हुए और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिला। मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका परिषद में पदस्थ एनयूएलएम की मिशन मैनेजर शुचि पाण्डेय ने बताया कि इस तरह के कैंप आगे भी आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके और उनकी जीवनशैली में सुधार हो सके। इस कैंप का आयोजन स्थानीय लोगों के लिए बहुत लाभकारी रहा और इससे उनकी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला। इस दौरान कविता जायसवाल, रहीश केवट, चंदा के अलावा काफी संख्या में स्व-सहायता समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

**छोटे व्यापारियों को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बैंक से 10,000 से 20000 50,000 तक का ऋण**

# नगर पालिका में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 650 पथ विक्रेताओं को मिला लाभ

पायनियर संवाददाता ‹ चांपा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद चांपा द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत शहरी गरीबों और छोटे व्यवसायों से जुड़े पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। इस योजना के तहत छोटे व्यापारियों को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बैंक से 10,000 से 20000 50,000 तक का ऋण प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनके स्वरोजगार को स्थापित किया जा रहा है (1) चांपा नगर पालिका परिषद में अब तक नगर पालिका परिषद चांपा के माध्यम से 650 पथ विक्रेताओं को इस योजना का लाभ प्रदान किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी गरीबों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके छोटे व्यवसायों को स्थायित्व प्रदान करवाना (2) चांपा नगर पालिका परिषद में दीनदयाल अंत्योदय योजना की भूमिका प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने में दीनदयाल अंत्योदय योजना के सामुदायिक संगठक राजकुमारी सिंह और सुनीता प्रधान का विशेष योगदान रहा है। इनके निरंतर प्रयासों से योजना के लाभार्थियों तक सहायता पहुंचाई गई है।

**प्रधानमंत्री स्व निधि योजना की विशेषताएं**-आर्थिक सशक्तिकरण बैंक के द्वारा पथ विक्रेताओं को प्रथम किस्त 10,000 से 20000 50,000 तक का ऋण प्रदान किया गया, जिससे वे अपने व्यवसाय को बढ़ा सकें। और आत्मनिर्भरता: इस योजना से जुड़कर लाभार्थी न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं, बल्कि उन्हें अपने व्यवसाय को स्थायी रूप से स्थापित करने का अवसर मिला है।सतत प्रयासः नगर पालिका परिषद चांपा द्वारा इस योजना के तहत आगे भी लाभार्थियों को जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। इस योजना को सफल बनाने में चांपा नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों और सामुदायिक संगठकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उन्होंने लाभार्थियों को योजना से जोड़ने, बैंक से ऋण दिलाने और उन्हें व्यवसाय को बढ़ाने में हर संभव सहायता प्रदान की। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत चांपा नगर पालिका परिषद द्वारा किए गए ये प्रयास न केवल गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने में मददगार साबित हो रहे हैं, बल्कि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक मिसाल भी पेश कर रहे हैं।

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) उत्तर बस्तर, कांकेर**

कार्यालय दूरभाष/फैक्स :- 07868-241125, E-mail:- kankerlocalelection@gmail.com

**// मतपत्र मुद्रण कार्य के लिए प्रथम निविदा सूचना //**

क्रमांक/कले./स्था.निर्वा./नपा.निर्वा./म.सू.मु/2025/395 कांकेर, दिनांक 09/01/2025

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला उत्तर बस्तर कांकेर में वर्ष 2024-25 में होने वाले नगरीय निकायों (नगरपालिका) के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबन्द निविदाएं जिला उ.ब. कांकेर अन्तर्गत स्थानीय स्तर के फर्मों से आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रुपये 100/- है) कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं कलेक्टर कार्यालय में दिनांक 29/01/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।
2. मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे।
3. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
(स्थानीय निर्वाचन)
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

G-242505326/2

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र-202501201500008/अ-6/2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती लखमी ध्रुव पति स्व. फुलसिंह ध्रुव जाति गोण्ड निवासी बाजारपारा कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला बाजारपारा वार्ड में स्थित भूखण्ड क्रमांक 691/1 में से क्षेत्रफल 50 वर्गमीटर भूमि राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत् 30 वर्षीय पट्टा फुलसिंह पिता गिरधारी जाति गोंड के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा अपने पति तुलाबती पत्ति फुलसिंह पिता स्व. गिरधारी की दिनांक 10.01.2011 को मृत्यु होने के कारण छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत् आवेदित भूमि से फौती का नाम खारिज कर उनके वैध वारिसों का नाम दर्ज किये जाने हेतु तलवाना, राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत् प्राप्त 30 वर्षीय पट्टा की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 21.01.2025 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
कोण्डागांव (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-/202501201500002/ब-121/2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के पत्र क्रमांक/4024/न.पा./भ.नि.शा./2024 कोण्डागांव दिनांक 06.01.2025 के अनुसार आवेदक श्री गुरदेव सिंह पिता श्री जोगेन्द्र सिंह जाति पंजाबी निवासी-आड़काछेपड़ापारा वार्ड, तहसील व जिला-कोण्डागांव, (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला-आड़काछेपड़ापारा स्थित भूमि शीट नम्बर-01 भूखण्ड क्रमांक 185/16 क्षेत्रफल 655.83 वर्गफीट भूमि आवासीय मकान नजूल संधारण खसरा में गुरूदेव सिंह पिता जोगेन्द्र सिंह जाति पंजाबी के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि क्षेत्रफल 655.83 वर्गफीट भूमि में से भूतल में क्षेत्रफल 521 वर्गफीट पर व्यावसायिक प्रयोजन भवन निर्माण करने अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु नक्शा, खसरा एवं अन्य दस्तावेज सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय को भूमि सत्यापन एवं निर्माण कार्य हेतु अभिमत/अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 22.01.2025 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
कोण्डागांव (छ.ग.)

# दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में उपमुख्यमंत्री का ऐतिहासिक पहल

## जिले के 40 दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरण कर उपमुख्यमंत्री ने बढ़ाया उनका आत्मविश्वास



### दिव्यागजनों के जिंदगी में आया एक नया मोड़, अपने सपनों को कर पाएंगे आसानी से पूरा

स्कूटी मिलते ही दिव्यांग हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी की लहर देखने को मिली। हितग्राहियों ने खुशी जताते हुए कहा कि अब उनकी जिंदगी में एक नया मोड़ आएगा और वे अपने सपनों को आसानी से पूरा कर पाएंगे। दिव्यांग हितगाही छोटी मेहरा ने बताया कि यह स्कूटी मेरे लिए एक नई उम्मीद और आत्मविश्वास का प्रतीक है। अब मैं खेल प्रशिक्षण और अपने कार्यों को स्वाभाविक रूप से और आसानी से पूरा कर सकती हूं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 40 दिव्यागजनों को स्कूटी की चाबी सौंपी। इनमें गोपी सोनी, सियाराम चंद्रवंशी, उमेश सिंह राजपुत, सरस्वती जायसवाल, सरताज आलम, मनोज गंधर्व, गोपी नाथ योगी, विनोद साहू, पूरन नेताम, बिटो साहू, राजू सोनले, कु. प्रमीला जायसवाल, देवसिंह अहिरे, रामाधार पटेल, रोहित कुमार पटेल, सेवक राम साहू, रमेश्वर कोशले, भगत राम निषाद, उतरा जांगडे, कुमारी संध्या सोनी, अंतू राम घृतलहरें, शोभा राम पटेल, भुपेंन्द्र निषाद, अशोक कुमार, जनक राम सिन्हा, तोपराम गावस्कर, राजकुमार भट्ट, मह्यु राम साहू, राजकुमारी, पप्पु साहू, व्यासनारायण तिवारी, शंकर, लाल साहू, छोटी मेहरा, खिलेश यादव, यशवंत कुंभकार, ललिता पटेल, रामफुलिया पटेल, गंगाराम साहू, सोनलाल पटेल और देवकुमार टंडन को स्कूटी वितरण किया गया।

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले में दिव्यांगजनों के जीवन को नई दिशा देने की एक अभूतपूर्व पहल करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 40 दिव्यांगजनों को स्कूटी का वितरण किया। यह वितरण सीएसआर मद से किया गया, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों के जीवन को सरल, सुलभ और आत्मनिर्भर बनाना है। उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों के हाथों से हितग्राहियों को स्कूटी की चाबियां सौंपी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार दिव्यांगजनों के उत्थान और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोडने के लिए सतत प्रयासरत है। यह स्कूटी न केवल उनकी भौतिक कठिनाइयों को कम करेगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास और मानसिक शक्ति को भी बढ़ावा देगी। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार दिव्यांगजनो के कल्याण के लिए और भी कई योजनाओं पर काम कर रही है, ताकि उन्हें बेहतर जीवन और समाज में समान अधिकार मिले। समाज में दिव्यांगजनो के प्रति यह संवेदनशील पहल न केवल उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करती है, बल्कि यह पूरे समाज में समानता और समावेशिता का संदेश भी फैलाती है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इस तरह की योजनाओं से दिव्यांगजनो को न केवल शारीरिक मदद मिलती है, बल्कि यह उनकी मानसिक स्थिति को भी सशक्त बनाता है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यह स्कूटी दिव्यांगजनो के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार हमेशा यह सुनिश्चित करेगी कि समाज के हर वर्ग को समान अवसर मिलें और उन्हें कोई भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस पहल ने न केवल 40 दिव्यांगजनों की जिंदगी को नया मोड़ दिया, बल्कि समाज में समानता और समावेशिता का संदेश भी दिया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस योजना के अंतर्गत अब तक कुल 73 दिव्यांगजनो को स्कूटी प्रदान कर चुके है। इससे पहले भी उन्होंने 33 दिव्यांगजनो को इसी तरह की सहायता प्रदान की थी। उनका उद्देश्य है कि दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बनें और उन्हें समाज में बराबरी का दर्जा मिले। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, जनपद उपाध्यक्ष डॉ बीरेन्द्र साहू, सतविंदर पाहुजा, कैलाश चन्द्रवंशी, चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी सहित जन प्रतिनिधि समस्त पत्रकार साथी उपस्थित थे।

# दुर्ग में देश भर के नामचिन हड्डी रोग विशेषज्ञों का तीन दिवसीय सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ आर्थोपेडिक एसोशियसन के 24वें वार्षिक सम्मेलन का तीन दिवसीय सम्मेलन दुर्ग में संपन्न हुआ 10 से 12 जनवरी तक देश भर के 30 विख्यात विशेषज्ञों के अलावा छत्तीसगढ़ के 200 अस्थि रोग विशेषज्ञ इस सम्मेलन में शामिल हुए। दुर्ग के एक निजी होटल में आयोजित इस तीन दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी भिलाई दुर्ग अस्थि सर्जन संगठन द्वारा की गई। दुर्ग। प्रथम दिवस 10 जनवरी के कार्यशाला में जोड़ो को पुर्नजीवन देने वाली पद्धति के विषयों पर चर्चा हुई। ख्याति प्राप्त विशेषरा डॉ. पंकज जिंदल ने हाथों के विकृति के उपचार पर विशेष व्याख्यान दिया। ग्वालियर के प्रख्यात सर्जन डॉ. समीर गुप्ता ने कूल्हे की हडडी के फ्रैक्चर के विभिन्न उपचार विधियों पर अपने अनुभव साझा किए। बेंगलोर की प्रख्यात सर्जन डाण्वी माधुरी ने बच्चों में होने वाले जन्मजात विकार क्ल्भ् पर अपना व्याख्यान दिया। डॉ. विपिन जैन ने राज्य अस्थि रोग संघ के नये अध्यक्ष के रूप में अपना कार्यभार संभाला एवं वर्ष 2026 के लिए डा. प्रशांत द्विवेदी को अध्यक्ष चुना गया। संघ के प्रमुख सचिव ने संघ के वर्ष भर की विभिन्न कार्यक्रम की जानकारी एवं आय लेखा जोखा प्रस्तुत किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ.अखिलेश यादव ने समस्त अथितियों को सम्मेलन में भाग लेकर उसे सफल बनाने क। लिए आभार प्रकट किया।

# ग्राम कोडिया में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आम-जनता तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच आसान बनाने हेतु स्वास्थ्य मेला के अंतर्गत 09 नवम्बर 2024 से 08 जनवरी 2025 तक दुर्ग जिले के विभिन्न विकासखण्डों में निर्धारित तिथियों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इसी के तहत विगत दिनों भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) एवं जिला चिकित्सालय, दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम कोडिया में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कोडिया में आयोजित चिकित्सा शिविर में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (बीएसपी) से डॉ एम सरस्वती फार्मासिस्ट सुसन जैकब, प्रभा सैमुअल एवं पंजीयन हेतु शंभू दयाल एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग की ओर से डॉ वेदकुमारी साहू, मीना वर्मा, उषा सोनी उपस्थित थी। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में कुल 96 लोगों की सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच करने के साथ ही उन्हें निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई जिसमें 50 पुरुष, 40 महिलाएं एवं 06 बच्चे शामिल थे। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच की सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए निरन्तर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, संयंत्र के परिधीय तथा खनि क्षेत्रों में किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत शहर के वार्डों में हो रहा मुफ्त इलाज



पायनियर संवाददाता ◄ खरोरा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत खरोरा मे प्रतिदिन मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडीकल का संचालन किया जा रहा है। जिससे इसका फायदा नगर वासियो को भरपूर मिल रहा है। योजना के प्रारम्भ से अभी तक कुल 16000 मरीजों का इलाज किया जा चुका है, साथ ही साथ अभी तक कुल 4300 मरीजों का खून जाँच भी किया जा चुका है, यह योजना मुख्यमंत्री की महत्वकांछा योजना है जो की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर द्वारा इसका नेतृत्व किया जा रहा है। इनके निर्देशानुसार परियोजना प्रबंधक विवेक दिनकर द्वारा प्रतिदिन इसका मॉनिटर किया जा रहा है। साथ ही स्वच्छता दीदियों की हर महीने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है जिससे इन्हे हर महीने स्वास्थ्य का भरपूर लाभ पहुचे, जिला समन्वयक अमित बंछोर के नेतृत्व मे यह कैंप दीदियों के लिए रखा जाता है।

### मरीन ड्राइव में फिटनेस अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन, भारी संख्या में लोग हुए शामिल

**रायपुर।** प्रदेश के रायपुर स्थित मरीन ड्राइव तेलीबांधा में पुलिस ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। जिसके लिए यहां पर रोड सेफ्टी और फिटनेस अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया हैं। फिटनेस के लिए इस इवेंट में जुंबा, एरोबिक्स, स्किल, ड्राइविंग नॉलेज टेस्ट, और क्विज समेत एआई फोटोग्राफी का भी कार्यक्रम आयोजन किया है। जानकारी के मुताबिक देशभर में 1 जनवरी से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए राजधानी वासियों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया है। रायपुर पुलिस ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। मरीन ड्राइव तेलीबांधा में फिटनेस एंड रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किए गए है।

# सहायक उपकरण पाकर खिले दिव्यांगजनों के चेहरे



पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

जिले के 6 दिव्यांगजनों को जिला कार्यालय परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा चार बैटरी चलित सायकल एवं दो बैसाखी के साथ कुल 08 उपकरण प्रदाय किया गया। सहायक उपकरण पाकर सभी दिव्यांगजन अत्यंत अभिभूत हुए और मुख्यमंत्री साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि नगर पंचायत चारामा निवासी कु. गैंदीबाई सोनकर, जनपद पंचायत नरहरपुर के ग्राम धनेसरा निवासी धनराज कुंजाम, जनपद पंचायत कांकेर के ग्राम बाबूदबेना निवासी डमेशराम गंगवार और जनपद पंचायत अंतागढ़ के ग्राम बुलावण्ड निवासी अर्जुन राम जैन को बैटरी चलित सायकल प्रदाय की गई। इसी प्रकार धनेसरा निवासी रामीन यादव और मरकाटोला निवासी संतोष हिरवानी को बैशाखी प्रदान किया गया। सहायक उपकरण मिलने पर कु. गैंदी एवं अन्य ने बताया कि बैटरी चलित सायकल मिलने पर उन्हें आने-जाने में सुविधाएं होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री साय, विधायक नेताम के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में कालीचरण को मिली बैटरी चलित ट्राई साइकिल



### मिला नया सहारा, अपना कार्य स्वयं करने में होंगे सक्षम

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की संवेदनशील पहल से एक बीमारी की वजह से चलने फिरने में असमर्थ कालिचरण राम को एक बड़ा सहारा मिला है। कैंप कार्यालय में उन्हें बैटरी चलित ट्राई साइकिल प्रदान किया गया। इससे उनमें एक नया आत्मविश्वास का संचार हुआ है, अब वह अपनी दिनचर्या के कार्य करने में स्वयं सक्षम हो सकेगा। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को प्रति आभार व्यक्त किया है। बीमारी की वजह से लोरो बगीचा, तहसील दुलदुला निवासी कालिचरण राम दोनों पैरों से चलने फिरने असमर्थ थे। अपने दिनचर्या के कामों में भी उन्हें किसी और पर निर्भर रहना पड़ता था। कालीचरण ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में इस संबंध में आवेदन देकर अपनी परेशानियों का जिक्र किया और ट्राई साइकिल प्रदान करने की मांग की। कैंप कार्यालय बगिया में उन्हें बैटरी चलित ट्राई साइकिल प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बगिया में स्थापित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करने के साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

# जिले के तीन ब्लॉकों में चलाया जाएगा फाईलेरिया उन्मूलन अभियान

### 10 से 14 फरवरी तक बूथों पर कराया जाएगा दवा सेवन

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जिले के तीन विकासखंड तोकापाल, बस्तर एवं बकावंड में सघन फाईलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। उक्त अभियान के दौरान 10 से 14 फरवरी तक स्वास्थ्य दलों द्वारा बूथों पर यथा आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, पंचायत भवनों में दवा का सेवन कराया जाएगा। तत्पश्चात 15 से 25 फरवरी तक घर-घर भ्रमण कर दवा सेवन करवाया जाएगा। वहीं 26 से 28 फरवरी तक मापअप राउण्ड में छूटे हुए लाभार्थियों को दवा का सेवन कराया जाएगा। इस फाईलेरिया उन्मूलन अभियान के दौरान 10 से 28 फरवरी तक मेडिकल कॉलेज, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एमडीए कार्नर यथा सामूहिक दवा सेवन केन्द्र भी संचालित रहेंगें। ज्ञातव्य है कि फाईलेरिया (हाथी पांव) जैसे गंभीर बीमारी से बचाव हेतु सरकार द्वारा सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसके अंतर्गत दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रोग से ग्रसित व्यक्तियों को छोड़कर अन्य सभी व्यक्तियों को फाईलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाती है। इस बार यह अभियान 10 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर जिले के तीन विकासखंड तोकापाल, बस्तर एवं बकावंड में चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने इस सम्बंध में बताया कि जिले के उक्त चिन्हित विकासखण्डों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, नगरीय प्रशासन विभाग सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से फाईलेरिया उन्मूलन अभियान को सुचारू रूप से चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं कंपलायंस को बढ़ाने हेतु प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल संस्था के द्वारा ममता नंद डिस्ट्रिक्ट मोबिलाइजेशन कोआर्डिनेटर को विकासखंड बस्तर, बकावंड एवं तोकापाल तथा जिला एनव्हीबीडीसीपी शाखा के साथ निरंतर रूप से समन्वय कर हाथी पांव उन्मूलन हेतु कार्य सम्पादित किए जाने कहा गया है।

# दिव्यांग बच्चों के लिए राज्य बाल कल्याण परिषद ने शुरू किया 'शिक्षा का मंदिर'

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद रायपुर ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर दिव्यांग बच्चों के लिए प्री-प्राइमरी स्कूल शिक्षा का मंदिर का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। परिषद के अध्यक्ष और सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं। संयुक्त सचिव राजेन्द्र कुमार निगम ने बताया कि स्कूल का उद्घाटन सप्रे शाला परिसर, बूढ़ा पारा रायपुर स्थित मुख्य कार्यालय के भू-तल में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद पहले से ही मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए कई केंद्र संचालित कर रही है, जिनमें बालगृह बालक माना कैंप, बाल जीवन ज्योति बालिका गृह पुरानी बस्ती, बालिका गृह कोंडागांव और रायपुर का स्पीच थैरेपी सेंटर शामिल हैं। अब दिव्यांग बच्चों के लिए एक वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर भी शुरू किया जा रहा है ताकि उनकी क्षमता के अनुसार उन्हें कौशल प्रदान किया जा सके। इस अवसर पर सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और पूजा के साथ शिक्षा का मंदिर स्कूल का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. अशोक त्रिपाठी, डॉ. कमल वर्मा और महासचिव चंद्रेश शाह ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव राजेन्द्र कुमार निगम ने किया और आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष इंदिरा जैन, संयुक्त सचिव प्रकाश अग्रवाल, स्कूल प्रभारी संजीव बसंत हुड्डार, छगन भाई पटेल, रत्ना पांडे, हर्षा जोशी, प्रभा सेंद्रे, श्वेता सिंह और इंद्रसेन सहित परिषद के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। यह पहल छत्तीसगढ़ राज्य में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और विकास के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। शिक्षा का मंदिर के माध्यम से बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके उज्जवल भविष्य की नींव रखने का लक्ष्य है।

# प्रिज्म कालेज में मनी विवेकानंद जयंती



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

प्रिज्म स्कूल आफ एजुकेशन में बी.एड सेमेस्टर प्रथम एवं सेमेस्टर चतुर्थ के विद्यार्थियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विद्यार्थियों ने विवेकानंद जी के जीवन से जुड़ी हुई प्रेरणाप्रद कहानी,स्लोगन मैं भाग लिया। प्रिज्म इंस्टीट्यूशन की डायरेक्टर ख्याति साहू ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद को युवा शक्ति की प्रेरणा बताते हुए विद्यार्थियों को कहा कि आप भी भावी जीवन के युवा शक्ति है। आप अपने कार्यों तथा कर्तव्यों को भली भांति निर्वाह करें। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ अंजना ने विवेकानंद के कथन- 'मुझे गर्व है कि मैं उस देश से हूं जिसने सभी धर्मों को शरण दी है। मुझे गर्व है कि मैं ऐसे धर्म से हूं जिसने पूरी दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति का ज्ञान दिया। हम विश्व के सभी धर्मों को बराबर सम्मान देते हैं। पर सुन्दर विचार प्रस्तुत किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने महकाखुर्द ग्राम में ग्रामीण सर्वे में भाग लिया जिसमें रैली के दौरन पोलियो उन्मुक्त भारत पर नारे लगाए। और स्वच्छता तथा जल संवर्धन पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त वरिष्ठ अध्यापक गण उपस्थित थे।

# मुड़ंपहार में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

### प्रथम पुरस्कार 15001 रूपए

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

जे.बी.डी. क्रिकेट क्लब मुण्डपहार (केजुवां) के द्वारा आज 15 जनवरी से टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 15001 रूपए, द्वितीय पुरस्कार10001 रूपए, तृतीय पुरस्कार रूपए 5001 रूपए, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपए रखा गया है। प्रतियोगिता 15 से 24 जनवरी तक आयोजित है। आयोजनकर्ता के अध्यक्ष मानसिंह भोई, उपाध्यक्ष रमेश भोई, सचिव गुरूसिंह हीरा, सह सचिव कमलेश भोई, कप्तान शिवप्रसाद पारेसर, मनोज हीरा, विश्वनाथ हीरा, गुलाब किशोर हीरा ने बताया कि यह आयोजन का 13वां वर्ष है। उक्त प्रतियोगिता में सेमिफाईनल एवं फाईनल मैच में मैन ऑफ द मैच श्रीवास्तव कपड़ा बाजार तथा शील्द चरण सिंह नेताम द्वारा प्रदाय किया जाएगा। वहीं फायनल मैच के दिन खिलाड़ियों तथा उपस्थित दर्शकों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है। आयोजन समिति उक्त प्रतियोगिता को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में फिजियोथेरेपिस्ट की पदस्थापना

**सरायपाली।** नव वर्ष 2025 में स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में फिजियोथैरेपिस्ट के रूप में डॉक्टर आशीष कुमार भास्कर की पदस्थापना किया गया है अब किसी भी प्रकार का घुटनों का दर्द, फ्रैक्चर, सर्वाइकल(गर्दन) का दर्द, पीठ का दर्द, कमर दर्द,जोड़ो का दर्द, कंधों का जाम होना ( फ्रोजन शोल्डर), लकवा के मरीज, पार्किंसन डिसीज, अर्थराइटिस इत्यादि वालों को भटकना नहीं पड़ेगा अत्यंत आधुनिक मशीनों द्वारा तथा मैन्युअल थेरेपी के माध्यम से यह सेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कमरा नंबर 9 में उपलब्ध है उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टी आर धृतलहरे के द्वारा दिया गया।

अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत उसेली के आश्रित पंचायतो की स्थिति दयनीय, सड़क पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से अनजान

# सरकार मना चुकी अमृत काल फिर भी अंदरूनी क्षेत्रों में बदहाली

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com





जिले के अन्तागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत उसेली के आश्रित ग्राम पुसागांव नीलेगोंदी, मरमा, खड़का जोकि जिला मुख्यालय से महज 20 से 25 किमी की दूरी पर है, जहां के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है। जहाँ सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लेना अब ग्रामीणों के लिए एक सपना साबित हो रहा है लाखो करोड़ो खर्च के बाद नल जल योजना को अब तक विभाग धरातल में नहीं ला पाई है, जिसके चलते ग्रामीणों को झरिया का पानी पीना पड़ रहा है। वहीं सड़कों के लिए भी ग्रामीण कई बार फरियाद कर चुके है। विदित होकि केंद्र व राज्य सरकार के मंत्री व नेता हमेशा से एक डायलॉग को रट्टा मार रखे है कि गांव के अंतिम छोर तक विकास पहुंचाना है किंतु आज इसका दूसरा पहलू पायनियर अखबार आपके पास पहुंचाना व दिखाना चाहती है, जहां आज भी कुछ अंदरूनी क्षेत्र व आसपास के क्षेत्र में विकास की गंगा उल्टा बहती दिख रही है। जहाँ आजादी के इतने वर्ष बाद भी बिजली पानी, शौचालय आदि की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे है। इसका जीता जागता उदाहरण अन्तागढ़ ब्लॉक के कुछ गांवों में देखने को मिला जहाँ गांव में खेत के झरिया के पानी पर ग्रामीण निर्भर है।

**सांसद-विधायक इसी विकासखण्ड से फिर भी समस्या जस की तस**
बता दें कि भाजपा की केंद्र व राज्य में डबल इंजन की सरकार है गौर करने वाली बात यह है कि अंतागढ़ विकासखण्ड से ही विधायक विक्रम उसेंडी व सांसद भोजराज चुनकर आये है। फिर भी ऐसी बदहाली का सामना विकासखण्ड के ग्रामीणों करना पड़ रहा है।

**ग्रामीणों व युवाओं में दिखी नाराजगी आंदोलन की दी चेतावनी**
अन्तागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत उसेली के आश्रित पंचायत पुसागांव, नीलेगोंदी व आसपास के गांवों में जब पायनियर अखबार की टीम पहुँची तो वहां के ग्रामीणों व खासकर युवाओं में मूलभूत सुविधाओं लेकर खासा नाराजगी देखने को मिली जहाँ युवाओं का कहना था विकास की बातें केवल और केवल पन्नों में दिख रही है धरातल में यहाँ मूलभूत सुविधाओं का टोटा पड़ा हुआ है। जिस ओर जनप्रतिनिधियों को ध्यान देने की आवश्यकता है। हम आज अमृतकाल महोत्सव मना रहे है लेकिन यहाँ शुद्ध पेयजल व पक्की सड़क के लिए ग्रामीणों जद्दोजहद करना पड़ रहा है।

**आखिर जनप्रतिनिधि जितने के बाद क्यो हो जाते है गायब**
इस सबन्ध में स्थानीय ग्रामीण युवा मनकू नरेटी ने कहा कि विकास के दावे करने वाले जनप्रतिनिध आखिर चुनाव जीतने के बाद अपने मुद्दों से कहां गायब हो जाते है और जिन मुद्दों को लेकर वे चुनावी मैदान में उतरते है उसके बाद ये सभी मुद्दे कैसे गायब हो जाते है यह भी एक बड़ा सवाल है जिसे गांव के ग्रामीणों, युवाओं को सोचने की आवश्यकता है।

**मेरे पास इस सबन्ध में बात करने का समय नहीं है : भोयर**
जल जीवन मिशन को संचालित करने वाला विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्य पालन अभियंता बीएन भोयर से जल जीवन मिशन अंतर्गत इन पंचायतों के सबन्ध में समाचार सबंधी चर्चा करने पर उन्होंने तुरंत कहा कि मेरे पास समय नहीं है। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अधिकारी के पास समस्या सुनने का भी समय नहीं है।

# अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





ग्राम गिधली में मां माहेश्वरी दक्षिण काली शक्तिपीठ के तत्वावधान में मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने मां काली की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिये तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पहुंचकर श्री राधा कृष्णा जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना करते सभी को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दिए तथा मकर संक्रांति पर्व के महत्व को बताते हुए कहा कि इस दिन दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में सुख-समृद्धि का वास बना रहता है। साथ ही इस दिन जो व्यक्ति भगवान सूर्य की अराधना करता है उसे मान-सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होती है। साथ ही उसे आरोग्यता की प्राप्ति होती है।यह सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही आशा और नई शुरुआत का प्रतीक है। यह एक नए कृषि चक्र की शुरुआत और सर्दियों के अंत का भी प्रतीक है। इस शुभ दिन पर, लोग आने वाले वर्ष में धन-संपत्ति को गले लगाते हैं और भरपूर फसल के लिए प्रकृति का आभार व्यक्त करते हैं और भविष्य की समृद्धि के लिए प्रार्थना करने का अवसर है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन ही गंगा नदी का अवतरण पृथ्वी पर हुआ था और भगीरथ उन्हें धरती पर लाए थे। इसी वजह से मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान करना शुभ माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार, मकर संक्रांति को शनि देव और उनके पिता सूर्य की मुलाकात के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन लोग गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों में स्नान करते हैं,सूर्य देव को जल अर्पित करने के बाद गुड़, तिल, खिचड़ी, गरम कपड़े आदि का दान करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाराज रामकृष्ण दास वैष्णव, जितेन्द्र दास वैष्णव, नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजय भोई, शोभित मांझी सहित बड़ी संख्या क्षेत्रवासी मौजूद थे।

**मकर मिलन समारोह में शामिल हुए**-ग्राम चिर्राझरन में पर्यावरण प्रकृति संरक्षण समिति द्वारा आयोजित मकर मिलन समारोह में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए तथा सभी मकर संक्रांति पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि सूर्यापासना का यह मंगल पर्व समस्त जन के जीवन को सुख समृद्धि और सम्पन्नता से संपुरित करें,यही कामना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाबा कलपदास, बाबा रामानंद दास, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा,विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मथामणी बढाई,अशोक हरिवंश, राकेश जैन, लक्ष्मी वर्मा, मिनिकेतन दास, रामशरण साहू, संतोष पारेश्वर, खेमू अग्रवाल, ईश्वर साहू, सुशील प्रधान, विजय पटेल, हेमंत ठाकुर, नीरज प्रधान, मुरली यदुराज, अजय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विप्र भवन में सामूहिक उपनयन संस्कार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति एवं विप्र शक्ति महिला मंडल द्वारा बुधवार को विप्र भवन में सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह,व्रतबन्ध का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज द्वारा लगातार 28 वें वर्ष वैदिक रीति और मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा सुबह 7:00 से वैदिक रीति से प्रारंभ जनेऊ संस्कार प्रारंभ होगा। व्रतबंध आयोजन में छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के लगभग 50 बटुकों का उपनयन संस्कार किया जाएगा।

# अपर आयुक्त ने निगम जोन 1 के कार्यों की समीक्षा कर अप्रारम्भ विकास कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ करने दिए निर्देश

## ठेकेदारों के कार्य देयकों को समय पर प्रस्तुत करवाने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने नगर निगम जोन 1 कार्यालय पहुंचकर उपायुक्त लोक कर्म विभाग राजेश्वरी पटेल, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर सहित जोन 1 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव, कार्यपालन अभियंता डी. के. पैकरा, गजाराम कँवर, सहायक अभियंता शरद देशमुख, उप अभियंताओं की उपस्थिति में बैठक लेकर विस्तृत कार्य समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए. अपर आयुक्त ने सभी अप्रारम्भ विकास कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ करवाने और सभी प्रगतिरत विकास कार्यों को तय समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करवाने के निर्देश जोन अधिकारियों को दिए है।

अपर आयुक्त ने अभियंताओं को विकास एवं निर्माण कार्यों से सम्बंधित अनुबंधित ठेकेदारों के देयकों को भुगतान कार्यवाही हेतु नियमानुसार समय पर प्रस्तुत करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कार्य समीक्षा उपरांत अपर आयुक्त ने उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंताओं की उपस्थिति में निगम जोन 1 लोक कर्म विभाग द्वारा खमतराई बाजार में निर्माणाधीन नाली और बसंत विहार कॉलोनी क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क मार्गो के कार्यों की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया एवं कार्यों को सतत मॉनिटरिंग करते हुए तय समयसीमा के भीतर गुणवत्तायुक्त रूप में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# शिक्षक छोटेलाल साहू को मिला नवयुग राइजिंग टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड 2025 शिक्षकों एवं मित्रो ने दी बधाई



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नवयुग विकास फाउंडेशन द्वारा मायाराम सुरजन हाल लोकायन में आयोजित सम्मान समारोह विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों एवं समाज सेवी संस्थाओं के प्रमुखों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी, द्वारा मुझे भी शिक्षा एवं सामाजिक सेवा के क्षेत में विशेष कार्य के लिए नवयुग राइजिंग टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया है। विशिष्ट अतिथि छालीवुड, विद्या राजपूत छत्तीसगढ़ी लोक गायिका जोशी बहनें रेखा, प्रभा, रमा जोशी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रोग्राम कामिनी साहू राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। नवयुग विकास फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले नवाचारी शिक्षकों एवं सामाजिक संस्थान को सम्मानित करते है। टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित होने पर शिक्षकों एवं मित्रों में हर्ष है। नवयुग विकास फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इस प्रकार निरंतर सम्मानित करते रहे।

# सीएमओ ने नगर भ्रमण कर सफाई पेयजल और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का किया निरीक्षण

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे एवं सफाई प्रभारी महेन्द्र कुमार बघेल, जल प्रभारी ईश्वर कुमार आर्य, पी.आई.यू. महेन्द्र कुमार साहू, प्रभारी लाईनमेन गोविन्द लाल उइके ने नगर भ्रमण कर साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया नगर की साफ सफाई, पेयजल, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है जिससे स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 गार्बेज फ्री सिटी में उच्चतम अंक प्राप्त किया जा सके। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले मिशन क्लीन सिटी की स्वच्छता दीदीयों को 7200 मासिक मानदेय मिल रहा है उनकी आय में बढोतरी के लिए घरो से निकलने वाले सूखे कचरे एवं गिले कचरे से खाद बनाकर बेचकर सभी स्वच्छता दीदीयों की आय में बढोतरी हुई समस्त स्वच्छता दीदीयों के स्वास्थ्य के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इनका हेल्थ चेकप हर सप्ताह एमएमयू वाहन के माध्यम से कराया जाता है टोल फ्री नंबर निदान 1100 में साफ सफाई पेयजल एवं मूलभूत सुविधाओं की कमियों की शिकायत की जा सकती है।

# सिम्बायोसिस इंटरनेशनल ने एंट्रैंस टेस्ट: एसईटी 2025 एसआईटीईईई 2025 के माध्यम से अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) (एसआईयू) ने सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम 2025 के माध्यम से अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उम्मीदवार 12 अप्रैल 2025 तक ऑफिशियल पोर्टल के ज़रिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इस टेस्ट में उम्मीदवारों को दो मौके मिलते हैं, जिसमें उनके सर्वश्रेष्ठ स्कोर को वैद्य माना जाता है। प्रवेश परीक्षा 5 मई 2025 और 11 मई 2025 को होगी, परिणामों की घोषणा 22 मई 2025 को की जाएगी। सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम एक घण्टे की कम्प्यूटर-आधारित प्रवेश परीक्षा है जो विभिन्न विषयों में छात्रों के एप्टीट्यूड का मूल्यांकन करती है। हर परीक्षा में उम्मीदवारों को दो अटेम्प्ट मिलते हैं। भारत के 80 शहरों में आयोजित होने वाली यह परीक्षा बड़ी संख्या में छात्रों के लिए सुलभ है। सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट में जनरल इंग्लिश, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, जनरल अवेयरनैस और एनालिटिकल एवं लॉजिकल रीज़निंग का मूल्यांकन किया जाता है। वहीं एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम परीक्षा इंजीनियरिंग के उम्मीदवारों के लिए है जो फिज़िक्स, कैमिस्ट्री और मैथेमेटिक्स में छात्रों की क्षमता का मूल्यांकन करती है। दोनों परीक्षाओं में तीन से चार सेक्शन्स में 60 बहु-विकल्पी सवाल पूछे जाते हैं, जिसमें नेगेटिव मार्किंग नहीं होती। ऐसे में छात्र आत्मविश्वास के साथ सभी सवालों के जवाब दे सकते हैं। विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए ये टेस्ट छात्रों को मूल्यांकन का तनावरहित एवं व्यापक अनुभव प्रदान करते हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के घर का सपना हो रहा साकार



पायनियर संवाददाता ➤ डौंडीलोहारा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत डौंडीलोहारा के वार्ड क्रमांक 05 में कई वर्षो से कच्चे घर में निवासरत महिला नीरा बाई भांडेकर का घर अब प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत अब पक्का बन कर तैयार हो चुका है। उन्होंने बताया की कच्चे घर में उन्हें अपना जीवनयापन करने में बहोत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बारिश के दिनो मे मिट्टी के बने घर में रहने में बहुत कठिनाई होती थी। भारत सरकार और राज्य शासन की इस अतिकल्याणकारी योजना ने उनके पक्के मकान में जीवनयापन करने का अवसर प्रदान किया है। जिसके लिए उन्होंने भारत सरकार और राज्य सरकार के प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर करते हुए इस योजना की सराहना की और बताया की इस योजना से उनके जीवन में बहुत सकारात्मक बदलाव आए है।

# रिलायंस ज्वेल्स ड्रीम डायमंड सेल स्टोर्स पर हीरे के गहनों की विस्तृत रेंज पर 30प्रतिशत तक की छूट पाएं

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, रिलायंस ज्वेल्स, अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक ड्रीम डायमंड सेल के साथ वापस आ गया है। यह खास ऑफर ग्राहकों को हीरों की कालातीत चमक का जश्न मनाने का मौका दे रहा है। यह सेल 16 फरवरी 2025 तक चलेगी, जिसमें ग्राहकों को डायमंड वैल्यू और मेकिंग चार्जेस पर 30त्न तक की छूट मिलेगी। यह अपने ज्वेलरी कलेक्शन में चमचमाते हीरे जोड़ने का एक बेहतरीन अवसर है। इस साल की ड्रीम डायमंड सेल में हीरे के गहनों की एक विस्तृत रेंज उपलब्ध है, जो हर मौके के लिए उपयुक्त है। चाहे आप अपनी रोजमर्रा की शैली को निखारना चाहते हों या जीवन के अनमोल पलों को यादगार बनाना चाहते हों। स्टेटमेंट ब्राइडल सेट्स, आकर्षक रिंग्स, नाजुक इयररिंग्स, बहुमुखी कंगन और भव्य नेकलेस तक, रिलायंस ज्वेल्स के पास हर शैली और मौके के लिए कुछ खास है। ड्रीम डायमंड सेल के बारे में बात करते हुए, रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ सुनील नायक ने कहा, रिलायंस ज्वेल्स में, हम हीरों के शाश्वत आकर्षण और उनसे जुड़े भावनात्मक मूल्यों को समझते हैं। ड्रीम डायमंड सेल को इस तरह से तैयार किया गया है कि ये कीमती रत्न अधिक सुलभ बनें, ताकि ग्राहक अपने प्रिय पलों का जश्न मना सकें या रोजमर्रा की शान को स्थायित्व प्रदान कर सकें। हमारे बेजोड़ ऑफर्स और डायमंड्स के विशाल संग्रह के साथ, हम इस सीजन में खुशी और चमक फैलाने को लेकर उत्साहित हैं। ड्रीम डायमंड सेल कैंपेन महिलाओं और हीरों के बीच गहरे, कालातीत संबंध को मनाता है, इन रत्नों से जुड़े गहरे भावनात्मक पहलुओं पर जोर देता है। ड्रीम डायमंड सेल एक दिल से भरा हुआ निमंत्रण है, जो गिफ्ट देने की खुशी, खास पलों को चिह्नित करने और गहरी भावनाओं को व्यक्त करने का मौका देती है।

# शिव रतन प्रसाद गुप्ता बने अखिल भारतीय शौंडिक समाज के राष्ट्रीय सयोंजक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शौंडिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिव रतन प्रसाद गुप्ता को अखिल भारतीय शौंडिक समाज का राष्ट्रीय सयोंजक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति हाल ही में आयोजित अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान सर्वसम्मति से की गई। गुप्ता ने इस नियुक्ति पर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वे समाज के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। गौरतलब है कि बीते 11 और 12 जनवरी को छत्तीसगढ़ शौंडिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिव रतन गुप्ता के नेतृत्व में अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल और ऐतिहासिक आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन में देश-विदेश से बड़ी संख्या में शौंडिक समाज के लोग शामिल हुए थे। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, मंत्री रामविचार नेताम, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जंहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शौंडिक समाज को जमीन देने घोषणा की थी। शिव रतन प्रसाद गुप्ता की राष्ट्रीय स्तर पर इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना छत्तीसगढ़ शौंडिक समाज के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे समाज की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और समाज के हितों के लिए और अधिक प्रभावी ढंग से काम किया जा सकेगा। शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने गठित 12 सदस्यी टीम के साथ पूरे देश के सभी राज्यों में जाकर संगठन की मजबूती, सामाजिक जुड़ाव, राजजितिक हिस्सेदारी, विभिन्न विषयों का एजेंड़ा लेकर आगामी फरवरी माह से महाराष्ट्र राज्य कि राजधानी मुंबई से इसकी शुरूआत करने का निर्णय लिया गया है। जिसका रोड़ मैप तैयार किया जा रहा है।

**योगी की पहल से गंभीर पीड़ितों की बची जान**

# पंचायत सदस्य के लिए योगीराज ने ठोकी ताल गांव गांव में समर्थन मांगने जुटे समर्थक

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए एससी आरक्षित सीट होने के बाद अपने अपने क्षेत्र में संभावित प्रत्याशियों ने मैराथन दौड़ शुरू कर दिया है इसी तर्ज पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं महरा समाज जिला अध्यक्ष डॉक्टर योगीराज माखन कश्यप ने भी क्षेत्र क्रमांक 9 एवं 11 से प्रबल दावेदारी पेश करते ताबड़तोड़ तरीके से गांव गांव में जनसमर्थन मांगने का सिलसिला तेज कर दिया है जिसके बाद काफी हद तक क्षेत्र क्रमांक 9 और 11 में समीकरण बिगड़ता नजर आ रहा है क्योंकि उक्त क्षेत्र से ज्यादातर प्रत्याशी सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग से मैदान पर है ऐसे में अध्यक्ष पद हासिल करना मुश्किल होगा शायद ही वजह है कि भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ योगीराज माखन कश्यप ने भी प्रमुखता के साथ जिला पंचायत सदस्य के लिए ताल ठोका है इससे आम जनमानस में भी उल्लेखित क्षेत्र से अध्यक्ष मिलने की उम्मीद बन रही है तभी योगीराज सहित तमाम समर्थकों द्वारा भी जनसंपर्क शुरू कर दिया है इस बीच योगीराज माखन कश्यप ने बताया कि स्थानीय भाजपा वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम जनमानस की आकांक्षाओं के अनुरूप जिला पंचायत सदस्य के लिए दावेदारी पेश किया है और जन भावनाओं को ध्यान में रखते पार्टी भी समर्थन करने की पूर्व उम्मीद है ताकि क्षेत्र के मनसा अनुरूप विकास कार्य को और भी अधिक गति दिया जा सके इसलिए आम जनता के बीच समर्थन मांगा जा रहा है और आम लोगो द्वारा खुलकर आशीर्वाद देने की बात भी योगीराज ने कहा।

### योगी की पहल से गंभीर पीड़ितों की बची जान

डॉक्टर योगीराज माखन कश्यप आम लोगों के बीच लोकप्रिय होने का सबसे प्रमुख कारण यह माना जाता है कि योगीराज माखन के पहल से अब तक क्षेत्र के कई गंभीर पीड़ितों की जान बच चुकी है अगर देवभोग ब्लॉक की बात करें तो मंगिया के हा सी नागेश फेफड़ों के घाव से जिंदगी और मौत के बीच जूझते रहे जिन्हें योगीराज माखन कश्यप ने रायपुर के वीवाई हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड के जरिए स्वयं 10 दिन से मौजूद रहकर उनकी देखरेख में सफल उपचार कराया इसी तरह निष्ठीगुडा के दुर्जन नागेश का भी हार्ट सर्जरी करते जान बचाने में कामयाब रहे इसके अलावा उमावती पात्र को इलाज मुहैया कराने में सफ्लता हासिल किया ऐसे कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों की जान योगीराज माखन कश्यप के बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के चलते जान बचाने में कामयाब रही हैं और यह पहल जिला पंचायत सदस्य की दावेदारी से जीत की राह आसान होने के पूरे आसार दिखाई पड़ रहा है।

### युवाओं के बीच अच्छी पकड़

तत्कालीन सरकार में योगीराज ने राजनीति धर्म निभाते नीतियों का मुखरता के साथ सड़क से लेकर सभा में जोरदार तरीके विरोध दर्ज कर योगीराज युवाओं के बीच काफी ज्यादा पॉपुलरिटी हासिल किया उसके बाद से लगातार युवाओं को जोड़ने की कवायत भी तेज कर दिया मतलब युवाओं के बीच योगीराज माखन कश्यप की अच्छी खासी पकड़ बताई जाती हैं खासकर पीएससी परीक्षा मे कथित घोटाला के बाद युवाओं चर्चित रहे इसलिए भी योगीराज युवाओं ज्यादातर साधने पर नजर आ रहे हैं हालांकि क्षेत्र क्रमांक 11 से अब तक भाजपा से उर्मिला शोभाचंद पात्र पदुलोचन जगत देशबंधु नायक ने भी दावेदारी पेश कर धरातल में कसरत करने की बात सामने आ रही है।

# पी.एम.स्वनिधी योजना बना वरदान





पायनियर संवाददाता ➤ डौण्डीलोहारा
www.dailypioneer.com

केन्द्र सरकार की महत्वकांशी योजना प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना तहत शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका को ध्यान में रखते हुए एक जून 2020 को पीएम स्वनिधि योजना शुरू की नगरीय क्षेत्र में पथ विक्रेताओंको जो स्वयं के व्यवसाय को आगे बढना चाहते हैं प्रथम ऋण के रूप में 10000 द्वितीय ऋण के रूप में 20000 एवं तृतीय ऋण 50000 रूपय ऋण का प्रावधान है। डौण्डीलोहारा निवासी संगम कुमार बाम्बेश्वर बताया की बाजार में आलू प्याज व अन्य सामान ठेला लगा कर व्यवसाय कर रहा है परन्तु लॉकडाउन के समय उनका व्यवसाय पूरी तरह से चौपट हो गया था फिर प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना अंतर्गत 10000 रूपये ऋण लेकर अपने व्यवसाय को फिर से चालू किया जिससे आमदानी में वृद्धी हुई है जिससे अपने परिवार के साथ खुशहाल जिन्दगी व्यतीत कर रहे है उक्त योजना एवं प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का ध्न्यवाद दिया गया है।

# नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत का लक्ष्य लेकर जुट जाएं कार्यकर्ता : रायमुनी भगत

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




आसन्न नगरीय निकाय चुनाव व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विधायक रायमुनी भगत ने कार्यकर्ताओं से नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत का लक्ष्य निर्धारित कर जुट जाने कहा। रायमुनी भगत ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा के ऊर्जावान व कर्मठ कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम व प्रयास से ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है। देवतुल्य कार्यकर्ताओं की सतत सक्रियता का सुखद परिणाम है कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को उखाड़ फेंका और भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया। नजदीक आ गये नगरीय निकाय चुनाव व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी हम सभी कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ भाजपा की जीत का परचम लहराने के लिये दिनरात कार्य करना है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस मुद्दा विहीन हो चुकी है। उनके तमाम फर्जी हथकण्डे जनता समझ चुकी है। सिवाय भ्रम फैलाने व झूठ गढ़ने के अलावा कांग्रेस का कोई काम नहीं रह गया।

नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा जोरदार जीत दर्ज करेगी। नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि बूथ स्तर का सामान्य कार्यकर्ता संगठन के जिलाध्यक्ष पद पर आसीन हो सकता है, यह भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि नगरीय निकाय चुनाव व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा की विजय स्थापित करने के लिये समस्त कार्यकर्ता संकल्प लेकर कार्य करेंगे। बैठक को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश नंदे एवं विक्रमादित्य सिंह जूदेव ने भी संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री मुकेश शर्मा और आभार प्रदर्शन जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश सिन्हा ने किया। उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से जशपुर विधायक रायमुनी भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह, निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जिला महामंत्री मुकेश शर्मा, जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश सिन्हा, वरिष्ठ नेता गोपाल राय, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, शंकर गुप्ता, विक्रमादित्य सिंह जूदेव, भाजयुमो अध्यक्ष शौर्यप्रताप प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, विजय आदित्य सिंह जूदेव, उपेन्द्र यादव, आनंद शर्मा, राजू गुप्ता, सुरेश राम भगत, रजनी प्रधान, शारदा प्रधान, उमा देवी, ममता कश्यप, संतोष सिंह, राजकपूर भगत,देवधन नायक, रूपेश सोनी, शरद चौरसिया, रीना बरला, आरती सिंह, असलम आज़ाद, मुनेश्वर केसर, केशव यादव, ज़मीर इस्लाम जिन्ना, वरुण जैन,विजय सहाय, अरविंद भगत, नेहरू सिंह, सलोने मिश्रा, श्रीनायक मिश्रा, हरिशंकर यादव, श्यामलाल भगत, राजकुमार गुप्ता, अमन शर्मा, गणेश जैन, बॉबी ताम्रकार, इम्तियाज़, दीपक गुप्ता, निखिल गुप्ता, उमेश प्रधान, विकास सोनी, आकाश गुप्ता, नमित सिंह, नीतू गुप्ता, विष्णु सोनी, मुकेश सोनी, आशुतोष राय, शोभापति दीवान, राहुल गुप्ता, अमित साय सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले में उद्योग को प्रोत्साहित करने बेहतर माहौल बनाएं : कलेक्टर

## अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय- सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में उद्योग को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने बेहतर वातावरण बनाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि उद्योग, राजस्व, खनिज, श्रम एवं औद्योगिक सुरक्षा विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से कार्यवाही करें। सयंत्रो में भी किसी शिकायत आदि की जाँच संयुक्त रूप से करें। शिकायत जांच के नाम पर सयंत्रो के काम में व्यवधान न हो। उन्होंने स्कूल एवं अस्पतालों में साफ -सफाई के साथ ही गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने कहा। विभिन्न विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति की लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कार्यालय में उपलब्ध रिक्त पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव पर सहमति लेकर प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार लम्बे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित कर्मचारियों पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने रबी सीजन में किसानों को धान के आलावा अन्य फसल की खेती के लिए प्रोत्साहित करने कृषि एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को बेहतर समन्वय स्थापित कर किसानों के साथ बैठक करने कहा। उन्होंने कहा कि पलारी क्षेत्र में संसाधन विभाग द्वारा खेती के लिए बलार जलाशय से पानी दिया जाएगा। इस पानी का उपयोग किसानों को फसल परिवर्तन के लिए कराएं। बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री सचिवालय, सीपी ग्राम्स, पीजीएन, कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का निराकरण,राज्य एवं केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक मे सीईओ दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, भूपेंद्र कुमार अग्रवाल, मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# यदि छह घंटे पढ़ाई नहीं कर सकते तो आठ घंटे मजदूरी के लिए तैयार रहें : डॉ. जीसी भारद्वाज

## लक्ष्मनेश्वर महाविद्यालय में युवा दिवस का भव्य आयोजन हुआ

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



शासकीय लक्ष्मनेश्वर महाविद्यालय खरौद, जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ में गत दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस का गरिमामय आयोजन हुआ। सर्वप्रथम विद्या के इस पावन मंदिर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. सी. भारद्वाज और प्रो. जी. एन. भतपरे के पूजा अर्चना के बाद छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना फिर स्वागत गान और नृत्य की गरिमामय प्रस्तुति दी गई। फिर प्रो. जी. एन. भतपरे द्वारा युवाओं को प्रेरित करने लक्ष्य गान और सद्भावना गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. सी. भारद्वाज ने युवा दिवस की औचित्य पर अपनी सारगर्भित ब्याख्यान्न देते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर लोगों का ध्यान आकृष्ठ किया. उन्होंने छात्रों को कहा कि यदि अपने लिए छै घंटे पढ़ाई करने से परहेज करते हो तो आठ घंटे दूसरे के लिए मजदूरी करने को तैयार रहो फिर मुख्य अभ्यागत बृजेश सिंह क्षत्रिय अपर कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त रायगढ़ द्वारा छात्रों को केरियर मार्गदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और साक्षातकार के ट्रिप्स दिए गए. इस दौरान छात्र छात्राओं ने आवश्यक प्रश्न भी किये. इस मौके पर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आर. के. सिंह कवर, प्रो. ए. के. नेताम, प्रो. रमेन्द्र लहरे, प्रो. चंद्रभान सिंह, प्रो. अजय कवर प्रो. मन्दाकिनी, प्रो. शानू अग्रवाल, प्रो. अश्वनी केशरवानी, प्रो. विकास दुबे, डॉ. गायत्री गोयल, प्रो. बलराम, प्रो. लीलाधर, सत्यप्रकाश और महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी सहित अजीम प्रेम जी फाउंडेशन से मनीष गुप्ता और अरशद रफी के अतिरिक्त केरा प्राथमिक शाला से चंद्र शेखर देवांगन और अमित शुक्ला तथा मुड़पा स्कूल से ईश्वर शामिल रहे।

# 22 सीटों वाली नगर पालिका परिषद के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com




22 सीटों वाली नगर पालिका परिषद के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई, राजेंद्र शुक्ला नगर पालिका पर्वेक्षक एवं शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने नगर पालिका के सभी वार्डो से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को लेकर चर्चा की। इस दौरान पर्वेक्षक के रूप मे पहुँचे ने कहा कि योग्य और जनाधार वाले उम्मीदवार का चयन किया जायेगा। शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने कहा कि नगर पालिका मे अध्यक्ष पद के लिए पार्टी ने 8 आवेदन प्राप्त किए हैं। एवं पार्षद पद के लिए लगभग 70 लोगो ने आवेदन दिया है,, इस दौरान पत्रकारों से रूबरू होते हुए। पर्वेक्षक शुक्ला ने कहा कि अनारक्षित सीट से जीतने वाले सक्षम उम्मीदवार को ही टिकट दिया जाएगा। प्रदेश की भाजपा सरकार हर लगभग हर मोर्चे मे विफल रही, आने वाले नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीर पंचायत चुनाव मे जनता भाजपा को उसकी वास्तविकता दिखाएगी. शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्त्ता जनता के बीच जाकर प्रदेश सरकार के 13 महीने के निराशाजनक कायर्काल और बढ़ते अपराध पर चर्चा करेंगे। इस दौरान लगभग सभी वरिष्ठ कांग्रेसी सहित उक्त कार्यक्रम में, दावेदारों के साथ साथ, संगठन के पदाधिकारी,पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता सेवादल महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जन जन मे यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने नुककड़ नाटक का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत जन जन मे यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिये जारहागांव के साप्ताहिक बाजार मे नुककड़ नाटक के माध्यम से लोगोँ के बीच जाकर यातयात नियमों का पालन ना करने पर उसके नुकसान के बारे मे बताया गया साथ ही सड़क पर चलाते समय या वाहन चलाते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करने को प्रेरित किया गया सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा. के थीम पर आधारित नाटक के माध्यम से कलाकारों ने सड़क पर नियमों का पालन ना करने पर क्या क्या नुकसान हो सकता है को नाट्य रूपनांतरण कर बताया कि ज़ब भी दुपहिया वाहन चालये हेलमेट लगाएं, नशे मे वाहन ना चलाये, वाहन के कागजात हमेशा साथ रखें, नाबालिक को वाहन चलाने ना दें, उक्त कार्यक्रम मे यातयात प्रभारी उप निरी अमित गुप्ता, स उ नि यशवंत राजपूत, आर सीताराम बर्मन, आर रोशन साहू उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद के पर्यवेक्षक की बैठक



पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद के पर्यवेक्षक ने महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। बैठक में कांग्रेस पार्टी के सभी वार्डों से दावेदार उपस्थित रहे और उन्होंने अपने-अपने आवेदन जमा कराए। इस अवसर पर सभी दावेदारों को पार्टी हित में कार्य करने की शपथ दिलाई गई। पर्यवेक्षक बन कर आये राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि टिकट चाहे किसी को भी मिले, सभी को मिलकर कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करनी होगी। बैठक में पर्यवेक्षक ने कहा कि अनुशासन और एकजुटता से ही पार्टी की जीत संभव है। उन्होंने दावेदारों से अपील की कि चुनावी तैयारियों में पार्टी के उद्देश्य और नीतियों को प्राथमिकता दें। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण व्यक्त किया। दावेदारों ने भरोसा दिलाया कि वे पार्टी के निर्णय का सम्मान करेंगे और नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस को मजबूत बनाएंगे। मुंगेली नगर पालिका परिषद चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने एकजुटता और रणनीति के साथ चुनावी तैयारियों को गति दी है। पर्यवेक्षक की बैठक में सभी दावेदारों की भागीदारी और शपथ ने संगठन की मजबूती का संदेश दिया।

# बगीचा महाविद्यालय में संचालित इंग्लिश क्लब कर रहा स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा द्वारा संचालित इंग्लिश क्लब द्वारा स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं के मार्गदर्शन हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. बीएससी प्रथम वर्ष के स्वाध्याय छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए यह व्यवस्था महाविद्यालय द्वारा की गई जिसमें परीक्षा में आने वाले सवालों लिखने की तकनीक तथा ग्रामर विषय पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही साथ पिछले तीन वर्षों के सवाल पैटर्न पर भी ट्यूटोरियल दिया गया नई शिक्षा नीति 2020 के आने से पाठ्यक्रम में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं स्वाध्यायी छात्र-छात्राएं कई मामलों में इन सब बातों से अनभिज्ञ हैं कार्यशाला के दौरान महाविद्यालय के अंग्रेजी के प्रोफेसर डॉ राजीव रंजन तिग्गा ने स्टूडेंट्स को आश्वासन दिया कि हम पढ़ने के लिए बिल्कुल तैयार हैं बशर्ते आप में लगन होनी चाहिए आप मेहनत कीजिए हम बिल्कुल आपके साथ हैं. डॉ तिग्गा ने ग्रामर को और अधिक मजबूत करने की सलाह दी तथा राइटिंग स्किल्स पर भी ध्यान देने को कहा. निःसंदेह आज की कार्यशाला से स्वाध्यायी छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे कार्यक्रम के संचालन में महाविद्यालय के प्राचार्य शरद कुमार नेताम तथा एन ई पी समन्वयक प्रवीण मिंज की पहल प्रशंसनीय है।

# बिना लाइसेंस की गाड़ी चलाना मतलब अपने आप को रिस्क में डालना : डीएसपी डीके सिंह

- 36 वा सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी में चलाया गया जागरुकता अभियान

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com





कोरबा यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा बीते 1 जनवरी से 36 बा सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है जिसके तहत जिले के अलग-अलग क्षेत्र में यातायात पुलिस के अधिकारी और स्टाफ पहुंचकर सभी आम जनों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए दुर्घटनाओं से सतर्क रहने जागरुक कर रहे हैं इसी कड़ी में यातायात पुलिस कोरबा ने मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी में पहुंचकर यहां अध्यनरत विद्यार्थियों सहित शिक्षकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। इस अवसर पर यातायात पुलिस कोरबा के डीएसपी डीके सिंह ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि अक्सर देखा जाता है कि नाबालिक छात्र-छात्राएं दो पहिया वाहन में तीन सवारी बैठक वाहन चलाते हैं जो की न केवल यातायात नियमों का खुला उल्लंघन है बल्कि दुर्घटनाओं के मद्देनजर यह काफी जोखिम भरा भी है सिंह ने कहा कि इसी तरह बिना लाइसेंस के वाहन चलाना भी अपने आप को रिस्क में डालने जैसा है इसलिए वाहन चलाते समय यातायात नियमों की जानकारी का होना नितांत आवश्यक है उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वह हर हाल में यातायात नियमों का पालन करें साथ ही दूसरों को भी इस हेतु प्रेरित करें इस कार्यक्रम में यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## मुख्य प्रवेश द्वार पर पद्मासन मुद्रा में रावण की प्रतिमा है बाह्य दिवारो पर खजुराहो जैसे मैथून मूर्तियॉ है

# श्वेतगंगा का रामजानकी मंदिर प्राचीन धार्मिक धरोहर

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय मुंगेली से महज 22 किमी. और कबीरधाम से 54 किमी. पूर्व दिशा पर राजकीय मार्ग पर श्वेतगंगा (सेतगंगा अपभ्रंषित नाम) का रामजानकी मंदिर प्राचीन धार्मिक धरोहरो में से एक है। इतिहासकारों के अनुसार मंदिर व कुण्ड का निर्माण 10 वी, 11 वीं शताब्दी का मानते है इस मंदिर की प्रसिध्दि के पीछे अनेक जनश्रृति है। विशालकार्य ग्रेनाइट पत्थरों से तराश कर गर्भगृह के अग्रभाग में खम्भों को स्थापित किया है। श्रीविष्णु, श्रीगणेश सहित अनान्य देवी देवताओं का भव्य प्रतिमाएँ उकेरी गई है। मुख्य प्रवेश द्वार पर पद्मासन मुद्रा में रावण की प्रतिमा है बाह्य दिवारो पर खजुराहो जैसे मैथून मूर्तियॉं है समीप में इस मंदिर से लगा हुआ 100 मी. की दूरी पर एक भव्य सिध्देश्वरी महामाया मंदिर स्थित है जिसे जनभागीदारी से बनाया गया है। माता मंदिर की पश्चिम दिशा में संतशिरोमणी बाबा गुरूघासीदास का मंदिर स्थित है मंदिर के पूर्व दिशा में पवित्र कुण्ड है मांघपूर्णिमा के बेल पर यहॉं चैका आरती का आयोजन होता है यहॉं हर रविवार को जिला का सबसे बड़ा हॉट बाजार भी लगता है माघपूर्णिमा के अवसर पर पांच दिवसीय मेले का आयोजन होता है। 30-35 हजार श्रध्दालू इस अवसर पर आवागम करते है। इस समय सम्पूर्ण देखरेख ग्राम पंचातय/जनपद पंचायत मुंगेली के मार्गदर्शन मे होता है। 22 फरवरी को माघीपूर्णिमा के अवसर पर मेंले का आयोजन होगा। उपरांत बाजार/मेले/मंदिर परिक्षेत्रों में आज पर्यन्त मूलभुत समस्याऐं आज पर्यनत यथावत है। माघीपूर्णिमा सहित अनान्य अवसरों पर भी श्रध्दालुओ की संख्या बढ़ने लगी है तत्कालिन मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह ने सन् 2013 में पर्यटक का दर्जा दिये थे। शासन, प्रशासन, सिध्देश्वरी महामाया सेवा समिति व जनभागीदारी से कुछ विकास कार्य कराया गया हैं जो कि पर्याप्त नही है। शासन, प्रशासन के उदासिनता के कारण आज पर्यन्त यहॉं की विकास अपेक्षाकृत नही हो पायी है मंदिर बाजार व मेला क्षेत्र के चारो तरफगंदगी का अंबार लगा हुआ है। मेले व बाजार में आने वाले व्यवसायिको के लिए बैठन व्यवस्था सुदृण नही है बिजली व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था व शौचालय की व्यवस्था सुदृढ़ नही होने के कारण दर्शनार्थी एवं व्यवसायिको को काफी दिक्कतो का समाना करना पडता है। पर्याप्त बिजली व्यवस्था नही होने के कारण चोर उच्चके भी दुकानदारो एवं श्रध्दालुओ का सामान चुरा लेते है। यदि जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधि इसके स्वरूप में बदलाव लाते तब प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में यहॉं पर्यटक दर्शन व पूजन करने आते यह एक बेहतर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हो जाता। जिससे यहॉं की लोगो की आर्थिक स्थिति भी बदल जाती। परंतु शासन प्रशासन इसकी दशा दिशा बदलने के लिए कोई प्रयास नही करता। जब तक कोई जनप्रतिनिधि अपने निधी से इसे सवारने का प्रयास नही करेंगे तब तक यहॉं का उद्धार हो पाना संभव नही है समिति एवं ग्रामवासियों ने अनेकोबार परिक्षेत्र के विकास के लिए शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ठ कराया है। लेकिन आज पर्यन्त मेले एवं मंदिर परिक्षेत्र का समुचित विकास नही हो पाया है जिससे श्रध्दलुओ में गहरा आक्रोश है।

# छेरछेरा त्योहार धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया



पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छेरछेरा एक पारंपरिक त्योहार है जो छत्तीसगढ़ में मनाया जाता है। छेरछेरा पर्व नई फसल के घर आने की खुशी में पौष पूर्णिमा के दिन छत्तीसगढ़ में बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन दान करने से घरों में धन धान्य की कोई कमी नहीं होती। महादान और फसल उत्सव के रूप में मनाया जाने वाला छेरछेरा त्योहार हमारी सामाजिक समरसता, दानशीलता की और समृद्ध गौरवशाली परम्परा का संवाहक है। इसी दिन मां शाकम्भरी जयंती भी मनाई जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शंकर ने माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी, इसलिये लोग धान के साथ साग-भाजी, फल का दान भी करते हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया तातापानी महोत्सव का शुभारंभ

## विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्याय व लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ✓ बलरामपुर
www.dailypioneer.com





प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तातापानी महोत्सव में शामिल होने आए हुए थे, जिनका हेलीपैड पर पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग, कलेक्टर राजेंद्र कटारा, एसपी बैंकर वैभव रमनलाल, जिला पंचायत सीईओ रेना जमील के द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मौके पर कैबिनेट मंत्री एवं रामानुजगंज विधायक राम विचार नेताम भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तातापानी स्थित तपेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस दौरान स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूल व गुरुकुलम के बच्चों में नैतिक चौरसिया, अंश हलदार, यश गुप्ता, श्रेष्ठ सोनी, नमन थानदार के साथ चकरी एवं मांझा थाम कर पतंगबाजी का आनन्द लिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंदिर प्रांगण में चारपाई पर बैठकर तिलकुट और तिल के लडडू का स्वाद चखा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कन्या विवाह योजना अंतर्गत कराये जा रहे सामूहिक विवाह में सम्मलित हुए। तत्पश्चात् विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए विकास कार्यो के प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले में कुल 177.24 करोड़ रुपए के 198 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 43 करोड़ 14 लाख 78 हजार रुपए के 58 विकास कार्यों का लोकार्पण और 134 करोड़ 09 लाख रुपए के 140 कार्यों का भूमिपूजन के साथ शिलान्यास शामिल है। जिसमें लोक निर्माण विभाग के 04 विकास कार्य लागत राशि 29 करोड़ 39 लाख 63 हजार रुपए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 06 विकास कार्य लागत राशि 01 करोड 45 लाख 75 हजार रुपए,जनपद पंचायत राजपुर के 02 कार्य लागत राशि 40 लाख रूपये,ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के 45 विकास कार्य लागत राशि 7 करोड़ 58 लाख 40 हजार रुपए, पीएमजीएसवाई बलरामपुर के लागत राशि 04 करोड़ 31 लाख रूपये के 01 कार्य शामिल है। भूमि पूजन एवं शिलान्यास अंतर्गत 134 करोड़ 09 लाख रुपए लागत राशि के 140 विकास कार्य शामिल है। जिसमें ग्रामिण यांत्रिकी सेवा के 05 विकास कार्य लागत राशि 03 करोड़ 80 लाख रुपए 70 हजार,जल संसाधन विभाग रामानुजगंज के 12 विकास कार्य लागत राशि 46 करोड़ 36 लाख 83 हजार रुपए,जल संसाधन विभाग बलरामपुर के 05 विकास कार्य लागत राशि 14 करोड़ 33 लाख 52 हजार रूपये, पीएमजीएसवाई बलरामपुर के 14 विकास कार्य लागत राशि 23 करोड़ 35 लाख,पीएमजीएसवाई राजपुर के 26 विकास कार्य लागत राशि 37 करोड़ 04 लाख 25 हजार रूपये, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के 20 विकास कार्य लागत राशि 02 करोड़ 09 लाख 15 हजार रुपए,जनपद पंचायत बलरामपुर में राशि 02 करोड़ के 68 लाख 87 हजार के 23 विकास कार्य शामिल है। नगर पालिका परिषद बलरामपुर अंतर्गत 4.41 की लागत से नालंदा परिसर निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन शामिल है।

# 3 हजार रुपए में श्री बालाजी डेंटल हॉस्पिटल में बनेगी बुजुर्गों की बत्तीसी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



अगर आप अपने दांतों का महंगे ट्रीटमेंट को लेकर परेशान है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि मोवा स्थित श्री बालाजी डेंटल हॉस्पिटल में मरीजों का पूरा इलाज रियायती दरों पर उपलब्ध है। यहां बुजुर्ग मरीज मात्र 3 हजार रुपए में अपनी बत्तीसी बनवा सकते है। बता दें कि यहां 25 दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद है। इसके अलावा यहां परमानेंट डेंटल ट्रांस्प्लांट भी मार्केट से काफी कम दरों पर हो रहा है। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक इस डेंटल अस्पताल में अब न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश-ओडिशा और महाराष्ट्र से भी बड़ी संख्या में मरीज ट्रीटमेंट कराने पहुंच रहे है। पिछले दिनों यहां बालाघाट के एक मरीज का दांत इम्प्लांट किया गया। अब तक उक्त मरीज इम्प्लांट के महंगे खर्चों के कारण अपना दांत नहीं लगवा पा रहे थे. वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल घोम के नेतृत्व में डॉ. विवेक लाड और डॉ. रितुराज समेत 25 से अधिक विशेषज्ञ डेंटिस्ट की पूरी टीम मौजूद है। डॉ. अनिल घोम कहते है कि श्री बालाजी डेंटल हॉस्पिटल में मरीजों को रियायती दरों पर दांतो का इम्प्लांट, हर प्रकार की सर्जरी, दांतो का रूट केनाल ट्रीटमेंट, बुजुर्गों के दांतो की बत्तीसी समेय हर प्रकार का इलाज नई तकनीक से लेस है। रूटकेनाल ट्रीटमेंट, दांतों में केपिंग समेत हर प्रकार के ट्रीटमेंट यहां निजी अस्पतालों की तुलना में काफी रियायती दरों में बिना गुणवत्ता से समझौता किए मौजूद है। श्री बालाजी डेंटल हॉस्पिटल मे 31 मार्च 2025 तक निःशुल्क ओपीडी के साथ निःशुल्क दांतो की सफाई की सुविधा प्रदान की जा रही है साथ मे सभी इलाज पर 50% की छूट दी रही है। यहाँ सभी प्रकार के एडवांस डेंटल ट्रीटमेंट जैसे कि Invisiline, डेंटल इम्प्लांट, स्माइल डिजाइनिंग इत्यादि जैसे सभी प्रकार के एडवांस डेंटल ट्रीटमेंट कि सुविधा उपलब्ध है।

# बीरगांव में अब किरायेदारों को भी मिल रहा पक्का आवास

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम बीरगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत अब किरायेदारों को भी किफायती दरों पर पक्का आवास उपलब्ध कराए जाने हेतु राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा भी योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना में अब तक 696 आवासों की स्वीकृति भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई है। जिसके लिए नए आवेदन एवं आवास आबंटन की प्रक्रिया नगर पालिक निगम बीरगांव के द्वारा की जा रही है। भारत सरकार द्वारा मिली स्वीकृति में अनेक ऐसे हितग्राही है जो पक्का आवास प्राप्त कर खुशी से अपना जीवनयापन कर रहे है। हितग्राहियों में से नर्मदा ध्रुव जो कि अपने पति के साथ बीरगांव के एक कंपनी में मजदूरी का कार्य करती है। मजदूरी करते हुए खुशियों का आशियाना बनाना कठिन होता है। पति पत्नी दोनों ही 25 वर्षों से किराए के मकान में रहकर गुजर बसर कर रहे थे, लेकिन जैसे तैसे मजदूरी कर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं अपना जीवनयापन कर पा रहे थे। मकान बनाना किसी सपने से कम नहीं था। पर यह सब मुमकिन हो पाया प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक मोर मकान-मोर आस से। जिसका उद्देश्य किरायेदारों को उनके जीवन शैली में सुधार के साथ साथ किफायती दरों पर पक्के आवास की सौग़ात देना है। इस योजना के माध्यम से नर्मदा ध्रुव को सिर्फ पक्का आवास ही नहीं मिला बल्कि उनके जीवन शैली में भी परिवर्तन आया। उस पक्के आवास में हितग्राही अपने पूरे परिवार के साथ खुशी से अपना जीवन व्यापन कर रहे है। राज्य के प्रत्येक आवासहीन को पक्का आवास प्राप्त हो सके इस हेतु छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री अरुण साव के द्वारा समय समय पर योजना के प्रगति के संबंध में नियमित समीक्षा भी की जा रही है।

# आयुक्त ने फुण्डहर चौक से डुमरतराई बाजार तक विषेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिये

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजधानी शहर रायपुर के फुण्डहर चौक से डुमरतराई बाजार मार्ग पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, जोन 10 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा एवं जोन के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया। जगह -जगह गंदगी के ढेर कचरा नालियों को जाम पाकर आयुक्त ने सफाई व्यवस्था को लेकर अपनी गहन अप्रसन्नता व्यक्त की। आयुक्त ने जोन 10 जोन कमिश्नर को जोन स्वास्थ्य अधिकारी सहित तत्काल फुण्डहर चौक से डुमरतराई बाजार क्षेत्र मार्ग तक जेसीबी की सहायता से विशेष गैंग भेजकर विषेष सफाई अभियान चलाते हुए मार्गो के किनारे एवं नालियों की तले तक सफाई करवाकर कचरा एकत्रकर उसका तत्काल उठाव जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु प्राथमिकता से सुनिष्चित करवाने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने निर्देशित किया है कि रायपुर शहर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, राजधानी स्मार्ट सिटी के अनुरूप जनअपेक्षित रूप से कायम की जाये। सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जाये एवं नालियों में कचरा डालने वाले लोगो एवं खाली भूखण्डों में गंदगी फैलाने वाले लोगो पर समझाईश देकर जुर्माना व्यवस्था सुधारने किया जाये। सफाई व्यवस्था में सुधार हेतु किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जायेगी एवं जवाबदेही तय करके कडी कार्यवाही की जायेगी। आयुक्त ने खाली भूखण्डों के स्वामियों को नोटिस देकर उनके व्यय से खाली भूखण्डो को साफ करवाने एवं उन्हें नोटिस देकर भविष्य में खाली भूखण्डों को स्वच्छ रखने ग्रीन नेट लगवाने की व्यवस्था उनसे करवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिये है।

# बिजली उपभोक्ताओं के लिए 'बिजली मितान बॉट' सेवा

## मुख्यमंत्री साय की पहल पर नई सुविधा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



### व्हाट्सऐप बॉट का उपयोग कैसे करें

सर्वप्रथम पॉवर कंपनी के व्हाट्सऐप बॉट नंबर 9425551912 को अपने कांटेक्ट लिस्ट में सेव करें। सेव करने के बाद ऊपर दिए गए नंबर पर हाय लिखकर भेजे। इसके बाद आपको भाषा (हिंदी/अंग्रेजी) का चयन करना होगा। भाषा चयन के बाद आपके द्वारा जिस नंबर से चैट किया जा रहा है, उस नंबर से पंजीकृत उपभोक्ता क्रमांक प्रदर्शित होने लगेगा, जिस उपभोक्ता क्रमांक की जानकारी आपको लेनी है उसे सेलेक्ट करना होगा। इसके बाद आपको बॉट में उपलब्ध उपभोक्ता सेवाओं की लिस्ट प्रदर्शित होने लगेगी, इसके पश्चात आपके इनपुट के आधार पर बॉट उपभोक्ता सेवाओं की जानकारी आपको उपलब्ध करा दी जाएगी। ऐसे उपभोक्ता जिनका उपभोक्ता क्रमांक मोबाइल नंबर के साथ पंजीकृत नहीं है वे अपने मोबाइल नंबर का पंजीकरण मोर बिजली ऐप, कंपनी की वेबसाइट (सीएसपीडीसीएल.को.इन), कॉल सेंटर 1912 एवं अपने बिजली ऑफिस के माध्यम से कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किये गये सुशासन के आव्हान से प्रेरित होकर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ता सेवाओं में विस्तार करते हुए 'बिजली मितान बॉट' की सुविधा अपने लगभग 64 लाख उपभोक्ताओं के लिए प्रारम्भ की जा रही है। वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर द्वारा समस्त उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठायें। कंवर द्वारा विद्युत कर्मियों से अपील की गई है कि वे इस नई सुविधा के संबंध में उपभोक्ताओं को समुचित जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें इसका लाभ लेने हेतु प्रेरित करें। व्हाट्सऐप बॉट का उपयोग करने के लिए पावर कंपनी के व्हाट्सऐप बॉट नंबर 9425551912 पर हाय लिखकर भेजना होगा, वही वेब बॉट का उपयोग करने के लिए डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की वेबसाइट सीएसपीडीसीएल. को. इन विजिट करना होगा। पहले चरण में उपभोक्ता बिजली मितान बॉट के माध्यम से बिजली आपूर्ति, ट्रांसफार्मर खराबी एवं बिजली दुर्घटना से सम्बंधित शिकायत आसानी से दर्ज कर सकते हैं, साथ ही साथ उसकी स्थिति भी इस बॉट के माध्यम से जान सकते हैं। अगर उपभोक्ता को अपनी बकाया राशि, अंतिम बिल और अंतिम भुगतान की जानकारी जाननी हो तो भी 'बिजली मितान बॉट' के माध्यम से जान सकते हैं। कुछ उपभोक्ताओं को बिल प्राप्त न होने की शिकायत रहती है वे भी अब बड़ी आसानी से इस बॉट के माध्यम से बिल की पीडीएफ प्रति यहाँ से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकरी भी इस बॉट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। निकट भविष्य में इस बिजली मितान बॉट में बिजली बिल भुगतान, मोबाइल नंबर पंजीकरण, नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन, लोड परिवर्तन, नाम परिवर्तन, टैरिफ की जानकारी, बिजली चोरी की सूचना देने की सुविधा, स्मार्ट मीटर से संबंधित जानकारी के साथ-साथ अन्य कई प्रकार की उपभोक्ता सेवाएं इस बॉट के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

# भाजपा के प्रयास से पिछड़ा वर्ग को मिल रहा अधिकतम 50 प्रतिशत आरक्षण

## कांग्रेस इसे शून्य करवाना चाहती थी : अरुण साव



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि हमने इस बात को सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है कि अनारक्षित सीटों पर पिछड़े वर्ग को अधिक प्रतिनिधित्व देंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले की स्थिति बहाल रहेगी एवं पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगी। प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि कांग्रेस केवल झूठ की राजनीति करती है, वह मुद्दों के अभाव से जूझ रही है राजनीतिक पतन की तरफबढ़ रही है इसलिए केवल वर्ग संघर्ष की बात करना, प्रदेश में माहौल खराब करने का प्रयास करना, षड्यंत्र करना यही कांग्रेस का काम रह गया है। प्रदेश भाजपाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने तो वास्तव में ओबीसी आरक्षण के विरोध में कोर्ट जाने वाले और ओबीसी का आरक्षण रोकने वाले लोगों को पुरस्कृत करने का काम किया है। भाजपा कांग्रेस के सभी षडयंत्र उजागर करती रहेगी और कांग्रेस का झूठ अब चलने वाला नहीं है। प्रेस वार्ता में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने विस्तार से आरक्षण के प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा से ओबीसी विरोधी रही है। साव ने कहा कांग्रेस हमेशा पिछड़ा वर्ग का विरोधी रही है। वह आरक्षण के खिलाफ रही है। तब की कांग्रेस सरकार द्वारा 'कालेलकर आयोग' की अनुशंसा को ठंडे बस्ते में डाल देने के बाद आगे फिर 'मंडल आयोग' तक का इंतज़ार करना पड़ा। पंडित नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक के आरक्षण विरोधी वक्तव्यों के अनेक संदर्भ आपको गाहे ब गाहे दिख भी जायेंगे। मसलन 1961 में मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में पंडित नेहरु ने कहा था कि आरक्षण से अक्षमता और दोयम दर्जे का मानक पैदा होता है। इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग की संस्तुति से किनारा कर लिया था। राजीव गांधी ने तो यहां तक कह दिया था कि आरक्षण से हम बुद्धुओं को बढ़ावा देते हैं। इस प्रकार बार-बार प्रमाणित हुआ है कि कांग्रेस पूरी तरीके से आरक्षण विरोधी रही है। आरक्षण संबंधी सभी संवैधानिक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए साव ने कहा कि देश के संसद में 73वां 74वां संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा सशक्त और जवाबदेह पंचायत एवं नगर पालिका बनाने का प्रावधान संविधान में किया गया और साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े हुए नागरिकों के किसी भी वर्ग के पक्ष में आरक्षण के लिए उपबंध (प्रावधान) करने का अधिकार राज्य के विधान मंडल को दिया गया है।

# अजय तिवारी ने बेच डाली जैतूसाव मठ ट्रस्ट की 107 एकड़ जमीन

## महंत राम आशीष दास ने लगाया आरोप



**रायपुर।** जैतूसाव मठ ट्रस्ट की जमीन में बंदरबांट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले में जैतूसाव मठ पुरानी बस्ती के महंत रामआशीष दास ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। महंत रामआशीष दास ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर ट्रस्ट के पदाशिकारियों पर कूट रचना के आधार पर जमीनों की बन्दरबाट का आरोप लगाया है। साथ ही मामले में न्यायिक जाँच कर ट्रस्ट की जमीन को वापस दिलाने की मांग की है। महंत रामआशीष दास ने बताया कि सन 1988 से 2007 तक लगातार महंत लक्ष्मी नारायण दास के नाम पर दर्ज भूमि को अजय तिवारी और अन्य रसूखदारों के द्वारा उत्तराधिकारी बनकर बेचा गया, जो कि नियम के विपरीत व घोर अपराध है। इन रसूखदारों ने ग्राम धरमपुरा में जैतूसाव मठ, हनुमान मंदिर और गोपीदास मंदिर की 107 एकड़ जमीन की कूटरचना कर नामचीन हस्तियां को बेच दिया।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403